खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32⁰C
न्यूनतम: 25⁰C

मुरादाबाद, बुधवार 10 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 26 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




नोएडा की बिल्डटेक कंपनी को हाईकोर्ट का झटका
पेज 2




एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल
खेल टाइम्स



श्रीलंका व बांग्लादेश के बाद अब नेपाल
सम्पादकीय



मानहानि केस में ट्रम्प को राहत नहीं, देने होंगे 733 करोड़
पेज 12

## दूसरे दिन भी हिंसा-आगजनी के बाद हालात हुए और बदतर

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी को जिंदा जलाया

## पूर्व पीएम शेर बहादुर को घर में घुसकर पीटा, वित्त मंत्री को दौड़ा-दौड़ा कर मारा

### 1500 कैदी जेलों से बाहर निकले

काठमांडू, वार्ता

**नेपाल में** हिंसक घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पद से इस्तीफा दे दिया। सेना का एक हेलीकॉप्टर उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गया है। इसके तुरंत बाद खबर आई कि राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने भी अपना इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, ये खबर सही नहीं थी। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया है।

राजधानी काठमांडू में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं और सुरक्षा बल हालात को काबू में लाने में नाकाम दिख रहे हैं। देश में हिंसक प्रदर्शनों ने हालात को और बिगाड़ दिया है। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व पीएम झालानाथ खनाल के घर में आग लगा दी। घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार थीं। वह गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में हुई झड़पों और आगजनी में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगा दी और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल और गृहमंत्री के निजी आवासों पर भी हमला कर तोड़फोड़ और आगजनी की। गुस्साए -शेष पृष्ठ दो पर



- पीएम केपी शर्मा ओली का इस्तीफा
- राष्ट्रपति ने पद नहीं छोड़ा, प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया
- प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगाई

### भारत की नेपाल में बातचीत से मुद्दों का समाधान करने की अपील

**नई दिल्ली।** भारत ने नेपाल में ताजा घटनाक्रम को देखते हुए सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने तथा बातचीत के जरिये मुद्दों के समाधान पर जोर देते हुए वहां रह रहे अपने नागरिकों से सतर्कता बरतने को कहा है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि भारत नेपाल के घटनाक्रम पर नजदीकी से नजर बनाए हुए है। वक्तव्य में कहा गया है कि हम सोमवार से नेपाल में हो रहे घटनाक्रम पर नजदीकी से निगाह बनाए हुए हैं और कई युवाओं की जान जाने से बेहद दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना करते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत नेपाल का घनिष्ठ मित्र और पड़ोसी होने के नाते आशा करता है कि सभी संबंधित पक्ष संयम बरतेंगे और शांतिपूर्ण तरीकों और बातचीत के ज़रिए किसी भी मुद्दे का समाधान करेंगे।

### भारत ने अपने नागरिकों को नेपाल न जाने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** भारत ने नेपाल के मौजूदा घटनाक्रम को देखते हुए अपने नागरिकों को स्थिति सामान्य होने तक नेपाल यात्रा पर नहीं जाने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां इस संबंध में एक परामर्श जारी करने के साथ-साथ वहां रह रहे भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किए हैं। भारत ने लोगों से कहा है कि वे अपने निवास स्थान पर ही रहें तथा सड़कों पर निकलने से बचें। परामर्श में कहा गया है कि भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे स्थिति स्थिर होने तक नेपाल की यात्रा स्थगित कर दें। अभी नेपाल में मौजूद भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने वर्तमान निवास स्थान पर ही रहें, सड़कों पर निकलने से बचें और पूरी सावधानी बरतें। उन्हें नेपाल के अधिकारियों और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी स्थानीय सुरक्षा सलाह का पालन करने की भी सलाह दी जाती है। किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर वे कृपया काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों पर बात कर सकते हैं। ये नंबर 977 – 980 860 2881 (व्हाट्सएप कॉल भी) और 977 – 981 032 6134 (व्हाट्सएप कॉल भी) हैं।

### एयर इंडिया ने काठमांडू की सभी उड़ानें रद्द की

**नई दिल्ली।** नेपाल में बिगड़े हालात के मद्देनजर एयर इंडिया ने काठमांडू के लिए मंगलवार की सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से काठमांडू के लिए मंगलवार को चार उड़ानें थीं और सभी को मंगलवार को रद्द कर दिया गया है। वापसी की भी सभी उड़ानें रद्द रहेंगी। प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि काठमांडू में मौजूदा स्थिति को देखते हुए दिल्ली-काठमांडू-दिल्ली मार्ग की उड़ानें एआई2231/2232, एआई 2219/2220, एआई 217/218 और एआई211/212 को आज रद्द कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि हम स्थिति पर नजदीक से नजर रखे हुए हैं और आगे अपडेट साझा करते रहेंगे। एयर इंडिया में यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

### रामदेव के बयान मामले में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष केंद्र सरकार नें कहा कि कोविड-19 के दौरान योग गुरु बाबा रामदेव पर छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से दर्ज मुकदमे में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल कर दी गई है। बाबा रामदेव पर ये मुकदमा एलोपैथी के खिलाफ उनके कथित तौर पर की गई टिप्पणियों के मामले में दर्ज की गई थी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने क्लोजर रिपोर्ट के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि किसी स्वार्थ की पूर्ति के लिए बाबा रामदेव के खिलाफ शिकायत प्रायोजित की गई थी। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बाबा रामदेव का पक्ष रखा।

## राधाकृष्णन बने देश के 15वें उपराष्ट्रपति

### 'इंडिया' के सुदर्शन रेड्डी को 152 वोट से हराया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुनाव जीत गए हैं। राधाकृष्णन को कुल 452 वोट मिले, वहीं इंडिया कैंडीडेट सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले।

राधाकृष्णन ने 152 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। बीआरएस और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक की पार्टी बीजेडी ने उपराष्ट्रपति चुनाव से किनारा किया। दोनों पार्टियों ने किसी भी गठबंधन का समर्थन नहीं किया। राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजद के 7 सांसद हैं। लोकसभा में इकलौते सांसद वाले शिरोमणि अकाली दल ने भी पंजाब में बाढ़ के चलते वोट डालने से इन्कार कर दिया। वाईएसआरसीपी के 11 सांसदों ने पहले ही एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में वोट करने का फैसला किया था। चुनाव जीतने के बाद राधाकृष्णन अब जगदीप धनखड़ की जगह लेंगे। धनखड़ ने 21 जुलाई को खराब सेहत का हवाला देकर अपने पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। मंगलवार सुबह 10 स

शाम 5 बजे तक कुल 768 सांसदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वर्तमान दोनों सदनों को मिलाकर 7 सीटें रिक्त हैं। इस तरह कुल 781 सांसदों को वोट करना था, जिसमें से 12 सदस्य वोटिंग में शामिल नहीं हुए। इनमें बीआरएस के चार, बीजेडी के सात और अकाली दल के एक सदस्य ने वोट नहीं डाला। एनडीए के सभी 427 सांसदों ने वोट डाले। बता दें कि, उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में कुल 788 सदस्य होते हैं। 245 राज्यसभा से और 543 लोकसभा से। राज्यसभा के 12 मनोनीत सदस्य भी चुनाव में मतदान के पात्र होते हैं।



## सोने की कीमत ₹1.10 लाख के पार पहुंची

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में मंगलवार को जबरदस्त उछाल देखने को मिला। घरेलू वायदा बाजार में सोना 458 रुपये चढ़कर पहली बार 1,10,047 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया।

यह बढ़ोतरी अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में आई तेजी और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी के चलते आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर दिसम्बर डिलीवरी के लिए सोने का वायदा भाव 458 रुपये या 0.41 फीसदी बढ़कर 1,10,047 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, अक्टूबर डिलीवरी वाले सबसे ज्यादा कारोबार किए जाने वाले कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 482 रुपये या 0.44 फीसदी उछलकर 1,09,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वहीं विदेशी बाजारों में भी सोना नए शिखर पर पहुंच गया। अमेरिकी बाजार कामेक्स में दिसम्बर डिलीवरी वाला सोना 3,694.75 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।



### जमीन पर कब्जा भारत में जीत का पैमाना: सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि युद्ध के दौरान जमीन पर कब्जा ही भारत में जीत की असली 'करेंसी' या पैमाना है। इस वजह से थल सेना की भूमिका हमेशा सबसे अहम रहेगी। जनरल द्विवेदी दिल्ली में ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले महीने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात हुई। उन्होंने भी सिर्फ जमीन के आदान-प्रदान को लेकर चर्चा की। आर्मी चीफ की यह टिप्पणी वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के बयान के दो हफ्ते बाद आई है।

## पंजाब को ₹1600 करोड़ की अतिरिक्त मदद की घोषणा

**चंडीगढ़।** पीएम मोदी ने पंजाब में हाल की बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने राज्य को 1600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय मदद देने की घोषणा की है।

**बाढ़ पीड़ितों से मिले पीएम मोदी**



इसके अलावा, पंजाब के पास पहले से ही 12,000 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं। यह मदद बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई करने और लोगों को फिर से खड़ा करने में इस्तेमाल होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे क्षेत्र को ठीक करने के लिए कई तरह के कदम उठाए जाएंगे, जैसे घरों का दोबारा निर्माण, सड़कों की मरम्मत, स्कूलों को ठीक करना और पशुओं के लिए मदद। खासतौर पर किसानों की मदद पर जोर दिया गया है। जिन किसानों के पास बिजली कनेक्शन नहीं है, उन्हें विशेष सहायता दी जाएगी। बाढ़ में खराब हुए बोरवेल या नष्ट हुए -शेष पृष्ठ दो पर

### राहुल गांधी भी करेंगे हिमाचल तथा पंजाब का दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद अब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी बाढ़ ग्रस्त हिमाचल और पंजाब का दौरा करेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार श्री गांधी की यात्रा का समय अभी निश्चित नहीं हुआ है लेकिन वह इसी सप्ताह हिमाचल प्रदेश और पंजाब जाएंगे और वहां बाढ़ पीड़ितों से भी मुलाकात करेंगे। सूत्रों ने बताया कि श्री गांधी बाढ़ की स्थिति पर बराबर नजर रखे हैं और उनका कहना है कि वह पीड़ितों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उनका कहना था कि श्री गांधी बाढ़ की स्थिति को लेकर बराबर हिमाचल सरकार के संपर्क में है।

## AI-जनरेटेड कंटेंट के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचीं ऐश्वर्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

- वकील ने कहा- उनके नाम-तस्वीरों का इस्तेमाल यौन इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा
- पर्सनैलिटी राइट्स का हो रहा उल्लंघन




**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई और बिना इजाजत उनकी फोटो, नाम, पहचान और एआई जनरेटेड अश्लील कंटेंट के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कोर्ट से कहा कि उनके पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन हो रहा है।

एक्ट्रेस के वकील संदीप सेठी ने कोर्ट में कहा कि भ्रामक प्रचार और फायदे के लिए ऐश्वर्या राय की पहचान का धड़ल्ले से गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐश्वर्या की अश्लील, छेड़छाड़ की गई और एआई जनरेटेड तस्वीरें ऑनलाइन फैलाई जा रही हैं। संदीप सेठी ने इसे ऐश्वर्या की गरिमा और अधिकारों का गंभीर उल्लंघन बताया। उन्होंने कंटेंट की विचलित करने वाली प्रकृति पर जोर देते हुए कहा कि एक्ट्रेस की तस्वीरों का इस्तेमाल किसी की यौन इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए किया जा रहा है। एक्ट्रेस के वकील संदीप सेठी ने उन वेबसाइटों के बारे में बताया जो खुद को ऑफिशियल प्लेटफॉर्म बताकर ऐश्वर्या के नाम और उनकी तस्वीर वाले मग, टी-शर्ट और ड्रिंक प्रोडक्ट्स सहित कई अन-ऑथोराइज्ड सामान बेच रहे हैं। लाइव लॉ के अनुसार, मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस तेजस करिया ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और वे लोग, जो ऐश्वर्या की तस्वीरें बदलकर या उनकी पर्सनैलिटी बिना इजाजत इस्तेमाल कर रहे हैं, उन पर रोक लगाई जाएगी। कोर्ट ने कहा कि ऐश्वर्या राय बच्चन की पब्लिसिटी और पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए इंजंक्शन ऑर्डर पास किया जाएगा। अब इस मामले की अगली सुनवाई 15 जनवरी 2026 को होगी। बता दें कि इंजंक्शन ऑर्डर कोर्ट का वह ऑर्डर होता है, जिसमें किसी को गैरकानूनी या बिना अनुमति वाला काम रोकने के लिए कहा जाता है।

## कुल्लू में लैंडस्लाइड, 5 मरे, लद्दाख में हिमस्खलन, 3 जवान शहीद

- गुजरात में पानी में करंट आने से दो लोगों की गई जान

**नई दिल्ली।** कुल्लू में सोमवार रात लैंडस्लाइड से टूटे घर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

उधर लद्दाख के सियाचिन बेस कैम्प में हिमस्खलन के बाद तीन जवान शहीद हो गए हैं। एक कैप्टन को बचा लिया गया है। शहीद जवान महार रेजिमेंट के हैं। बचाव दल के सैनिक लगभग 5 घंटे तक बर्फ में फंसे रहे। हिमाचल प्रदेश के गुजरात के अहमदाबाद में सोमवार रात बाइक सवार कपल पानी भरी सड़क से गुजर रहा था। रास्ते में गड्ढे में करंट का तार था, जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। यूपी में गंगा, यमुना समेत सभी बड़ी नदियां उफान पर हैं। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़ गए हैं।

## एक नजर

### सियालदह एक्सप्रेस का चंदक स्टेशन पर ठहराव



**चंदक।** सियालदह एक्सप्रेस का चंदक (चंदोक) रेलवे स्टेशन पर पुन: ठहराव शुरू होने पर क्षेत्रवासियों और यात्रियों में खुशी की लहर दौड़ गई। ट्रेन के ठहरने पर बड़ी संख्या में लोग स्टेशन पर एकत्र हुए और ट्रेन का स्वागत किया। लोगों ने ट्रेन के ड्राइवर और गार्ड का माल्यार्पण कर स्वागत किया और मिठाई खिलाई। स्टेशन अधीक्षक शिवचरण मीना व स्टेशन मास्टर अमित राजपूत को भी बधाई दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव चौ. ब्रजवीर सिंह, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र आचार्य, पूर्व विधायक सुखवीर सिंह, महावीर सिंह, वीरपाल सिंह, रणवीर सिंह, ओम सिंह, विकास कुमार, महेश कुमार, अनिल कुमार, डॉ. शौ सिंह, आशु गुप्ता, राजू रस्तौगी, अनिल राजपूत, बिजेन्द्र सिंह आदि बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। रालोद नेताओं ने बिजनौर सांसद चंदन चौहान की जयकार के नारे लगाए और स्टोपेज के लिए उनके प्रयासों के लिए आभार जताया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस ठहराव से यात्रियों को सहूलियत मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों का भी चंदक स्टेशन पर ठहराव कराया जाएगा।

### बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

**चंदक।** चंदोक उर्फ छिंदोक के ग्रामीणों ने आपस में एकत्र कर पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव चौधरी ब्रजवीर सिंह के नेतृत्व में सभी ग्रामवालों के सहयोग से अपने ग्राम छिंदोक से पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए कुछ धनराशि और राहतल सामग्री भेजने का काम किया। समरपाल सिंह, वीरपाल सिंह, तेजपाल सिंह, अभिषेक कुमार, नरेंद्र कुमार, मोहित चौधरी, मनीष कुमार, रोहित कुमार, सुनील शर्मा आदि ग्रामीणों द्वारा इस कार्य में सहयोग किया गया।

### मौन मानसिक जप के बाद हुआ दीप यज्ञ

**बिजनौर।** साकेत कॉलोनी (नेहरू स्टेडियम के सामने) में नवनिर्मित गायत्री ज्ञान मंदिर पर प्रात: नौ बजे से सायं चार बजे तक गायत्री महामंत्र का मौन मानसिक जप तदुपरान्त दीप यज्ञ के माध्यम से सम्पन्न हुआ। जप यज्ञ का शुभारम्भ श्री गोविन्द राम गुप्ता (सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य-वर्धमान डिग्री कॉलेज बिजनौर) के द्वारा सपत्नीक दीप प्रज्वलित कर किया गया। साकेत कॉलोनीवासी श्रद्धालु भाई-बहनों ने बड़ी श्रद्धा भाव से काफी संख्या में भागीदारी की। समापन में श्री इन्द्रदेव शर्मा के द्वारा युग परिवर्तन के इस क्रांतिकारी समय में सबको ही अनेक प्रकार के प्राकृतिक विप्लवों, सामाजिक-राजनीतिक एवं दुर्बुद्धि जनित पारिवारिक समस्याओं से बचने के लिए गायत्री महामंत्री का कवच बताया।

### चंद्रपाल सिंह आर्य बने जिला प्रधान

**बिजनौर।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की आम सभा की एक बैठक ग्राम स्वाहेड़ी स्थित जूनियर विद्यालय में पूर्व एजेंडे के अनुसार प्रात: 10 बजे से कुलदीप सिंह आर्य की अध्यक्षता और राजपाल सिंह आर्य जिला मंत्री के संचालन में प्रारंभ हुई। जिसमें ईश्वर स्तुति के उपरांत परिचय किया गया। प्रथम प्रस्ताव में जनपद के आर्य समाजों में भूसंपत्ति को खुर्दबुर्द करने पर रोक लगाने, सभी आर्य समाज में साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग अवश्य होने चाहिए। कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्थान मेले में वेद प्रचार शिविर लगाए जाने के लिए सात सदस्यीय समिति बनाई गई। काफी समय से खाली चल रहे प्रधान पद पर चंद्रपाल आर्य को आर्य प्रतिनिधि सभा बिजनौर के प्रधान पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जिले भर की आर्य समाजों के प्रतिनिधि और जिला पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सर्वश्री सुबोध आर्य, घासीराम आर्य, योगेश शर्मा, सुरेंद्र सिंह आर्य, रमेशचंद्र आर्य, महाशय जयप्रकाश आर्य, हरि प्रसाद शास्त्री, कुमरपाल आर्य, प्रमिला आर्य, उत्कर्ष आर्य, गौरव आर्य, सौरभ आर्य, तेजपाल सिंह आर्य, कल्याण सिंह आर्य, बृजपाल शर्मा, ऋषिराम आर्य, डॉ. गुलाब सिंह, ओमप्रकाश आर्य आदि सैकड़ों आर्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### गोल्डन लायंस क्लब ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**नूरपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर की सामाजिक संस्था गोल्डन लायंस क्लब ने क्षेत्र के ग्राम जाफराबाद कुरई के पूर्व माध्यमकि विद्यालय में शिक्षक समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में क्लब की ओर से पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक इशरत अली व प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मौहम्मद नौशाद को क्लब की अध्यक्ष डॉ. जसविंदर कौर न प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्लब की सेक्रेटरी डॉ. मोना यादव, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कौर, डॉ. कुन्तेश सैनी, सारिका चौधरी, जसवीर कौर, राकेश यादव व शिक्षक ब्रजराज सिंह, आजाद उस्मानी, अभिषेक, महेश कुमार, पूनम देवी आदि उपस्थित रहे।

### चंदक में अब अलग फीडर से सप्लाई मिलेगी

**चंदक।** स्थानीय विद्युत उपकेंद्र पर आज कस्बे को सप्लाई देने के लिए चंदक फीडर की नई ट्राली का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिससे अब चंदक को अलग फीडर से सप्लाई मिलेगी तथा विद्युत सप्लाई में सुधार होगा। काफी समय से कस्बेवासी चंदक के अलग फीडर की मांग कर रहे थे। विदित हो कि कस्बे को गैबलीपुर फीडर से सप्लाई की जाती थी। जिस पर एक दर्जन से अधिक ग्राम जुड़े थे। किसी ग्राम में फाल्ट होने पर पूरा फीडर बंद होता था। कस्बे की भी सप्लाई बाधित हो जाती थी। अब विद्युत आपूर्ति में सुधार होगा। इस अवसर पर अवर अभियंता नेमचंद कर्णवाल, क्षेत्रवासी महेश कुमार, रणवीर सिंह, अनिल राजपूत, ओमप्रकाश आदि व बिजलीघर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तटबंध अभी सुरक्षित: डीएम

## युद्धस्तर पर किए जा रहे सभी आवश्यक उपाय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि तटबंध अभी सुरक्षित है तथा तटबंध को सुरक्षित रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक उपाय एवं प्रयास युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं। मौके पर मौजूद जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहे हैं कि तटबंध को आज मरम्मत करके पानी पूरा रोक दिया जाए।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में जिला, तहसील, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीण भी तटबंध को सुरक्षित रखने के प्रयास में जिला प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने जब सामान्य का आहवान किया कि उक्त संबंध में किसी भी अफवाह से बचें और बिना किसी अधिकारित पुष्टि के किसी अफवाह पर विश्वास न करें। उन्होंने बताया कि नदी में पानी कम हो रहा है और



वर्तमान में समस्त आबादी सुरक्षित है। मौके पर स्वयं जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, सिंचाई विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी आदि सब मौके पर मौजूद हैं।

उन्होंने जन सामान्य से अपील करते हुए कहा कि तटबंध के करीब जाने का प्रयास न करें और किसी भी अवस्था में वहां के फोटो, वीडियो अथवा रील बनाने का प्रयास न करें। क्योंकि इस प्रकार मरम्मत के कार्य में अवरोध उत्पन्न होता है। वहीं स्वयं उनके लिए भी घातक सिद्ध हो सकता है।

# टीईटी को अनिवार्य बनाना पूर्णत: अनुचित एवं अन्यायपूर्ण



## उ.प्र. प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला मुख्यालय में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने की तथा संचालन जिला मंत्री प्रशांत सिंह एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी मौहम्मद जावेद ने बताया कि बैठक में सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश पर गहन विचार-विमर्श किया गया। शिक्षकों ने यह स्पष्ट किया कि 25 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी को अनिवार्य बनाना पूर्णत: अनुचित एवं अन्यायपूर्ण है, जिससे शिक्षकों में गहरी निराशा और आक्रोश व्याप्त है।

बैठक में सभी जनपद बिजनौर के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक मंत्री तथा जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे और सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रांत से प्राप्त निर्देश के क्रम में 16 सितम्बर 2025 को पूरे प्रदेश के साथ-साथ जनपद बिजनौर में भी ज्ञापन कार्यक्रम किया जाएगा। इसके अंतर्गत सभी शिक्षक एकत्रित होकर जिला अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री जी को ज्ञापन प्रेषित करेंगे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे 16 सितम्बर को होने वाले ज्ञापन कार्यक्रम में पूर्ण शक्ति और शांति के साथ एकजुट होकर प्रतिभाग करें। जिला संयुक्त मंत्री विपिन शर्मा ने कहा कि संगठन ने अब आंदोलन की चिंगारी जला दी है। जब तक न्याय नहीं मिलेगा, संगठन चुप बैठने वाला नहीं है। ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी ने कहा कि संगठन हमेशा शिक्षकों के साथ खड़ा है और प्रांत से प्राप्त निर्देशानुसार यह ज्ञापन कार्यक्रम पूरी शांति से किया जाएगा ताकि सरकार को शिक्षकों की पीड़ा को समझ सके।

बैठक में विशेष रूप से जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार, कामेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अंशु प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष असीम चौहान, जिला संगठन मंत्री, देवेंद्र कुमार, सुहेल अख्तर बेग, जिला संयुक्त मंत्री यशवीर सिंह, जिला प्रचार मंत्री तरनजीत कौर मालिक, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी, रामनाथ सिंह, गर्वित चौधरी, गिरीश कुमार, मुनीश कुमार, कुलदीप चौधरी, नवनीत चौहान, अमरदीप, नितिन चौहान एवं ब्लॉक मंत्री धर्म सिंह, मुदस्सिर नजर, अरुण कुमार, रिहान अली, गीता रानी, अमित सिसौदिया, विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए भाकियू मैदान में

## सैकड़ों कुंतल गेहूं इकट्ठा कर जिला कार्यालय पर जमा कराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पंजाब में आई बाढ़ के पीड़ितों की सहायता के लिए भाकियू पदाधिकारियों ने नजीबाबाद तहसील के ग्राम इस्माईलपुर, बड़ा पैमार, रतनपुर, पदारतपुर, दाऊदपुर नन्हेड़ा आदि गांवों से सैकड़ों कुंतल गेहूं किसानों से इकट्ठा करके जिला कार्यालय जमा कराया। जहां से इसे पंजाब में आई भयंकर बाढ़ से पीड़ितों के लिए भेजा जाएगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सामने आ गए हैं। वह बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए गेहूं व अन्य सामान एकत्र कर रहे हैं। इसमें ग्राम इस्माइलपुर से लगभग 30 कुंटल, बड़ा पैमार से 15 कुंतल, रतनपुर से 11 कुंतल, गढ़वाला से 10 कुंतल, दाऊदपुर से



15 कुंतल अनाज, कुछ अन्य खाद्य सामग्री व 51 हजार नकद धनराशि इकट्ठा की गई। अनाज इकट्ठा करने वालों में जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्यम तोमर, सूरज सिंह, राविंद्र तोमर, सोनू गिरिराज, बंटी तोमर, नरेंद्र सिंह उर्फ पप्पू, सोमवीर सिंह, मोहित तोमर, राजू बाबू, पीतम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया



**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद नजीबाबाद के द्वारा वर्ष 2025 में सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया गया । रवां राजपूत धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक उपस्थित हुए। ब्लॉक अध्यक्ष रोहताश सिंह व मंत्री बलवंत सिंह, जिला उपाध्यक्ष शशि रानी और जिला कार्यकारिणी समिति सदस्य मदन गोपाल टांक द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंवरपाल सिंह संरक्षक ने की और संचालन मदन गोपाल टांक जिला कार्यकारिणी सदस्य द्वारा किया गया। सेवानिवृत शिक्षक मदन गोपाल चौहान, ऋषिपाल फौजी और बृजरानी को सम्मानित किया गया। समारोह में दो टीचर उपस्थित नहीं हो सके। कार्यक्रम में हर प्रसाद शास्त्री, जयप्रकाश शर्मा, हरिदत्त शर्मा, बाबूराम कोषाध्यक्ष, सतपाल राजपूत आदि शिक्षकों ने अपने विचार रखें और संगठन की एकता पर बल दिया । नजीबाबाद ब्लॉक शिक्षकों का सम्मान समारोह प्रति वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर करता रहा है । सम्मान समारोह के अंत में दिवंगत सेवानिवृत शिक्षकों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और कार्यक्रम का समापन हुआ।

### आरजेपी के छात्रों का रहा दबदबा



**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल द्वारा मंडल मुरादाबाद की सब जूनियर टीम में स्टेट चैंपियनशिप के लिए दो छात्रों के चयन होने पर हर्ष व्यक्त किया और खेल प्रभारी नरेंद्र कुमार एवं अजय कुमार व चयनित छात्रों को बधाई दी और दोनों चयनित छात्र शगुन कुमार एवं मयंक कुमार को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। 69 वीं स्टेट चैंपियनशिप 18 सितंबर से आजमगढ़ में आयोजित होगी। साथ ही वेट लिफ्टिंग में विद्यालय की शुभम कुमार ने 56 किग्रा वर्ग में मंडलीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में 125 किग्रा भार उठा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जो 15 सितंबर से आयोजित होने वाली प्रदेशीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। विद्यालय प्रबंधक कुंवर उदयन वीरा ने चयनित छात्रों को बधाई थी और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, एसपी गंगवार, सुभाष बाबू राजपूत, अतुल कुमार रस्तौगी, विनोद कुमार यादव, प्रदीप कुमार सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, तेजपाल सिंह, डॉ. सुनील कुमार, नरेश कुमार, जयप्रकाश पटेल आदि मौजूद रहे।

### नसबंदी कैंप का आयोजन



**अफजलगढ़।** स्थानीय सीएचसी में एक नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 19 महिलाओं का सफल ऑपरेशन कर नसबंदी की गई। बाहर से आए डॉ. नरेश जौहरी ने सीएचसी स्टाफ के सहयोग से 19 महिलाओं का सफल ऑपरेशन किया। जिसमें सभी महिलाएं स्वस्थ हैं। ऑपरेशन के बाद दवाई देकर उनको घर भेज दिया है। इस मौके पर डॉ. नरेश जौहरी, डॉ. सर्वेश निराला, डॉ. खालिद, स्टाफ नर्स शहनाज, स्टाफ नर्स नगमा फार्मासिस्ट रावत आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### किसानों से मांगे आवेदन

**बिजनौर।** उप कृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विभाग द्वारा संचालित राज्य सहायतित नि:शुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण, प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत किसानों को नि:शुल्क सरसों बीज मिनीकिट वितरण किया जायेगा। जिसके लिए कृषि विभाग में पंजीकृत किसानों द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल दर्शन 2 https://agridarshan.up.gov.in पर आवेदन किया जायेगा। लक्ष्य से अधिक मिनीकिट बुकिंग होने की दशा में ई-लाटरी के माध्यम से कृषकों का चयन किया जायेगा। एक कृषक को केवल एक मिनीकिट (2 किग्रा) प्राप्त हो सकेगा। चयनित कृषकों को पीओएस मशीन के माध्यम से सम्बन्धित विकास खण्ड के राजकीय कृषि निवेश भण्डार से सरसों बीज मिनीकिट का वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक कृषक नि:शुल्क सरसों बीज मिनीकिट प्राप्त करने के लिए विभाग के पोर्टल https://agridarshan.up.gov.in पर 25 सितंबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नेपाल के...** युवाओं ने पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को उनके घर में घुसकर पीटा, जबकि वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को काठमांडू में उनके घर के पास दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक प्रदर्शनकारी उनके सीने पर लात मारते हुए दिख रहा है। प्रदर्शनकारियों ने इस्तीफा दे चुके गृह मंत्री रमेश लेखक के घर पर मंगलवार को आगजनी और तोड़-फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी विदेश मंत्री आरजू राणा को उनके घर में घुसकर पीटा। सुरक्षा बलों ने पीएम ओली को हेलीकॉप्टर से सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया। उन्हें कहां ले जाया गया है, इसकी जानकारी नहीं है। प्रधानमंत्री ओली के इस्तीफे के बाद प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन पर कब्जा कर लिया। नेपाल की सेना ने कहा कि देश की आजादी, एकता और लोगों की जान-माल की रक्षा हम हमेशा करते रहेंगे, चाहे हालात कितने भी मुश्किल हों। Gen-Z के आंदोलन की घटनाओं पर सेना नजर रख रही है। आंदोलन में लोगों और संपत्ति को हुए भारी नुकसान पर सेना को बहुत दुख है। मरने वालों की आत्मा को शांति मिले, इसके लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उनके परिवारों को सेना की संवेदना है। घायलों के जल्द ठीक होने की भी कामना है। सेना ने कहा कि नेपाल और लोगों की भलाई के लिए हम हमेशा तैयार हैं। हम जान-माल की पूरी हिफाजत करेंगे। इस मुश्किल समय में देश की पुरानी, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चीजों को बचाना सबका फर्ज है। इसलिए, सेना ने युवाओं और सारे देशवासियों से गुजारिश की है कि आपसी भाईचारा और एकता बनाए रखें। राष्ट्रपति रामचंद्र ने प्रदर्शनकारी युवाओं को बातचीत का प्रस्ताव दिया है। इससे पहले खबर थी कि राष्ट्रपति ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के चेयरमैन रबि लामिछाने की रिहाई के बाद ललितपुर के नक्खू जेल से सभी कैदी बाहर निकल गए। इस जेल में लगभग 1500 कैदी बंद थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लामिछाने की रिहाई के बाद पुलिस ने यहां से अपनी सुरक्षा चौकियों से हटने का फैसला किया, जिससे कैदियों को निकलने का मौका मिला गया। इससे इलाके में सुरक्षा खतरे की चिंता बढ़ गई है। अधिकारी हालात पर नजर रख रहे हैं। इतने सारे कैदियों के बाहर आने से जनता की सुरक्षा को बड़ा खतरा हो सकता है। नेपाल में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे Gen-Z युवाओं ने एक लेटर जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा कि सरकार को घुटनों पर ला दिया गया है। हम अब प्रदर्शनकारियों से शांत रहने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की अपील करते हैं। लेटर में कहा गया है कि यह देश अब हमारी लीडरशिप में आ गया है।

**पंजाब को...** कुओं की मरम्मत के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत मदद मिलेगी। जो पंप डीजल से चलते हैं, उन्हें सौर पैनल लगाने के लिए एमएनआरई से सहयोग दिया जाएगा। साथ ही, सूक्ष्म सिंचाई के लिए 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना के तहत मदद होगी। ग्रामीण इलाकों में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए घरों को ठीक करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत विशेष प्रोजेक्ट चलाया जाएगा। पंजाब सरकार को इसकी मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेजना होगा। सरकारी स्कूलों को भी समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय मदद दी जाएगी। राज्य सरकार को सभी जरूरी जानकारी देनी होगी। पानी की बचत और भविष्य की सुरक्षा के लिए जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे। इससे क्षतिग्रस्त पानी संरक्षण संरचनाओं की मरम्मत होगी और नई बनाई जाएंगी। इससे बारिश का पानी बचाया जा सकेगा और लंबे समय तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। केंद्र सरकार ने पंजाब में नुकसान का आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालई केंद्रीय टीमों को भेजा है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर और मदद दी जाएगी।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सभी अपीलें खारिज कीं

# नोएडा की बिल्डटेक कंपनी को बड़ा झटका



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि फ्लैटों का कब्जा देने में देरी पर बिल्डर द्वारा, आवंटियों को इसके लिए ब्याज देने का आदेश उचित है। अदालत ने इस टिप्पणी के साथ नोएडा के बिल्डटेक प्रा लि कंपनी को की सभी अपीलें खारिज कर दीं।

कोर्ट ने यूपी रियल एस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें बिल्डर कंपनी को निर्देश दिया गया था कि वह आवंटियों को कब्जा देने में देरी पर आवंटियों को ब्याज का भुगतान करे। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सोमवार को यह फैसला नोएडा के बिल्डटेक प्रालि कंपनी की ओर से दाखिल कई अपीलों पर दिया। इनमें यूपी रियल एस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल के आदेश को चुनौती दी गई थी। ट्रिब्यूनल ने बिल्डर कंपनी को आदेश दिया था की वह आवंटियों को कब्जा देने में बिलंब होने पर इसके लिए ब्याज दे। बिल्डर कंपनी की ओर से दलील दी गई कि कोविड- 19 की वजह से कब्जा देने में देरी हुई। यह परिस्थिति उनके नियंत्रण में नहीं थी। यह भी तर्क दिया कि आवंटियों ने बगैर किसी विरोध के कब्जे को स्वीकार कर लिया, ऐसे में उन्हें कब्जे में देरी के लिए ब्याज पाने का अधिकार नहीं था। हालांकि कोर्ट ने दलीलों को नहीं माना और अपीलों को खारिज कर दिया। ट्रिब्यूनल ने आदेश में कहा था कि बिल्डर को 1 जनवरी 2020 से 13 अक्तूबर 2022 तक की अवधि का बिलंब ब्याज देना होगा। यह एमआईसीआर से एक प्रतिशत अधिक होगा। हालांकि इस अवधि में से कोविड-19 के कारण छह महीने की छूट देने कभी निर्देश दिया था।

### एलायंस बिल्डर्स के एमडी व निदेशक पर दर्ज गैंगस्टर की कार्रवाई रद्द

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि एक मुकदमे के आधार पर की गई गैंगस्टर की कार्रवाई एक्ट का दुरुपयोग है। इस टिप्पणी संग कोर्ट ने बरेली की एलायंस बिल्डर्स एंड कॉन्ट्रैक्टर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरविंदर सिंह, निदेशक रमनदीप व अन्य पर की गई गैंगस्टर की संपूर्ण कार्रवाई रद्द कर दी। यह फैसला न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने अरविंदर सिंह, रमनदीप और अन्य की अर्जी पर दिया।

बरेली विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता ने 2022 को इज्जतनगर पुलिस स्टेशन में एक मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया गया था कि बिहारमन नगला गांव की एक जमीन को शहरी भूमि सीमा अधिनियम के तहत सरप्लस घोषित किया गया था। 1990 में इसका कब्जा बरेली विकास प्राधिकरण को दे दिया गया था। कुछ भूमाफिया इस जमीन पर अतिक्रमण करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बरेली विकास प्राधिकरण की ओर से विवादित जमीन पर बाउंड्रीवॉल बनवाने के लिए काम कर रहे ठेकेदार और उसके कर्मचारियों को रोका। इस एफआईआर में राजीव कुमार, विशाल गंगवार, राधेश्याम राणा और रविंद्र कुमार गुप्ता सहित 5-6 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया था।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नगीना के सपा विधायक मनोज पारस भी गए जेल



## छतर सिंह के साथ कथित मारपीट का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अपर सिविल जज (सीडि) कोर्ट नंबर एक शांतनु त्यागी ने छतर सिंह के साथ कथित मारपीट के प्रकरण में नगीना के सपा विधायक मनोज पारस को राहत न देते हुए जेल भेज दिया है।

गौरतलब है कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर सपा नेताओं एवं ग्राम रशीदपुर गढ़ी निवासी छतर सिंह पुत्र शौनाथ सिंह के बीच रंजिश चली आ रही है। उत्तराखंड में भी सपा नेताओं के विरूद्ध जिला पंचायत सदस्यों के साथ मारपीट व उन्हें उठाए जाने को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले में पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन अमित चौहान, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन, चांदपुर के पूर्व चेयरमैन शेरबाज पठान आदि को पौड़ी जेल में लंबे समय तक बंद रहना पड़ा था। छतर सिंह ने धारा 307, 323, 504, 506, 147, 148 व 149 आईपीसी में न्यायालय में परिवाद संख्या 588/2020 दर्ज कराया था। जिसमें पूर्व मंत्री मूलचंद पुत्र नौबत सिंह व अमित पुत्र मूलचंद, निवासीगण ग्राम नौरंगाबाद, धामपुर, कपिल गुर्जर पुत्र मलखान निवासी ग्राम भगौता, राशिद हुसैन पुत्र मौहम्मद इदरीस निवासी झालू, रफी सैफी पुत्र मौहम्मद सद्दीक निवासी ग्राम रसूलपुर नंगला, चांदपुर एवं मनोज पारस पुत्र अमर सिंह निवासी मौहल्ला अंबेडकर नगर, नगीना पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। 29 सितम्बर, 2020 को सायं 3045 बजे चक्कर रोड पर काली के मंदिर के समीप की यह घटना दिखाई गई थी। छतर सिंह का कहना था कि नामजद आरोपी कार संख्या यूपी 20 बीसी 6666 से आए थे।

इस मामले में पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान को हाईकोर्ट से जमानत के लिए राहत मिल गई थी। जबकि अन्य को जेल जाना पड़ा था। सिर्फ नगीना विधायक मनोज पारस जमानत नहीं करा पाए थे। मनोज पारस ने आज न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। लेकिन न्यायालय ने उन्हें राहत नहीं दी और अन्य अभियुक्तों की तरह जेल भेज दिया। यह मामला पूर्व में काफी गर्म रहा है। बहस व सबूतों के आधार पर न्यायालय में यह मामला किस तरफ जाएगा, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। मगर जमानत से पूर्व सपा नेताओं को जेल जाना पड़ रहा है।

# जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने बाढ़ पीड़ितों के लिए रवाना किया वाहन



## बाढ़ पीड़ितों की मदद आगे भी जारी रहेगी: शेख शाहनवाज खलील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** जमीयत उलेमा ए हिंद के सौजन्य से पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए मौहल्ला शाहजहीर स्थित घास मंडी से राहत सामग्री से भरे एक वाहन को जमीयत उलेमा हिंद के जिला अध्यक्ष मुफ्ती ओवैस अकरम व जनपद बिजनौर के नगर पालिका अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे भी प्रयास जारी रहेगा। सोमवार की रात्रि मौहल्ला शाहजहीर से पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए रवाना हुए। वाहन में 405 मच्छरदानियां, 200 गद्दे, पांच किलो आटे के 210 बैग, 115 किलो चावल, 500 ग्राम दाल के सौ बैग, 100 किलो चीनी के बैग, 100 जोड़ी चप्पल, 15 पेटी कोल्ड ड्रिंक, दो बॉक्स बिस्किट, रिफाइंड तेल, कपड़े, चादर, रस्सी, डाइपर आदि जरूरत का सामान भेजा गया। इस मौके पर शेख शाहनवाज खलील ने कहा कि बहुत जल्द और सामग्री भी भेजी जाएगी। इस मौके पर मुफ्ती उवैस अकरम, मुफ्ती नबील, सिराज खलील सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

## जान से मारने की दी थी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने और धमकी देने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हबीबवाला निवासी जुनेद पुत्र शकील उर्फ शराफत के खिलाफ पीड़िता की मां ने थाना धामपुर में तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया कि अभियुक्त जुनेद ने उसकी पुत्री को शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लिया और उसके साथ गलत कार्य किया। इतना ही नहीं जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर थाना धामपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। इसी क्रम में आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश दी और वांछित अभियुक्त जुनेद पुत्र शकील उर्फ शराफत निवासी ग्राम हबीबवाला को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरा. पी को थाने लाकर पूछताछ की गई और मेडिकल कराने के बाद जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक श्यामपाल सिंह, कांस्टेबल मोनू कुमार तथा कांस्टेबल अमन कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभियुक्त के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## पुलिस ने पैदल गशत कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया

**स्योहारा।** थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से मुख्य मार्गों व अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया गया। इस दौरान पुलिस ने लोगों से संवाद भी किया और उन्हें आश्वस्त किया कि क्षेत्र में हर हाल में अमन-चैन कायम रखा जाएगा। पैदल गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर भी नजर रखी।

# अधिकारियों से ग्रामीण नाराज

## घासीवाला के प्रधान ने कहा पुलिस से नहीं डरते बंगाली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गंगा का बीती रात तटबंध टूटने से भले ही कोई जनहानि नहीं हुई है, मगर ग्रामीण बीती दो रातों से सो नहीं पा रहे है। दहशतजदा ग्रामीणों में अधिकारियों एवं खासतौर पर सिंचाई विभाग के अभियंताओं के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा है। उन्हें तटबंध से हट जाने का अल्टीमेटम दिया गया है।

मालूम हो कि गंगा नदी में आए उफान की वजह से पिछले तीन दिनों से बैराज से लेकर रावली तक तटबंध क्षतिग्रस्त हो रहा था। जब गंगा नदी ने कई जगह तटबंध क्षतिग्रस्त कर दिया, तो अधिकारी नींद से जागे। तटबंध को बचाने के प्रयास शुरू किए गए। मगर अधिकारी कामयाब नहीं हो पाए। बीती रात तटबंध टूट गया। मगर ऊपर वाले का करिश्मा और की जा रही दुओं का असर रहा कि तटबंध टूटने से किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। तटबंध जिस जगह टूटा था, वहां पर मिट्टी की ढांग गिर गई और पानी का बहाव रूक गया।

आज सुबह से फिर तटबंध को बचाने की कवायद शुरू हो गई। सिंचाई विभाग सहित कई विभागों के अभियंता मौके पर मौजूद रह कर कार्य करा रहे थे।

इस बीच अब प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल मौके पर पहुंचे, तो उनके सामने ही ग्रामीणों ने वरिष्ठ अधिकारियों की लापरवाही की पोल खोल कर रख दी। ग्रामीणों में सिंचाई विभाग के अभियंताओं के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा था।

ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के अभियंताओं व कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के भी गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना था कि गंगा लगातार कटान कर रही है। हर साल गंगा बिजनौर जनपद की कृषि भूमि का भी कटान कर रही है। लेकिन इस कटान को रोकने के लिए स्थाई इंतजाम नहीं किए जा रहे है।

इस बीच ग्राम घासीवाला के प्रधान सपन दास की एक वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें वह सिंचाई विभाग के अभियंताओं व स्टाफ को फटकार लगाते हुए उन्हें सबक सिखाने की चेतावनी दे रहे है। वह कह रहे है कि आज जो कुछ हो रहा है, उसके जिम्मेदार सिंचाई विभाग के अभियंता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बंगाली समाज पुलिस से नहीं डरता है। उन्होंने गुस्से का इजहार करते हुए सिंचाई विभाग के अभियंताओं को खूब खरी खोटी सुनाई। खादर क्षेत्र के अन्य ग्रामों में भी अधिकारियों व भ्रष्ट अभियंताओं के खिलाफ गुस्सा देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भाजपा सरकार में भ्रष्ट अधिकारी बेलगाम हो गए है।

# ग्राम प्रधान पर दबंगई का आरोप

## पीड़ित ने मकान पर लिखा बिकाऊ है




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** रास्ते व नाली के विवाद को लेकर ग्राम पंचायत रायपुर लकड़ा के ग्राम प्रधान पर दबंगई का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने अपने मकान पर बिकाऊ लिखा है। जिसका फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार गांव रायपुर लकड़ा निवासी बाबूराम सिंह ने अपने मकान पर बिकाऊ लिखा है। मकान पर लिखा है कि ग्राम प्रधान के परिवार की दबंगई के कारण यह मकान बिकाऊ हैं।

बताया जाता है कि ग्राम प्रधान की ओर से कुछ दिन पूर्व बाबूराम सिंह के घेर के सामने एक सड़क बनाई गई थी, जिस पर बाबूराम सिंह ने विरोध जताया था। उनका आरोप है कि जहां सड़क बनाई गई है। वहां कोई रास्ता नही था। जबरन सड़क बना दी गई। उसने शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्राम प्रधान पर दबंगई का आरोप लगाते हुए मकान बेचने को मजबूर है।

उधर ग्राम प्रधान रिंकी देवी का कहना है कि लगाए गए आरोप निराधार है। नियमानुसार सड़क बनाई गई थी। पूर्व में भी अनर्गल आरोप लगाते हुए शिकायत की गई थी, जिस पर जांच की गई। जांच में इनके द्वारा लगाए गए आरोप झूठे निकले है।

# तटबंध के कटान के लिए बाबूराम ने अफसरों को ठहराया जिम्मेदार



## नहीं उठाए गए प्रभावी कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाकियू टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने रावली में बंदे के कटान क्षेत्र का दौरा करते हुए कहा कि क्षेत्रीय किसानों द्वारा गंगा की धार से बंदे के कटान की सूचना सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों को कई बार देने के बाबजूद प्रशासन के कटान रोकने के लिए शीघ्र प्रभावी कदम न उठाने की लापरवाही से बिजनौर शहर सहित दर्जनों गांवों में बाढ़ के कारण किसानों की फसले तबाह होने के कगार पर है। जबकि बालावाली से लेकर बैराज गंगा क्षेत्र तक सरकार द्वारा बाढ़ से बचाने के पुख्ता इंतजाम करने के लिए 65 करोड़ रुपए भी आए हुए है। फिर भी किसान और मजदूरों को बाढ़ के मुंह में धकेलना और पूरे बंदे के ध्वस्त हो जाने के बाद भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पत्थरों को लोहे के जाल में फंसाकर बंदे पर लगाने की जगह मिट्टी और रेत के कट्टों का इस्तेमाल करना घोर उदासीनता है। अगर सरकार बंदे के मरम्मत कार्य में तेजी लाकर ऐसे उदासीन अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन नहीं लेती, तो भाकियू उदासीन अधिकारियों के खिलाफ खुद मोर्चा खोलते हुए जन आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने बंदे को बचाने के लिए त्वरित पत्थरों के ट्रैकों को मंगाकर बंदे की मरम्मत कार्य में पत्थरों से तेजी लाने की मांग की।

# जहर खाने से सिपाही की मौत

**बिजनौर।** पुलिस लाइन में तैनात जनपद बुलंदशहर के थाना अहमदगढ़ अंतर्गत ग्राम डोमला हसनगढ़ निवासी सिपाही अमित कुमार पुत्र ऋषिपाल ने दो सितंबर को जहर खा लिया था। वह सरस्वती बिहार कॉलोनी नजीबाबाद में रहता था। उसका सुसाइड नोट भी मिला था। उसमें दीप्ति नामक किसी लड़की और उसके परिजनों द्वारा उत्पीड़न की बात कहीं गई थी। उपचार के दौरान आनन्द हॉस्पिटल में उसकी मौत हो गई।

# कब्रिस्तान में मुर्दे दफनाने के लिए दो गज जमीन भी मयस्सर नहीं

**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला किला कालागढ़ मार्ग स्थित कब्रिस्तान में बरसात के भरे पानी की निकासी न होने के कारण पूरा कब्रिस्तान दलदल बनकर रह गया है। कब्रिस्तान में मुर्दों के दफनाने के लिए दो गज जमीन तक नसीब नहीं हो पा रही, जिसको लेकर नगर में भारी रोष व्याप्त है। नगर वासियों का आरोप है के कब्रिस्तान में बरसात के भरे पानी की निकासी बंद होने के कारण हर साल कब्रिस्तान में मुर्दों को सुपुर्द खाक करने की जगह नहीं मिलती है। कब्रिस्तान के समीप कॉलोनाइजर द्वारा प्लाटिंग कर देने के कारण कब्रिस्तान में बरसाती पानी की निकासी नहीं होती है। इस अवसर पर मौजूद मौहम्मद कयूम, दिलशाद अहमद, नसीम अहमद, हाजी मौहम्मद ताहिर, मौहम्मद सरताज, मौहम्मद अनस, मौहम्मद नाजिम, मौहम्मद मुनीश, इकरार अहमद, वाजिद अली, सद्दाम, मोबिन, सभासद मौहम्मद जुबेर, मौहम्मद वासिद, मौहम्मद याकूब ने विरोध जताया।

# शेख जाकिर ने किया तटबंध का दौरा

## ग्रामीणों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था कराई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने रावली में गंगा नदी के कटान से प्रभावित क्षतिग्रस्त तटबंध क्षेत्र का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।

ग्रामीणों ने बताया कि गंगा के किनारे बसे ग्रामों में वर्षों से कटान की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण हजारों बीघा जमीन नदी में समा रही है। उन्होंने प्रशासन से तटबंध पर स्टड (पत्थर की संरचनाएं) बनाने की बरसों पुरानी मांग दोहराई, जो अब तक पूरी नहीं हुई। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वह पिछले तीन दिनों से अपने खर्चे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चलाकर तटबंध की मरम्मत कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन या सत्ता पक्ष के नेताओं ने उनकी कोई सुध नहीं ली। डीजल की बढ़ती कीमतों और खाने-पीने की कमी ने उनकी मुश्किलों को और बढ़ा दिया है।

शेख जाकिर हुसैन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों के लिए 200 लीटर डीजल, पीने का पानी और खाने-पीने की व्यवस्था उपलब्ध कराई। इस सहायता से ग्रामीणों को मरम्मत कार्य में बड़ी राहत मिली। ग्रामीणों ने उनके इस कदम की जमकर सराहना की और इसे सामाजिक जिम्मेदारी का अनुकरणीय उदाहरण बताया। शेख जाकिर हुसैन ने प्रशासनिक अधिकारियों से तटबंध मरम्मत और स्टड निर्माण के लिए त्वरित कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा, गंगा के कटान से प्रभावित गांवों की सुरक्षा के लिए स्टड निर्माण की मांग वर्षों से लंबित है। प्रशासन की लापरवाही के बावजूद हम ग्रामीणों के साथ खड़े हैं और उनकी हर संभव मदद करेंगे। ग्रामीणों की मदद हमारी जिम्मेदारी है।

इस दौरान समाजवादी पार्टी के महासचिव धनंजय यादव, डॉ. रहमान, प्रभा चौधरी, कृपा रानी प्रजापति, राधा सैनी, कमलेश भुईयार, सतपाल सिंह, मदन लाल सैनी, कसीम कुरैशी, महमूद कस्सार, अफजाल उल हक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। शेख जाकिर हुसैन की इस पहल ने क्षेत्र में सामाजिक एकजुटता की मिसाल कायम की और ग्रामीणों में विश्वास जगाया कि संकट के समय समा. जवादी पार्टी उनके साथ है।

## एक नजर

### भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन




**किरतपुर।** भारतीय किसान संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर विकास खंड पर नकली खाद, नकली दवाई व बीज आदि व गन्ने का भाव 500 रूपये घोषित करने व बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों के फसलों व धन हानि को देखते हुए मुआवजा दिया जाए। आवारा पशुओं का समाधान किया जाये आदि किसानों की समस्याओं को देखते हुये भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन विकास खंड अधिकारी को सौंपा। बलराम सिंह, धर्मपाल सिंह, रामवीर सिंह, हेमेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, कुलवीर सिंह, सुबोध सिंह, श्रीमति प्रभा, पंकज सिंह, राम गोपाल सिंह, बिरेंद्र सिंह, चेतराम सिंह, सतेनदर सिंह, प्रशांत सिंह व हिमांशु राजपूत, समरपाल सिंह, कामेंद्र सिंह, दिनेश सिंह आदि रहे।

### मुख्यमंत्री से लगाई गुहार



**किरतपुर।** एक पीड़ित विधवा महिला ने जिला अधिकारी बिजनौर को संबोधित प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराकर प्राथमिक विद्यालय उमरी से रसोईया के पद से हटाए जाने पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ममता देवी अनुसूचित जाति भुइयार वर्ग से आती हैं। उन्होंने अपने पत्र में बताया कि उनके पति का निधन लगभग 20 वर्ष पूर्व हो गया था। वर्ष 2005 में ग्राम पंचायत उमरी द्वारा उन्हें प्राथमिक विद्यालय उमरी में रसोईया के पद पर नियुक्त किया गया था और तभी से वह नियमित रूप से कार्य करती आ रही थीं। पीड़िता का कहना है कि 13 अगस्त 2025 को विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति देवी ने यह कहते हुए उन्हें पद से हटा दिया कि उनका फॉर्म उच्च स्तर से निरस्त होकर वापस आ गया है। महिला का आरोप है कि विद्यालय में वर्तमान समय में कुल तीन रसोइयां कार्यरत हैं और 80 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उनमें से एकमात्र विधवा होने के नाते उसे ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए ताकि वह अपने परिवार का पालन-पोषण कर सके। ममता देवी ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उन्हें पुनः प्राथमिक विद्यालय उमरी, आलमपुर में रसोईया पद पर कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाए, जिससे उनके परिवार की जीविका सुचारु रूप से चल सके।

### मिनी स्टेडियम के लिए सौंपा मांग-पत्र



**नगीना।** जन सेवा ट्रस्ट नगीना के अध्यक्ष परवेज पाशी अपने समर्थकों के साथ तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम नितिन कुमार से मिलकर एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने अपनी मांग रखते हुए कहा कि नगीना विधानसभा व लोकसभा का मुख्यालय है। यहां से हजारों की संख्या में युवा खिलाड़ी बनने की चाह में सड़क पर दौड़ लगाते हैं, जिससे प्रतिभाएं खराब हो रही हैं। एम.एम. इंटर कॉलेज का खेल का मैदान वर्षों से बदहाल पड़ा है। अगर वह सही हो जाए, तो वहां मिनी स्टेडियम बन सकता है, जिससे यहां के बच्चे भी बड़े खिलाडी बन सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से खिलाडियों के हित में इस विषय का संज्ञान लेते हुए नगर पालिका को निर्देशित करने की गुहार लगाई।

### महिला से अभद्रता व मारपीट का आरोप

**स्योहारा।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि वह खेत में घास काट रही थी। तभी गांव का ही एक व्यक्ति वहां पहुंच गया और उसके साथ अभद्र व्यवहार करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट की और जबरन खेत की ओर खींचने की कोशिश की। किसी तरह महिला जान बचाकर घर पहुंची। महिला का आरोप है कि शाम को जब वह अपने देवर के साथ दवा लेकर मोटरसाइकिल से घर लौट रही थी तो आरोपी ने रास्ते में उनकी बाइक रोक ली। इस दौरान जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौच की गई और दोनों के साथ मारपीट की गई। पीड़िता ने बताया कि बाद में आरोपी अपने परिवार के साथ लाठी-डंडों व लोहे की सरिया लेकर उसके घर पर पहुंचा और मारपीट की।

10-10 सीटो पर निःशुल्क प्रवेश

विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी धर्म व जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए निम्नलिखित पाठयक्रमो में 10-10 सीटो पर निःशुल्क प्रवेश किया जाना निश्चित किया है। अपने सभी दस्तावेज सहित विश्वविद्यालय परिसर में सम्पर्क करें।

आवेदन हेतू अंतिम तिथि 23 अगस्त 2025 है।

B.Tech (CS) | BCA | BBA | B.Com | BA LLB | B.Sc Microbiology | B.Sc. Computer Sc. | B.Sc Home Sc. | B.Sc Physics I Chemistry I Maths Botany I Zoology

MBA | MCA | LLB | LLM | M.TECH. | MSW | M.Sc. Home Sc. | MA Education

www.vivekuniversity.ac.in

VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR

Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246725

CALL NOW: 9837324210, 9927026893

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ भाकियू का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद। आज** अजमल खां रोड स्थित विद्युत कार्यालय पर मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) प्रधान की अगुवाई में स्मार्ट मीटरों के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार धरने की अध्यक्षता दलवीर चौधरी ने की। जबकि संचालन रामोद कुमार ने किया। इस दौरान एक्शन रामकुमार और एसडीओ के साथ भाकियू पदाधिकारियों की लंबी वार्ता भी हुई। लेकिन वार्ता असफल रही। भाकियू कार्यकर्ताओं ने साफ चेतावनी दी कि किसी भी हालत में स्मार्ट मीटर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उनका आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं पर भारी-भरकम बिजली बिलों का बोझ डाला जा रहा है। जिससे



किसान और आम जनता दोनों परेशान हैं।

यूनियन नेताओं ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की जनता से अपील की कि कोई भी अपने घरों पर स्मार्ट मीटर न लगने दे और आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में धरने में शामिल हो। धरना-प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष भूपेश चौधरी, प्रदेश महासचिव सुरेश कुमार, प्रदेश सचिव डॉ. जयपाल सिंह, प्रदेश प्रभारी नरेंद्र राठी, यशपाल राठी, जिला अध्यक्ष हेमेंद्र धनकड़, नगर अध्यक्ष मौहम्मद फैसल, मौहम्मद आमिल, अजीत प्रताप, शकील अहमद, मौहम्मद फहीम, रईस अहमद, श्रीमती भारती, मौहम्मद शहजाद, मेहताब, राजू सिद्दीकी, गुल मौहम्मद, श्रीमती रजिया सुल्तान, अफसरी, समीना, नसरीन, नूरजहां, समीम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और उपभोक्ता मौजूद रहे।

उधर भाकियू ने ऐलान किया कि जब तक स्मार्ट मीटर लगाने का काम पूरी तरह बंद नहीं होता, तब तक यह धरना अनिश्चितकालीन रूप से जारी रहेगा। अब भारतीय किसान यूनियन का बड़ा आंदोलन होगा। अगला धरना-प्रदर्शन आदर्श नगर बिजली घर पर चलेगा। क्योंकि एक्शन कार्यालय पर जगह कम होने के कारण वहां भीड़ इकट्ठा करना मुश्किल है

# पति को जहर देकर हत्या करने की कोशिश का आरोप

## पत्नी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम नंगला भज्जा निवासी युवक की पत्नी पर जहर देकर हत्या की कोशिश करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित के भाई ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नंगला भज्जा निवासी रवि पुत्र स्व. कैलाश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसके भाई सचिन कुमार और भाभी रूचि के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। इस मामले में 19 अगस्त को थाना धामपुर में दोनों पक्षों के बीच समझौता भी कराया गया था। समझौते के बाद पति-पत्नी साथ रहने लगे थे।

रवि का कहना है कि बीते 8 सितंबर की रात इसी रंजिश के चलते उसकी भाभी रूचि ने दूध में जहर मिलाकर उसके भाई सचिन को पिला दिया। दूध पीने के बाद सचिन की हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में उसे दमयंती अस्पताल धामपुर में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पीड़ित पक्ष ने पुलिस से आरा. `पी पत्नी रूचि के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस तहरीर के आधार पर जांच में जुट गई है।

## एक नजर

### पुराने बाट-तराजू की हो जांच



**स्योहारा।** नगर के भाजपा नेता अकरम अंसारी ने वजन एवं माप विभाग पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि नगर में आज भी पुराने तराजू और बाटों का व्यापक रूप से प्रयोग किया जा रहा है। विभाग की ओर से न तो समय पर उनकी जांच की जा रही है और न ही नियम अनुसार उन पर सरकारी मोहर लगाई जा रही है। अकरम अंसारी ने कहा कि करीब 15-20 वर्ष पहले तक वजन माप विभाग नियमित रूप से बाजारों में आता था और सभी दुकानों पर रखे तराजू व बाटों की जांच कर उनकी सीलिंग करता था। उस व्यवस्था के चलते दुकानदार ग्राहकों को धोखा नहीं दे पाते थे और हर किसी को सही वजन मिलता था। विभाग की सक्रियता के कारण न तो कोई विवाद होता था और न ही लोगों को महंगाई का अतिरिक्त बोझ महसूस होता था। भाजपा नेता अकरम अंसारी ने स्पष्ट किया कि आज हालत इसके बिल्कुल उलट हो चुकी है। विभाग के अधिकारी वर्षों से जांच के नाम पर बाजार का रुख तक नहीं करते। कई दुकानदार ऐसे तराजू व बाट इस्तेमाल कर रहे हैं, जिन पर न तो मोहर लगी है और न ही उनकी असलियत की कोई गारंटी है। इससे आम ग्राहक हमेशा नुकसान में रहता है और दुकानदार को मनमानी करने का अवसर मिल जाता है। उन्होंने कहा कि जब विभाग समय-समय पर जांच करेगा तो दुकानदार भी ईमानदारी से व्यापार करेंगे और ग्राहकों को भी सही वजन प्राप्त होगा। यही व्यवस्था बाजार में पारदर्शिता और निष्पक्षता ला सकती है।

### भाकियू टिकैत ने सौंपा ज्ञापन



**नूरपुर।** गन्ना समिति में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत हुई। एक ज्ञापन गन्ना समिति सचिव को सौंपा गया। ज्ञापन में बंद पड़े खाद के गोदाम को शीघ्र चालू करने की मांग की गई। मासिक पंचायत में दो दर्जन से अधिक किसानों ने किसान यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह संधू व मनदीप उर्फ मोनू चौधरी को युवा ब्लॉक अध्यक्ष नूरपुर मनोनीत किया गया। इस मौके पर मोनू चौधरी, अमरपाल सिंह चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष, जिला सचिव मास्टर देवेंद्र सिंह, जिला संगठन मंत्री अशोक धनकड़, कपिल धनकड़, योगेन्द्र चौहान, सुदामा चौहान, कावेन्दर प्रधान, कफिल सैफी, वसीम, भोपाल, आलिम, बबलू यादव, दुष्यंत यादव राजेश सैनी सुशील शर्मा आदि मौजूद रहे। पंचायत की अध्यक्षता विजयपाल सिंह ने व संचालन प्रशान्त चौधरी ने किया।

### खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा



**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान संघ द्वारा खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि नकली कीटनाशक, बीज, खाद की वितरण व्यवस्था में अव्यवस्था व्याप्त है। इसके चलते खरीफ और आने वाली रबी फसलों के सीजन में पूरे प्रदेश के किसान परेशान हैं। प्रदेश सरकार व प्रशासनिक व्यवस्था के कारण फसल के समय खाद वितरण व्यवस्था में खामियों के चलते किसानों में भारी नाराजगी है। ज्ञापन में वर्षा प्रभावित जनपदों में फसल बर्बाद हो गई हैं, जिसकी क्षतिपूर्ति हेतु आंकलन कर तुरंत मुआवजा देने की मांग की गई। गन्ना मूल्य 500 रुपए प्रति कुंतल घोषित करने, निराश्रित पशुओं के स्थाई समाधान करने, पेयजल योजना में अपूर्ण गांव को जोड़कर शीघ्र कार्य पूरा करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में खूब सिंह, वीरेंद्र पाल सिंह, भूपेश चौधरी आदि शामिल रहे।

### पीएचसी पर प्रशिक्षण शिविर

**कोतवाली देहात।** पीएचसी कोतवाली देहात पर सीएचओ का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल दिवाकर ने कहा कि कोतवाली ब्लॉक आकांक्षात्मक ब्लॉक है। यहां काफी लोगों को बीपी संबंधित समस्याएं हैं। उन्होंने आह्वान किया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ग्रामीणों का ब्लड प्रेशर चेकअप, शुगर इत्यादि की जांच सुनिश्चित करें। बैठक में खुर्शीद अहमद आदि मौजूद रहे।

# हेमराज कालोनी में श्रोताओं को रेडियो किए वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के कैम्पस स्थित रेडियो संदेश 89.6 द्वारा स्मार्ट एनजीओ एवं रेडियो संदेश के संयुक्त तत्वावधान में 'सेहत सही लाभ कई' अभियान के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में रेडियो संदेश बिजनौर ने ग्राम हेमराज कॉलोनी मे अपने नियमित श्रोताओं को रेडियो वितरित किए तथा ग्राम वासियों को फाइलेरियप बीमारी एवं स्वस्थ जीवन हेतु स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया और यह संदेश दिया गया कि सही आदतें अपनाकर कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है।

इस अवसर पर रेडियो संदेश की सचिव स्वाति वीरा महाजन व संस्था निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल ने रेडियो संदेश टीम व ग्राम वासियो को बधाई दी तथा स्वास्थ्य जागरूकता को जन-जन तक पहुंच. ाने के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर रेडियो टीम सदस्य सुनील भारद्वाज, संग्राम सिंह, शबाना बेग, श्यामल मण्डल आदि सदस्य एवं अन्य ग्रामवासी श्रीमति तापशी सिन्हा, अपर्णा, ममता, शिखा, प्रेरणा, सुरेश, चन्दन, प्रकाश, आनंद मण्डल, विधानशील आदि उपस्थित रहे।

# 13 सितम्बर को लोक अदालत का आयोजन

## प्रचार-प्रसार के लिए हरी झंडी दिखाकर वाहनों को किया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सचिव व अपर जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रेष शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशों के अनुपानल में जनपद में 13 सितंबर, 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसके भव्य प्रचार-प्रसार के लिए आज प्रात: दस बजे जजी परिसर से जनपद के विभिन्न स्थानों पर प्रचार-प्रसार वाहनों को जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर संजय कुमार VII, नोडल ऑफिसर लोक अदालत अवेधश कुमार, सचिव व अपर जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अन्य न्यायिक अधिकारीगण व चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, बिजनौर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।



उन्होंने बताया कि इस मौके पर जनपद न्यायाधीश द्वारा जानकारी दी गई। कि 13 सितंबर, 2025 को जजी परिसर, बिजनौर व बाह्य न्यायालय क्रमशः नगीना, नजीबा. बाद, चांदपुर व धामपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिसमें पक्षकार अपने वाद को आपसी सुलह-समझौते के आधर पर निस्तारित करा सकते है। लोक अदालत की प्रक्रिया अत्यन्त सरल व सुगम है। जिसमें आप समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले, चौक बाउन्स से सम्बन्धित धारा 138 एन.आई.एक्ट, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, बिजली-जल के बिल से सम्बन्धित शमनीय दण्ड वाद, राजस्व वाद, सिविल वाद, आरबिट्रेशन से सम्बन्धित वाद, प्री-लिटिगेशन वैवाहिक वादों को कानूनी जटिलता से परे सरलता के साथ निपटा सकते है। इसी क्रम में नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत अवधेश कुमार द्वारा जानकारी दी गई कि लोक अदालत में पारित निर्णय अन्तिम होता है एवं इसकी अन्य न्यायालय में अपील नहीं होती है। इसके पश्चात सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर श्री श्रेय शुक्ला द्वारा जानकारी दी गई कि यदि किसी भी पक्षकार को लोक अदालत वाले दिन अपने वाद के निस्तारण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की असुविधा होती है तो वह सीधे जजी परिसर स्थित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर या हेल्प डेस्क पर सम्पर्क कर सकते है। साथ ही सचिव द्वारा बताया कि लघु प्रकृति के आपराधिक वादों के निस्तारण हेतु 10, 11 एवं 12 सितंबर, 2025 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के बारे में भी जानकारी देते हुये बताया कि उक्त विशेष लोक अदालतों में पक्षकार आपराधिक प्रकृति के लघु वादों का निस्तारण सरल एवं सुगम तरीके से करा सकते है। अतैव वादकारीगण उपरोक्त दिनांक, समय व स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर, उपरोक्त रिति से अपने-अपने वाद का निस्तारण करा, उक्त वर्णित लोक अदालतों का लाभ उठायें। उक्त कार्यक्रम में समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, प्रबंधक लीड बैंक मैनेजर अग्रणी बैंक बिजनौर, जिला बार ऐसोसियेशन अध्यक्ष, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, कर्मचारीगण एवं पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# कैशलैस चिकित्सा सुविधा न मिली, तो होगा बड़ा आंदोलन

## शिक्षणेत्तर संघ ने मांगी थी कैशलैस चिकित्सा सुविधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने कैशलैस चिकित्सा सुविधा केवल शिक्षकों को दिए जाने व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अनदेखा करने पर गहरी नाराजगी जताते हुए सुविधा ना मिलने पर आंदोलन का मन बनाया है।

संघ के प्रदेश पदाधिकारियों की एक वर्चुअल बैठक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में आहूत की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा शिक्षकों को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा कैशलेस इलाज की सुविधा की घोषणा व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नजर अंदाज करने का रहा। बैठक में बताया गया माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ शिक्षक पद पर पदोन्नति, अवकाश, नकदीकरण, चिकित्सा सुविधा जैसी मांग वर्षों से उठाता आ रहा है। सरकार शासन से वार्ता के बाद आश्वासन मिला, लेकिन आज एक राजाज्ञा जारी नहीं की। आज मुख्यमंत्री ने कैशलैस चिकित्सा सुविधा केवल शिक्षकों के लिए की। जबकि इसी विभाग के शिक्षणेत्तर संवर्ग को शामिल नहीं किया। जिससे प्रदेश के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में रोष है। प्रदेश के असहायता प्राप्त माध्यमिक, बेसिक उच्च शिक्षा के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में भ्रम की स्थिति है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि शासन में संगठन यह जानने की कोशिश कर रहा है कि इस शासनादेश में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा अथवा नहीं। संघ का प्रतिनिधिमंडल 11 सितम्बर को मुख्य सचिव व अन्य मुख्य अधिकारियों से भी वार्ता कर कैशलैस चिकित्सा सुविधा में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी शामिल किए जाने पर चर्चा करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इस व्यवस्था में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शामिल नहीं किया जा रहा है तो संगठन इसके लिए शीघ्र बड़ा आंदोलन करेगा। बैठक में सभी मंडल व जिलों के पदाधिकारी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अवगत कराते हुए आगामी रणनीति तय होते ही आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया गया है। संजय पुंढीर के संचालन में हुई बैठक में प्रदेश संघर्ष समिति संयोजक व बिजनौर जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा, पवन तिवारी,अनूप द्विवेदी, मोहित राघव, देवेन्द्र पुंडीर, शिव कैलाश सोनी, हरप्रीत सिंह, योगेश कुमार, अंशुल शर्मा, जिवेन्दर कुमार, दीपक त्रिपाठी, कामता प्रसाद, संदीप कुमार, दिनेश कुमार, मिथलेश कुमार, किशन कुमार, रितेश कुमार आदि ने प्रतिभाग किया।

## श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली

**नजीबाबाद।** दिगम्बर जैन समाज द्वारा दशलक्षण पर्व की समाप्ति पर श्रीजी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व स्व. राज किशोर जैन व स्व. साहू सुरेश चन्द जैन की स्मृति में मेधावियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यात्रा में ख्वासीकी बोली पीयूष जैन रेलवे वाले, कुबेर सुमित जैन, पारस जैन पुत्र विनोद जैन, सौधर्म इन्द्र भाविक जैन पौत्र कमलेश जैन, ईशान इन्द्र शिवांश जैन पुत्र सिद्धार्थ जैन, सारथी अनुभव जैन, क्रमांक जैन पुत्र राजेश जैन व आरती मीनाक्षी जैन पति अनूप जैन यात्रा संचालन मजू जैन में बोलियों का आयोजन किया गया। यात्रा में धर्म ध्वजा, गज रथ, गड्‌डू ने, मुरादाबाद पोशाक बैड, डोल-ताशे, डीजे, श्रीजी का रथ आकर्षण का केन्द्र रहा। यात्रा का आयोजन प्रधान दीपक जैन, मंत्री नीरज जैन, भंडारी निशु जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, पुनीत जैन, अनूप जैन, सन्तोष जैन, जिनेश्वदास जैन, निधि जैन, राहुल जैन, रैना जैन, सीमा जैन, सुनीता जैन, कुमकुम जैन आदि उपस्थित रहे।

# भाकियू का पंजाब नैशनल बैंक पर धरना-प्रदर्शन

## किसानों से अभद्र व्यवहार का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा स्थानीय पंजाब नेशनल बैंक पर धरना प्रदर्शन किया गया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता पीएनबी पहुंचे तथा किसानों की समस्याओं के बारे में अवगत कराया। इस दौरान शाखा प्रबंधक नहीं मिले तब किसान शाखा के बाहर धरने पर बैठ गए।

धरने को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष बलजीत चौधरी ने कहा कि शाखा प्रबंधक द्वारा किसानों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एक किसान के बैंक खाते से पैसा निकाल कर दूसरे गांव के व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। पीड़ित किसान को पैसे अभी तक वापस नहीं किए गए हैं। मौके पर पहुंचे शाखा प्रबंधक सुनील यादव को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान राहुल चौधरी, डॉ. धर्मवीर सिंह, शौबीर सिंह, धर्मेंद्र कुमार, देवेंद्र चौधरी, श्याम सिंह, विजय सिंह, अनिल चौहान, मांगू सिंह, मुर्तजा अली, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। इस संबंध में शाखा प्रबंधक सुनील यादव ने बताया कि किसी भी उपभोक्ता के साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया जाता है। कृषि कार्ड बनाने के लिए आई फाइलों का निस्तारण कर दिया गया है। दूसरे खाते में पैसे जाने के प्रकरण में मामला उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है। शीघ्र ही पैसा उपभोक्ता के खाते में आ जाएगा। उधर संगठन की मासिक मासिक पंचायत ब्लॉक प्रांगण में संपन्न हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। गुलदार पकड़वाने, बारिश के कारण झुके पोल ठीक करवाने, फुंके हुए ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की गई।

# गन्ना समिति पर किसान यूनियन की मासिक पंचायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत गन्ना समिति पर ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार की अध्यक्षता और साजिद अहमद के संचालन में हुई। इसमें वक्ताओं ने समस्याओं पर विचार रखें।

जिसमें पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए अधिक से अधिक मदद कीजिये, रावली तटबंध को शीघ्र प्रशासन ठीक कराए, गुलदार लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में हमला कर रहा है। गुलदार से राहत के इंतजाम प्रशासन द्वारा किए जाएं। बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाए, गन्ना मूल्य रुपए 500 घोषित करें सरकार, चीनी मिल बरकतपुर क्षमता के अनुरूप गन्ना दिया जाए अधिक नहीं, नजीबाबाद चीनी मिले को समय से चलाया जाएं।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मदन चौहान, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह, प्रांतीय नेता अजय कुमार, वीरेश राणा, मुकुल कुमार, सूरज, अजीत, पप्पू, अमित कुमार, योगेंद्र सिंह, विजय, अर्जेन्द सिंह, परवेज, नफीश, ज्ञान सिंह, जय सिंह, राज सिंह, रजत, बंटी आदि मौजूद रहे।

# भारतीय किसान संघ ने फसल मुआवजे के लिए सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने नहटौर क्षेत्र में बाढ़ग्रस्त इलाकों में बर्बाद हुई किसानों की फसल का मुआवजा दिलाने आदि पांच सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन विकास खंड अधिकारी को दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओ ने रबी की फसल से पूर्व खाद एवं बीज की आपूर्ति समय से करने और नकली कीटनाशक व खाद एवं खराब बीज पर नियंत्रण के लिए सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया जाए। अधिक वर्षा के के कारण गांगन नदी व बान नदी में आए पानी से पशु धन एवम फसल हानि का सर्वे द्वारा आंकलन कर उचित मुआवजा प्रदान कराया जाए। आगामी गन्ना पेराई सत्र को समय से आरम्भ करके गन्ने का भाव 500/- रुपये प्रति कुंतल करते हुए पर्ची पर अंकित हो। निराश्रित पशुओं व जंगली जानवरों की समस्या का उचित व स्थाई समाधान निकाला जाये।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो कार्य पूर्ण न हुए है उनको पूर्ण किया जायें व रास्तो में बने गड्ढों की पूर्ण मरम्मत कराना सुनिश्चित हो। उक्त मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन विकास खंड अधिकारी को सौंपा गया। विकास खण्ड अध्यक्ष राजेश कुमार, खण्ड मंत्री कुलदीप तोमर, उपाध्यक्ष सूरज सिंह, अनिल कुमार, जागेश कुमार, जिला मंत्री सुरेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष महाशय धर्मपाल सिंह, युवा प्रमुख विवेक कुमार, कुलदीप राठी, लखन सिंह, मदन पाल, कमल कांत आदि किसान उपस्थित रहे।

## विवाहिता ने थाने के सामने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़का, सीएचसी में भर्ती

**स्योहारा।** नगीना निवासी गुलशन की शादी शाहिद निवासी स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर से हुई थी। पति पत्नी के बीच लंबे समय से मतभेद चल रहे हैं। इसी को लेकर मामला अदालत में विचाराधीन है। बताया जा रहा है कि शाहिद अपनी पत्नी गुलशन को तलाक देना चाहता है। जबकि गुलशन अपने पति के साथ ही रहना चाहती है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तनाव बढ़ गया। गुस्से में आकर गुलशन ने थाने के सामने खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया और आग लगाने का प्रयास किया। गुलशन को इस हाल में देखकर पुलिस विभाग और आसपास के लोगों ने किसी तरह उसे बचाया और तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। गांव में इस घटना की चर्चा बनी हुई है। लोग कह रहे हैं कि पति-पत्नी का मामला अदालत में पहले से ही चल रहा था। लेकिन पत्नी का यह कदम बेहद चौंकाने वाला है। जब इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं किया गया।

# स्योहारा में रामलीला का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के होलिका मैदान व बसंत वाटिका में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रामलीला नृत्य कला मंडल समिति द्वारा रामलीला का भव्य आयोजन प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजन से हुआ जिसे कुंवर रणजय प्रताप सिंह की माता ने संपन्न कराया। इसके बाद भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा के पुत्र प्रियंकर राणा ने फीता काटकर रामलीला का उद्घाटन किया।

उद्घाटन के बाद प्रियंकर राणा ने कहा कि रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति और परंपराओं की जीवंत धरोहर है। यह कार्यक्रम समाज को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा देता है। हमें गर्व है कि स्योहारा में इस प्रकार का भव्य आयोजन हर वर्ष



## श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

होता है, जो आने वाली पीढ़ियों को हमारी सनातन संस्कृति से जोड़ने का काम करता है।

इस अवसर पर भाजपा मंडल मंत्री अमित कुमार वर्मा, ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज संगठन के जिला अध्यक्ष एवं संरक्षक रमेश चंद तोमर, सभासद श्वेत रस्तोगी, मनोज भटनागर, डॉ. भूपेंद्र सैनी, राजपाल सिंह प्रजापति, पंडित राकेश शर्मा, प्रधान ऋषि राम सैनी, मंत्री सत्येंद्र सैनी, खजांची प्रकाश तोमर, उप प्रधान गुल्लू सैनी, ओमप्रकाश सैनी, बलवंत तोमर, आशीष माहेश्वरी, यशवंत सिंह, नरेंद्र सैनी, इंदर सिंह तोमर, मास्टर विजयपाल समेत नगर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने रामलीला मंडल समिति को सहयोग प्रदान करते हुए मंचन की सराहना की। उन्होंने कहा कि रामलीला हमारे धर्म व संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे समाज में आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना आवश्यक है।

रामलीला मंडल समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे पूरे कार्यक्रम में आकर धर्म व संस्कृति से जुड़े रहें और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरे दोनों पुत्र लोकेश कुमार एवं मोहित कुमार का विवाह हो चुका है। मेरे दोनों पुत्र मेरे कहने में नहीं है। दोनों का चाल चलन हमारे प्रति खराब हो गया है। इसलिए मैं अपने दोनों पुत्र लोकेश एवं मोहित को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन दोनों का मेरे तथा मेरे परिवार से कोई मतलब वास्ता नहीं रहेगा। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **नेपाल सिंह पुत्र टेका सिंह निवासी ग्राम जसमोरा, थाना नहटौर, जिला बिजनौर**

# नवाब साद बिन आसिफ ने लहराया परचम

## शूटिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड, शुभचिंतकों में खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** जयपुर मे आयोजित 48वी राज्य निशानेबाजी में नवाब साद बिन आसिफ ने स्कीट शूटिंग मे स्वर्ण पदक जीतकर एक बार फिर शेरकोट का नाम रोशन किया। वहीं इसका बात का पता चलते ही उनके शुभचितकों मे खुशी की लहर दौड़ गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला शेखान निवासी पूर्व चेयरमैन मरहूम आसिफ विकार के बड़े बेटे नवाब साद बिन आसिफ ने जयपुर में आयोजित 48वी राज्य निशानेबाजी चैंपियनशिप स्कीट शूटिंग मे हिस्सा लेकर जबरदस्त परफॉर्मेंस करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर शेरकोट का ही नहीं बल्कि जिले का भी नाम रोशन किया। नवाब सादबिन आसिफ ने बताया कि इस निशानेबाजी चैंपियनशिप मे लगभग 4800 निशानेबाजों ने भाग लिया था। इस बात का पता चलते ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी और उनके दूरभाष पर लोगों ने मुबारकबाद दी। इतना ही नहीं उनके चाहने वाले लोग उनके आवास पर पहुंचे और नवाब साद बिन आसिफ के चाचा कासिफ विकार को मिठाई खिलाकर मुबा. रकबाद देते हुए उनके लिए ईश्वर से आगे बढ़ने की प्रार्थना भी की है। उन्होंने कहा कि विश्व में किसी भी राष्ट्र की प्रगति का एक मापदंड खेल होता है। इसलिए खेल में देश की तरक्की होनी चाहिए।

बदा दें कि नवाब साद बिन आसिफ के पिता मरहूम पूर्व आसिफ विकार सहाब राजनीति में बड़ी पकड़ रखने के साथ-साथ निशानेबाजी में अव्वल रहे है। उन्हीं के सिखाये व बताये रास्ते पर चल रहे नवाब साद बिन आसिफ भी काफी समय से निशानेबाजी चैंपियनशिप में प्रदेश ही नहीं देश भर में अपना सिक्का जमा चुके हैं। साद बिन आसिफ प्रदेश ही नहीं केन्द्र में भी निशानेबाजी चैंपियनशिप में भाग लेते आ रहे है। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड के जंगलों में आदमखोर शेर व गुलदारों को मारने का वन विभाग द्वारा नवाब साद बिन आसिफ को परमिट मिले। जिस पर उन्होंने कई गुलदारों व शेरों को मारकर अपना नाम रोशन किया।

नवाब साद बिन आसिफ के घर मुबारकबाद देने में अलतमश विकार, शरीफ अहमद पूर्व सभासद, मौहम्मद आकिब सिद्दीकी, दिलशाद अहमद, सभासद नासिर पधान, दिलशाद अहमद, अशरफ राईन, तबरेज सिद्दीकी सहित सैकड़ों लोगों ने मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी।

# गन्ना पर्यवेक्षक समय पर समस्त कार्य पूर्ण करें: वीएम पाठक

## समिति में गन्ना पर्यवेक्षकों की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गन्ना समिति में गन्ना पर्यवेक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक ने समस्त राजकीय गन्ना पर्यवेक्षकों को समय रहते समस्त कार्यों के पूर्ण करने का सख्त आदेश दिए।

गन्ना पर्यवेक्षकों की बैठक में गन्ना पर्यवेक्षकों से अपने-अपने गन्ना ग्राम क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित किसानों से उनके गन्ने की फसल के बारे में जानकारी हासिल करने, नए एवं वारिस सदस्यों का डाटा एरिया आदि चैक करने, साथ ही समस्त किसानों से उनकी उपज बढ़ोतरी पर भी चर्चा कर उपज बढ़ोतरी के फॉर्म भरवाने और जमा करने, राजकीय गन्ना पर्यवेक्षकों ने अपने-अपने क्षेत्र में गन्ना पर्ची कैलेंडर में गलत एरिया के हटाने पर भी अपने-अपने विचार व्यक्त कर समस्त किसानों से अपने-अपने गन्ना सट्टा पर्ची कैलेंडर में अपना डाटा पूरी तरह चेक कर गन्ना सट्टा पर्ची कलेंडर मे त्रुटियों को सही कराते हुए संशोधित कराने की अपील की।

इस अवसर पर गन्ना पर्यवेक्षकों में भोपाल सिंह, परमजीत सिंह, शिवकिशोर, मनोज शर्मा, सौरभ कुमार, महेंद्र सिंह, हजारीलाल, दिग्विजय सिंह, कु.पूनम यादव, कार्मेंद्र सिंह, सहदेव भार्गव आदि उपस्थित रहे। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक ने समस्त गन्ना पर्यवेक्षकों से समय रहते अपना पेंडिंग वर्क तुरंत कंप्लीट कर लेंने का भी आदेश दिया। उन्होंने कहा कि शासनादेश अनुसार नवीन गन्ना सत्र के समस्त कार्य समय रहते पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह जानकारी गन्ना समिति कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस नोट में दी गई है।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद नजीबाबाद के द्वारा वर्ष 2025 में सेवानिवृत्ति शिक्षकों को सम्मानित किया गया। रवा राजपूत धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक उपस्थित हुए।

ब्लॉक अध्यक्ष रोहताश सिंह व मंत्री बलवंत सिंह, जिला उपाध्यक्ष शशि रानी और जिला कार्यकारिणी समिति सदस्य मदन गोपाल टांक द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुवंर पाल सिंह संरक्षक ने की और संचालन मदन गोपाल टांक जिला कार्यकारिणी सदस्य द्वारा किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक मदन गोपाल चौहान, ऋषिपाल फौजी और बृजरानी को सम्मानित किया गया। समारोह में दो टीचर उपस्थित नहीं हो सके। कार्यक्रम में हर प्रसाद शास्त्री, जयप्रकाश शर्मा, हरिदत्त शर्मा, बाबूराम कोषाध्यक्ष, सतपाल राजपूत आदि शिक्षकों ने अपने विचार रखें और संगठन की एकता पर बल दिया। नजीबाबाद ब्लॉक शिक्षकों का सम्मान समारोह प्रति वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर करता रहा है। सम्मान समारोह के अंत में दिवंगत सेवानिवृत शिक्षकों के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और कार्यक्रम का समापन हुआ।

# उद्योग व्यापार संगठन महिला मोर्चा की बैठक

## नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे मनोनयन पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन महिला मोर्चा की एक बैठक जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ के निवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता श्रीमती बिंदु सर्राफ प्रदेश मंत्री ने की तथा संचालन श्रीमती सुबोध महिंद्रा वरिष्ठ सदस्य उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने किया।

सभा में महिला संगठन का चुनाव हुआ। जिसमें सर्व समिति से श्रीमती सुनीता गुप्ता नगर अध्यक्ष, श्रीमती स्वाति अग्रवाल नगर महामंत्री, श्रीमती शशिकला राजपूत उपाध्यक्ष, श्रीमती राहिल परवीन नगर उपाध्यक्ष, श्रीमती आरती वर्मा कोषाध्यक्ष, श्रीमती रितेश चंद्र संगठन मंत्री, श्रीमती मंजू चौहान नगर मंत्री, श्रीमती मधु माहेश्वरी मीडिया प्रभारी, श्रीमती गीता केसरी नगर मंत्री, श्रीमती बबीता ट्रायल संगठन मंत्री, श्रीमती सुबोध महिंद्रा सम्मानित सदस्य, श्रीमती तनु गोयल सम्मानित सदस्य, श्रीमती लता वर्मा सम्मानित सदस्य, श्रीमती राजबाला शर्मा सम्मानित सदस्य मनोनीत हुई। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ ने सभी महिला पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को श्रीमती बिंदु सर्राफ एवं सुबोध महेंद्र ने मनोनयन पत्र दिया तथा आशा व्यक्त कि संगठन को मजबूती देने में सभी बहने तन-मन से व्यापारियों के हित में कार्य करेंगे। प्रदेश मंत्री बिंदु सर्राफ ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन जिला बिजनौर का व्यापारियों का नंबर वन संगठन है। इसमें चंदाखोरी का अनैतिक कार्य नहीं किया जाता है। जबकि कुछ व्यापारी नेता चंदाखोरी करके अपना जीवन यापन कर रहे हैं। क्योंकि वह व्यापारी भी नहीं है और व्यापारी नेता बन बैठे हैं। इसलिए व्यापारी अनावश्यक चंदा न दे। अंत में नगर अध्यक्ष श्रीमती सुनीता गुप्ता, नगर महामंत्री स्वाति अग्रवाल ने सभी को धन्यवाद दिया तथा संगठन को मिलजुल कर चलने का आश्वासन दिया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन जिंदाबाद व्यापारी एकता जिंदाबाद के नारों के साथ सभा समाप्त हुई।

# एलएलएम द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



## अजीम परवेज रहे प्रथम स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा एलएल.एम. द्वितीय सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कालेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों का परीक्षफ़ल शत प्रतिशत रहा।

विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि छात्र अज़ीम परवेज़ ने प्रथम, आर्यन शर्मा ने द्वितीय तथा कनिका गोयल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने बताया कि कृष्णा कालेज ऑफ लॉ, बिजनौर, रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय का प्रथम स्ववित्त पोषित विधि महाविद्यालय है एवं जनपद बिजनौर में एलएल.एम की शिक्षा प्रदान करने वाला एकमात्र महाविद्यालय है। पूर्व में भी महविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां तथा विधि विभाग के प्रवक्तागणों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# गजरथ महोत्सव: नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

## सुंदर झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** जैन समाज नहटौर के तत्वाधान मे चल रहे दशलक्षण महापर्व के समापन पर मंगलवार को गजरथ महोत्सव के तहत भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली गई, जिसमे कई झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

प्राप्त समाचार के अनुसार दिगंबर जैन मंदिर में जैन समाज ने पूजा अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही बोली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सौधर्म इंद्र की बोली अजय कुमार जैन पुत्र स्वर्गीय राम भरोसेलाल जैन, भगवान के रथ के सारथी की बोली सुनील कुमार जैन, धन कुबेर की बोली अनुराग जैन, ऐरावत हाथी की बोली पारस जैन पुत्र राजीव जैन आढ़ती ने तथा सर्वप्रथम श्री जी की आरती की बोली पंकज जैन ने ली। इसके उपरांत रथयात्रा का शुभारंभ मंदिर से किया गया। रथयात्रा में राजस्थानी नृत्य, अभिमन्यु चक्रव्यूह भारतीय सैनिक आतंकवादी को मारते हुए शोभायात्रा में भगवान महावीर भगवान बाहुबली गडुलना अहिंसा परमो धर्म पाडले वाले बाबा बलदाने वाले बाबा 7 हाथी वाला रथ, अमर जवान, मयूर नृत्य, साथ ही शोभायात्रा में स्वर्ण रथ पर सौधर्म इंद्र सवार थे। समाज के लोग भजन कीर्तन करते चल रहे थे। शोभायात्रा की अगवानी झंडा लिए आगे चल रहे थे। शोभा यात्रा में बैंड धार्मिक धुनें बजाते चल रहे थे।

जैन समाज के लोग भजन कीर्तन करते चल रहे थे तथा नाचते गाते चल रहे थे। शोभा यात्रा पंचायती मंदिर, होली चौक, सराय जौखा धर्मशाला होलियान चौधरियान सब्जी मंडी हलवाईयान कालू की आढ़त एजेंसी चौराहा से होती हुई जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जाकर पहुंची वहां जाकर पांडू शिला पर पहुंच कर अजय जैन व समाज के लोगों ने पूजा अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मे मेले का भी आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने मेले का भरपूर लुत्फ लिया।

इस अवसर पर दिगंबर जैन मंदिर के प्रबंधक राजीव जैन, डॉ. अंकुर जैन, अभिनव जैन, वंश जैन, श्रेयांश जैन, संदीप जैन, अनुराग जैन, अशोक जैन, दीपक जैन, लोकेश जैन, विनय जैन, विजय जैन, अजय जैन, पंकज जैन, सत्य जैन, वैभव जैन, आदेश जैन, सनी जैन, वंश जैन, राजेश जैन, शालू जैन, नितिन जैन, शुभम जैन आदि महिला पुरुष शोभायात्रा में शामिल है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात रहा।

# ग्राम पंचायत सचिवों और सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

## नवनियुक्त पंचायत सहायक सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत सीएससी डिस्ट्रिक्ट एवं ई-सेवाओं से संबंधित विषय पर ग्राम पंचायत सचिवों और पंचायत सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर विकास खंड अल्हैपुर के सभागार में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी को आमजन तक पहुंचाना और पंचायत सचिवालय से मिलने वाली सेवाओं को तकनीकी रूप से और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

शिविर में ई. आत्मा इन्फोटेक अलीगढ़ के मास्टर ट्रेनर जितेंद्र कुमार, लवकुश कुमार और अमित कुमार ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पंचायत सचिवालय के माध्यम से अब आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और खाद्य वितरण प्रणाली से संबंधित ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।

प्रशिक्षण में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गिरीश शर्मा ने उपस्थित सचिवों और सहायकों को ग्राम स्तर पर चल रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, आरआरसी सेंटर, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, खाद के गड्ढे और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन जैसे बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी त्रिलोचनंद और एडीओ पंचायत ने नवनियुक्त पंचायत सहायकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी योगराज सिंह, पंचायत सचिव नसीम अहमद, विनीत कुमार, विकेश कुमार, पंचायत सहायक जॉनी कुमार, शिवम कुमार, प्रनील कुमार, हुमरा, आंचल, जानी राजपूत, चारू चौहान, भावना सिंह, नेहा, अंजुम सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव और सहायक मौजूद रहे।

## एक नजर

### भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन




**धामपुर।** भारतीय किसान संघ ब्लॉक अल्हैपुर ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों का समाधान जल्द नहीं किया गया तो प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में प्रमुख मांगें रखी गईं कि नकली कीटनाशक, बीज और खाद वितरण व्यवस्था में सुधार किया जाए। क्योंकि खामियों के चलते खरीफ और आगामी रबी सीजन में किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही प्रदेश में भारी वर्षा से प्रभावित जिलों में किसानों को हुए नुकसान की भरपाई हेतु तुरंत उचित मुआवजा और राहत सहायता दी जाए। किसानों ने आगामी गन्ना मूल्य रूपए 500 प्रति कुंतल घोषित करने तथा निराश्रित पशुओं की समस्या का स्थाई समाधान निकालने की भी मांग की। संघ ने कहा कि यदि इन मांगों पर कार्यवाही नहीं की गई तो संगठन प्रदेश भर में आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में धर्मेंद्र कुमार, अशोक कुमार, राजीव कुमार, राजेंद्र सिंह आदि किसान शामिल रहे।

### बाइक चोरी का खुलासा नहीं

**हीमपुर दीपा।** करीब दो माह पूर्व थाने से महज 500 मीटर दूर बिजनौर रोड पर हीमपुर दीपा निवासी राहुल उर्फ सिद्दा की स्पलेंडर बाइक उस समय चोरी हो गई थी जब वह अपने खेत पर चक्कर लगाने गया था। पीड़ित ने बताया कि वह केवल 15 मिंट को खेत पर गया था और इसी दौरान बाइक साफ हो गई। उधर एसपी की फटकार के डर से थानाध्यक्ष ने मुकदमा न लिखकर पीड़ित की यूपी कॉप पर ऑनलाइन एफआईआर करा दी थी । बताया जाता है कि यह एफआईआर 15 दिन बाद रिजेक्ट कर दी गई क्योंकि एप्लिकेशन में कई कटिंग थी। हालांकि थानाध्यक्ष ने दोबारा एप्लिकेशन लिखवाकर फिर से यूपी कॉप पर अपलोड करा दी।

### आध्यात्मिक प्रदर्शनी का उद्घाटन



**चांदपुर।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय फीना के तत्वावधान में श्री जाहरवीर देवता के मेले में लगी आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का वरिष्ठ पत्रकार डॉ. मनोज कटारिया ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। उद्घाटन कार्यक्रम में चांदपुर सेवा केन्द्र संचालिका राजयोगिनी बी.के. साधना दीदी, फीना सेवा केन्द्र संचालिका बी.के. पूजा दीदी, पूर्व प्रधान यशपाल भाई, ब्रह्मा कुमार, महावीर भाई, सुनील भाई एवं ओमवीर भाई विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में आत्मज्ञान, सकारात्मक जीवनशैली और राजयोग की महत्ता को दर्शाने वाले चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसकी अतिथियों ने सराहना करते हुए कहा कि यह समाज के लिए प्रेरणादायी है। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. मनोज कटारिया ने जनमानस से परमपिता शिव के आलौकिक रुप को जानने एवं जीवन सफल बनाने के लिए अपना ध्यान केन्द्रित करने का आहवान किया।

# कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनजातीय जागरूकता कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ एवं डॉ. उदिता राजपूत के निर्देशन में छात्र एवं छात्रा इकाई के द्वारा महाविद्यालय परिसर में कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनजातीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं के द्वारा जागरूकता संबंधी कार्यक्रम प्रस्तुत किए। डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में जनजातियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्या प्रो. साधना ने कार्यक्रम में जनजातीय

## जीवन की कठिनाइयों व विषम परिस्थितियों पर रखे विचार

लोगों के जीवन की कठिनाइयों और विषम परिस्थितियों के विषय में अपने विचार रखें तथा उनको शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों और स्वयं सेविकाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. संतोष देवी, डॉ. मीनाक्षी चौहान, सनी कुमार, मौहम्मद सलीम आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उदिता राजपूत ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजेश श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

# अशोक राणा ने किया सोलर लाइट्स का लोकार्पण

## विधायक के प्रयासों की सराहना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल द्वारा सामाजिक दायित्वों के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की कड़ी में मंगलवार को 21 सोलर लाइट्स का लोकार्पण लोकप्रिय विधायक अशोक राणा ने किया। यह लोकार्पण रानीबाग पुलिस चौकी के सामने पूजा-पाठ व मंत्रोच्चारण के बीच नारियल फोड़कर सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने विधायक अशोक राणा का बुके और शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख नीरज प्रताप सिंह और राणा प्रियंकर सिंह को भी माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष ने सोलर लाइट्स की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रानीबाग पुलिस चौकी से जैतरा रेलवे फाटक और मिर्जापुर पल्ला लिंक रोड तक लगाए गए ये सोलर लाइट्स क्षेत्रवासियों को रात में बेहतर रोशनी उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गन्ना किसानों की समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका रही है।

विधायक अशोक राणा ने अपने संबोधन में धामपुर शुगर मिल द्वारा सामाजिक दायित्वों के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और विधानसभा क्षेत्र में ऐसे और कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में अभय शर्मा, विकास अग्रवाल, उपेंद्र तोमर, विनोद सिंह राणा, करुण अग्रवाल, अजय पांडेय, विशेष शर्मा, पूर्व लेखपाल प्रीतम सिंह, महिपाल सिंह, आदित्य सिंह, करणवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, घासीराम आर्य समेत गन्ना विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

संचालन शुगर मिल के कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने किया।



सम्भल- विकासखंड स्तरीय नैनो उर्वरक कार्यक्रम में किसानों को जागरूक करते।

# नैनो उर्वरक अभियान में किसानों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विकास खंड स्तरीय नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान के अंतर्गत किसान सभा का आयोजन कर नैनो डीएपी आदि की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

रजपुरा ब्लॉक में बी पैक्स पर आयोजित किसान जागरूकता कार्य अभियान का आयोजन इफको द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि शक्तिस्वरुप जिला महामंत्री भाजपा एवं सभापति राजपुरा समिति रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीसीओ राजेश कुमार त्रिपाठी सहकारिता ने की। संचालन क्षेत्राधिकारी इफको अमित पटेल ने किया। कार्यक्रम में एडीओ उदय भान यादव सहकारिता सहित 8 समिति के सचिव ने प्रतिभाग किया।जबकि 80 किसानों ने इसमें भाग लिया। किसान सभा में इफको के क्षेत्राधिकारी अमित पटेल ने नैनो यूरिया प्लस एवं डीएपी के उपयोग की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नैनो डीएपी का उपयोग आलू के कंद उपचार हेतु 5 मिली प्रति लीटर पानी में घोल बना कर स्प्रे मशीन की सहायता से आलू के कन्दो पर अच्छी प्रकार छिड़काव करे जिससे आलू के कंद नैनो डीएपी से उपचारित हो जाएंगे। लगभग 30 मिनट के बाद आलू को बुवाई करते है इसके बाद 45 50 दिन की फसल पर 5मिली प्रति लीटर पानी से नैनो डीएपी का अच्छी प्रकार से छिड़काव पत्तियों पर करते है। जिससे फसल कम लगत में अच्छी उपज होता हैं। किसानों को नैनो उर्वरक नैनो यूरिया प्लस नैनो डीएपी एवं नैनो जिंक नैनो कॉपर के बारे मे भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। किसान सभा में शिवम कुमार एस. एफ. ए., रोहित कुमार इफको एम सी, उपस्थित रहे। प्रगतिशील इसके अलावा किसान जगतपाल ग्राम चंदूनगला द्वारा उपयोग किए जा रहे नैनो उर्वरकों के लाभ के बारे में एवं इफको जल विलय उर्वरक के फायदे की विस्तार से जानकारी दी।

# सरकार व प्रशासनिक अफसरों की अव्यवस्था से किसानों की समस्याओं का नहीं हुआ समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**○ बीडीओ को सौंपा ज्ञापन**

**सम्भल।** खाद बीज वितरण व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्थाओं और खरीफ फसल से जुड़ी समस्याओं और सरकारी नीति व प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के चलते उत्पन्न होने वाली समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

मुख्यमंत्री को सम्बोधित सौंपे गए ज्ञापन में खाद बीज वितरण में व्याप्त अव्यवस्था से खरीफ की फसल को जो समस्या हुइ है उसे पुनः नहीं दोहराने की मांग की। जबकि पुनः भारी बारिश के कारण प्रभावित जनपदों में किसानों को पशुहानि व जनहानि के साथ-साथ फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। इसकी क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे से आंकलन कराकर तुरंत ही मुआवजा और राहत सहायता प्रदान की जाये। इसके अलावा आगामी गन्ना पैराई सत्र के समय आरम्भ कर गन्ने का भाव 500 रूपये प्रति कुंतल व पर्ची मूल्य अंकित कर घोषित करने व सत्र प्रारम्भ होने करने से पहले गन्ने का बकाया भुगतान कराये जाने की मांग की गयी।

निराश्रित पशुओं की समस्या का उचित व स्थाई समाधान निकालने और जल-जीवन मिशन के तहत गांवो में पाइप लाइन बिछाने का किया गया कार्य अधिकारियों की मिली भगत से पूर्ण न होने का आरोप लगाया जबकि इसके कारण सभी गांवो के रास्ते का बुरा हाल होने पर रोष जताया। ज्ञापन में प्रदेश सरकार व प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण किसानों के लिए उपरोक्त समस्यायें उत्पन्न हुई है। यदि समय रहते व पूर्व सभी समस्याओं का समाणन नहीं होने पर भारतीय किसान संघ की ओर से प्रदेश व्यापी आन्दोलन करने के लिए बाध्य होने की चेतावनी दी गई।



सम्भल- खाद बीज वितरण व व्याप्त अव्यवस्थाओं के विरोध में ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता।

# सड़क हादसे में दो नाबालिग समेत तीन की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**○खड़े ट्रक में घुसी बाइक, पुलिस ने शवों को पीएम को भेजा**

**बबराला।** गुन्नौर कोतवाली के निकट दिल्ली बदायूं राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े ट्रक में एक बाइक पर सवार दो नाबालिग समेत तीनों टकरा गये। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनको गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने तीनों को मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शवो को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया सूचना के बाद पहुंचे स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

बाइक सवार मृतक रेहान 19 वर्ष पुत्र अलहानूर निवासी रजपुरा,अरमान 15 वर्ष पुत्र कल्लू व हरनेम 15 वर्ष पुत्र हाशिम निवासीगण नदायल थाना सहसवान जिला बदायूं गुन्नौर नगर में स्थित नेहरू चौक के नजदीक बने ढाबा पर मजदूरी करते थे। जो रात दो बजे के करीब होटल पर साफ सफाई कार्य पूरा करने के बाद गुन्नौर नगर में किसी काम से बाइक से सवार होकर तीनों जा रहे थे तभी गुन्नौर कोतवाली व नगर में दिल्ली बदायूं राजमार्ग पर जुलेहपुरा की पुलिया पहुंचे तो खड़े ट्रक से बाइक टकरा गई और तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको पुलिस की सहायता से गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने तीनों को मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सूचना के बाद पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।

## बारिश थमते ही हुई गर्मी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कइ दिनों से बारिश की टपटपन मंगलवार को थमी रही। बारिश के थमते ही गर्मी का असर पूरी तरह रहा।

# सहनशीलता न होना बन रही घटना की वजह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गुस्सा, तेज,बर्दाश्त न होने के कारण लोग आत्महत्या का शिकार हो रहे है। दिन प्रतिदिन कई लोग काल का ग्रास बन जाते हैं। आज लोगों में पहले जैसी सहनशीलता नहीं है। खासकर युवाओं में जो पहले के लोगों में हुआ करती थी। पहले बाहरी व्यक्ति से भी कहासुनी हो जाने में के बाद मामला सुलझ जाता था तो आपस में मनमुटाव खत्म हो जाता था लेकिन आज बाहरी लोगों से तो बात दूर की है घर के परिजन जो हमसे बड़े हैं हमारे माता-पिता भाई बहन हैं उनकी बात भी हमें सुनना गवारा नहीं होता, मारपीट या अन्य बात तो दूर की है। आज पति-पत्नी की आपस में तकरार भी आत्महत्या का रूप ले रही है। जरा सी बात होने पर पति-पत्नी फांसी पर झूल जाते हैं। वह यह नहीं देखते कि उनके बाद उनके परिजनों व उनके बच्चों का क्या होगा कैसे उनका जीवन चलेगा उनके लिए क्या-क्या कठिनाई सामने आएंगी। यह कोई नहीं सोचता। गुस्सा, सहनशीलता पर भारी पड़ रहा है जिसकी वजह से गुस्से में लोग काल का ग्रास बन रहे हैं। परिजनों को भी परेशानी का सबब बन रहे हैं। गुन्नौर क्षेत्र में कल ऐसी कई घटना घटित हुई।



बबराला-क्रिकेट प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक पुत्र।

# युवाओं को खेलों के प्रति अग्रसर करने को उठाएं महत्वपूर्ण कदम

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर गुन्नौर में पूर्व चेयरमैन फारुक अली मैमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का समारोह पूर्वक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुन्नौर विधायक पुत्र अखिलेश यादव रहे। अध्यक्षता आबिद अली ने की। कार्यक्रम के दौरान अतिथि अखिलेश यादव ने विधिवत रूप से फीता काटकर व बाल के शॉट मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के संयोजक आबिद अली ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 12 टीमे भाग ले रही है। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 5100 रुपए नकदी व ट्राफी तथा उपविजेता टीम को 2100 रुपए नकदी व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। उद्घाटन मैच वजाहत 11 व शानू 11 की टीमों के मध्य हुआ। जिसमें शानू 11 की टीम ने वजाहत 11 को 2 विकेट से हरा दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिलेश यादव ने कहा कि खेलों का ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे आने में बेहतर अवसर मिल पाते हैं। अधिकांश कस्बों और गांवों में खेल की सुविधाएं नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में मौका नहीं मिल पाता है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में प्रेरित करने के लिए सरकार को महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए।तथा गांव-गांव में खेलों का माहौल बनाकर उच्च स्तरीय व्यवस्थाओं से युवाओं को उपलब्धकरवाई जानी चाहिए। आज के समय में युवा मोबाइल की लत का शिकार होने से खेलों से पिछड़ रहा है। मोबाइल की लत का शिकार होने से युवा अपराध की ओर अग्रसर हो रहा है। जिससे उनके भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। युवाओं को खेलों के प्रति अग्रसर करने के लिए सरकार को महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने चाहिए। युवाओं को अपने भविष्य को लेकर एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान रिजवान अंसारी, पप्पू सैफी, शोबी, गुडडू, साजिद, इमरान आदि मौजूद रहे।

# 25 सितम्बर तक मिलेगा पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क खाद्यान्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**○अंत्योदय कार्ड पर 14 किग्रा गेंहू,21 किग्रा फोर्टिफाइड चावल मिलेगा**

**सम्भल।** अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-के तहत इस माह आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 25 तक कराया जायेगा।

उत्तर प्रदेश खाद्य रसद विभाग की ओर से माह सितम्बर 2025 में निर्धारित वितरण तिथियों में अन्त्योदय कार्ड पर प्रति कार्ड 14 किग्रा. गेहूँ एवं 21 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल (कुल 35 किग्रा. खाद्यान्न) का निःशुल्क वितरण एवं अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त व सितम्बर 2025 के सापेक्ष 03 किग्रा. चीनी प्रति कार्ड रू. 18 प्रति किग्रा. की दर से 54- में तथा पात्र गृहस्थी कार्डो से सम्बंधित प्रत्येक राशन कार्डधारकों/लाभार्थियों को 02 किग्रा गेहूँ एवं 03 किग्रा फोर्टिफाइड चावल (कुल 05 किग्रा) प्रति यूनिट खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण नियमानुसार कराया जाना है। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसमें कोई भी उपभोक्ता किसी भी दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकता है। उक्त योजनान्तर्गत गेहूँ एवं चावल के वितरण 25 सितम्बर तक किया जायेगा। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाईल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क खाद्यान्न वितरण सम्पन्न किया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को यीनी के संबंध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नही होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेगें। इसके अलावा जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी ऐंसे लाभार्थी जिन्होने अपनी ई-केवाईसी नहीं करायी है, वह निकटवर्ती उचित दर दुकान पर जाकर अपनी ई-केवाईसी ज़रूर कराने की अपील की गयी है।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-गीला और सूख कचरा पृथक्कीकरण को जागरूग करते ईओ डा. मणि भूषण

### एनजीओ संग ईओ ने चलाया कचरा पृथक्करण अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सामाजिक कार्यकर्ता संगठन एनजीओ की आइ ई सी टीम द्वारा संयुक्त रूप से कचरा पृथक्करण हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। नगर पालिका परिषद व आइ ई सी संगठन की ओर से आयोजित अभियान में मौहल्ला कोट गर्बी स्थित वार्ड सं. 11 कोर्ट पूर्वी व वार्ड 14 सरथल चौकी में अभियान की शुरूआत की। इस दौरानं स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों को ईओ मणिभूषण तिवारी व संस्थाध्यक्ष नोमान जमाल द्वारा कचरा पृथक्करण डेमो इत्यादि दिखाते हुए बताया कि घरेलू कचरे में अधिकांश गीला और सूखा कूड़ा मिश्रित होता है जिसका निस्तारण सम्भव नही है और बीमारियों का भी ये बड़ा कारण बनता है। इसलिए इस कूड़े को घर से अलग करें और स्वच्छता कर्मी को दें इधर उधर न डालें। बताया कि अपने नगर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए इन बातों का विशेष धयान रखें तभी स्वच्छ भारत मिशन को कामयाबी मिलेगी वहीं आप और हम एक स्वस्थ वातावरण में जी सकेंगे कार्यक्रम में आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोगी करन सिंह का भी सहयोग रहा। अंत मे वार्ड सभासद राजेन्द्र कुमार ने सभी का धन्यवाद किया।



बबराला-सरस्वती कन्या उच्चतर मा. विद्यालय में रसोई गैस को जागरूक करते।

### विद्यालय सुरक्षा सम्बंधी दी जानकारी

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला में ललतेश गैस एजेंसी के कर्मचारियों ने छात्रओं को रसोई गैस की जानकारी,सावधाानी, सरकारी योजना और सुरक्षा संबंधाी जानकारी दी।रसोई गैस के सिलेंडर को काम के बाद रेगुलेटर बन्द कर दें।गैस की नली को समय पर बदल दें।सिलेंडर से गैस लीक होने पर सूचना दें। प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने छात्रओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने आस-पड़ोस इस जानकारी को साझा करें।जिससे रसोई गैस सिलेंडर से कोई दुर्घटना न हो सके।इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं,छात्राएं और स्टाफ उपस्थित रहा।



बबराला- बाबूराम सिंह इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को मिशन की जानकारी देते।

### आत्मिक ज्ञान से बनता है कर्मयोगी

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** बाबूराम सिंह इण्टर कालेज बबराला में कर्मयोगी मिशन के अन्तर्गत बहजोई से आये स्वामी कृष्णानंद झा ने छात्र-छात्राओं को क,ख,ग मिशन और अ,आ, इ, ई मिशन के बारे में बताया। जिसका उददेश्य पठन-पाठन की गुणवत्ता को बढ़ाना है। जिलधिकारी द्वारा मिशन कर्मयोगी संवाद का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य भारत के प्रत्येक व्यक्ति को कर्मयोगी बनाना व स्वयं को पहचानना है। कर्मयोगी सिर्फ भौतिक ज्ञान से नहीं बल्कि व्यक्ति आत्मिक ज्ञान से बन सकता है।निस्वार्थ भाव से सृष्टि और लोक की सेवा ही कर्मयोगी का लक्ष्य है।इस अवसर पर प्रधानाचार्य जगन्नाथ सिंह ने छात्रें को नैतिक मूल्यों आध्यात्मिक मूल्यों और सामाजिक मूल्यों के निर्माण के बारे में विस्तार से बताया और छात्रों के लिए आत्मचिंतन एवं स्वयं को पहचानने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन मोहित कुमार सक्सेना ने किया इस अवसर पर राधोश्याम शर्मा,शिवप्रकाश शर्मा, दीपक कुमार, ललतेश विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में दी गई तकनीकी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**○प्रशिक्षण में तीस लाभार्थियों ने लिया भाग**

**सम्भल।** मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधीन राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा प्रशिक्षण लगाकर प्रशिक्षाणर्थियों को योजनाओ की जानकारी दी।

ग्राम धनेटा सोतीपुरा न्याय पंचायत जयसिंह थरेसा ब्लॉक पंवासा में तक दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण शिविर लगाकर प्रशिक्षार्थियों को योजना के लाभ से अवगत कराया गया तथा खाद्य पदार्थों के प्रसंस्करण की तकनीकी जानकारी दी गई कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान पूनम एवं केंद्र प्रभारी नौसिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। प्रशिक्षण में हुकम सिंह राणा सेवानिवृत्त सहायक प्रभारी पिंकी सिंह महिला खाद्य प्रसंस्करण उद्यमी रितिका फूडस मुरादाबाद एवं श्रीगंगा दास आदि खाद्य प्रसंस्करण विषय वस्तु विशेषज्ञों के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कर प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए कार्यक्रम में कुल 30 लाभार्थियों ने भाग लिया।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को बैठक में दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को वृहद पुनरीक्षण की तैयारी को लेकर बैठक में ऑनलाइन पंजीकरण की जानकारी ली और सम्बंधितों को दिशा-निर्देश दिए गए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने संबंधित अधिकारियों से विभाग से कितने नियुक्त बीएलओ द्वारा अभी तक पुनरीक्षण संबंधी सामग्री तहसील स्तर से प्राप्त नहीं की गयी है, बीएलओ द्वारा बीएलओ एप पर आनलाइन पंजीकरण के विषय में जानकारी ली। जबकि संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने बीएलओ द्वारा अभी तक कितने परिवर्धन, अपमार्जन, और संशोधन किया जा चुका है तथा नियुक्त बीएलओ की हस्ताक्षरित सूची आदि के विषय पर चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# एजेंसी पर खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन दल ने मारा छापा



सम्भल-मै. काजल एजेंसीस पर छापामारी कर जांच करते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी।

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**○छापे में भारी कमी मिली, नमूने संग्रहित कर जांच को भेजे**

**सम्भल।** खाद्यय पदार्थो में मिलावट कर जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर शिकंजा कसा जाने लगा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य/पेय पदार्थो में मिलावट पर प्रभावी कार्यवाही को खाद्या सुरक्षा विभाग के प्रर्वतन दल की ओर से की गई छापामारी में नामचीन एजेंसी पर भारी कमी पायी गई। टीम ने मिलावट के संदेह पर नमूने संग्रहित कर जांच को प्रयोग शाला भेजे।

मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल ने इस्लामनगर रोड, बहजोई स्थित मै काजल एजेन्सीज' पर छापामार कार्यवाही की।छापे में मंगलदीप ब्राण्ड बटर मारग्रीन ब्लैण्ड' खाद्य पदार्थ की 128 पेटी भण्डारित पायी गयीं। जिसमें मिलावट का सन्देह होने पर नमूना संग्रहित कर हेतु प्रयोगशाला भेजा गया।छापे में मै. काजल एजेन्सीज को केवल फैट एवं आयल के विक्रय हेतु खाद्य लाइसेंस हासिल था जबकि मौके पर विभिन्न प्रकार की दालें, चावल, मैदा आदि विक्रय के लिए नियम विरूद्व भण्डारित मिले। जिनके विक्रय पर लाइसेंस लिये जाने तक अग्रिम आदेशों तक तत्काल रोक लगायी गयी। इस दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम व विनियम 2011 के अन्तर्गत वांछनीय अभिलेख, कर्मचारियों का मेडिकल फिटनेस, पेस्ट कण्ट्रोल सर्टिफिकेट, ट्रेनिंग सर्टिफिकेट आदि भी नहीं दिखाये गए। जबकि साफ-सफाई व्यवस्था सन्तोषजनक नहीं पायी गयी। टीम की ओर से फर्म को धारा-32 के अन्तर्गत नोटिस जारी किया गया।

# कस्बेवासियों ने बाढ़ पीड़ितों को भेजी राहत सामग्री

**○मदरसे में एकत्र सामग्री से भरे वाहन को किया रवाना**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**



सिरसी-पंजाब बाढ़ पीडित्रों के लिए राहत सामग्री लेकर वाहन से जाते।

**सिरसी।** कस्बेवासियों ने मुसीबत के वक्त बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाते हुए नकद राशि के साथ ही कपड़े व खाने-पीने के लिए राहत सामग्री पंजाब भेजी है। जिसकी हर तरफ सराहना की जा रही है।

कस्बे के मौहल्ला गिन्नौरी स्थित मदरसा फैजुल कुरआन में राहत सामग्री एकत्र की गई थी। जिसमें नकद लगभग तीन लाख रूपये के अलावा कपड़े आटा, दाल, चीनी, व तेल आदि खाने-पीने का सामान शामिल है। ट्रैक्टर-ट्राली द्वारा भेजी गई राहत सामग्री के समय मदीना मस्जिद के इमाम मौलाना मौ. सादिक ने पंजाब में आई बाढ़ से हुए भारी जानी व माली नुकसान पर गहरा दुःख जताते हुए कहा कि हम इस मुसीबत की घड़ी में बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़े हैं। उन्होने सभी लोगों से इस नेक काम में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेने की अपील की। इस मौके पर कारी रिजवान, साहिर किदवई, फुरकान, इकबाल, मुशर्रफ अली, वासिफ, काशिफ, मुजाहिद, मुकीम आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पत्नी से अवैध सम्बंधों के शक में साढ़ू पर धारदार हथियार से हमला

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**○पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच की शुरू**

**सम्भल।** साढ़ुओं के बीच विवाद में धारदार हथियार चले। विवाद में एक के हाथ की नस कट गई। पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

नखासा थाना क्षेत्र के ग्राम तुर्तीपुर इल्हा निवासी नदीम का अपने साढ़ू अमानत के साथ काफी समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि एक साढ़ू अपने ही साढ़ू पर पत्नी के साथ अवैध सम्बंध होने का शक करता है। इसे लेकर परिवार में आए दिन तनाव की स्थिति बनी रहती थी। आरोप है कि देर रात नदीम का साडू उसके पास अपने साथियों के साथ पहुंचा और पहले नदीम को शराब पिलाई, इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी होने लगी, विवाद इतना बढ़ गया कि अमानत ने अपने साथियों रफत व अरशद के साथ मिलकर ने गुस्से में आकर धारदार हथियार से हमले के दौरान नस कट गई। जससे वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा,घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, हमला होने के बाद पीड़ित थाने पहुंचा वहां तहरीर दी। पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों से पूछता जारी है,नदीम ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है,पुलिस ने मेडिकल कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है,थाना प्रभारी नखासा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है,इस सनसनीखेज वारदात के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है और पुलिस गांव में लगातार गश्त कर रही है।

## गुन्नौर से रामलीला का आयोजन 22 सितम्बर से

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर गुन्नौर के बिजली घर स्थित चामुंडा मंदिर पर रामलीला का आयोजन 22 अक्टूबर से किया जाएगा। नगर गुन्नौर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला का आयोजन 22 सितम्बर 2025 से आरंभ होगा। इसमें कलाकार रामलीला का पाठ करेंगे। यह जानकारी आदर्श रामलीला कमेटी के प्रधाान विनोद वार्ष्णेय ने दी है।

# कमल चौहान के मुख्य हत्यारोपी को कटघर पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई हिंदू समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल चौहान की हत्या के मुख्य आरोपी सनी दिवाकर को पुलिस ने मुठभेड़ में धर दबोचा है। पुलिस मुठभेड़ में दोनों पैर में गोली लगने से हत्या आरोपी घायल हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कमल चौहान के हत्यारोपी सनी दिवाकर के पुलिस मुठभेड़ में पकड़े जाने की जानकारी लगते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी जिला अस्पताल पहुंच गए और मामले की जानकारी ली। बताते चलें कि कटघर थाना क्षेत्र के दुर्गेश नगर डबल फाटक इलाके के रहने वाले कमल चौहान, जो कि हिंदू समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष थे। वह रविवार की शाम अपनी एक्टिवा स्कूटर से घर वापस लौट रहे थे कि इस दौरान कर्बला के मैदान के पास सनी दिवाकर ने अपने साथियों के साथ मिलकर कमल चौहान की गोली मारकर हत्या कर दी थी। तभी से हत्या आरोपी की तलाश में कटघर थाना पुलिस जुटी हुई थी और आखिरकार मंगलवार की दोपहर कटघर थाना पुलिस को एक पड़ी सफलता हाथ लगी।

कटघर थाना पुलिस ने कमल चौहान की हत्या के मुख्य आरोपी सनी दिवाकर को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस मुठभेड़ में दोनों पैरों में गोली लगने से हत्या आरोपी घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, पुलिस की कड़ी निगरानी के बीच हत्या आरोपी का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।

# सियालदाह ट्रेन का 5 साल बाद कांठ में रुकने पर स्वागत




**कांठ।** जम्मू तवी से कोलकाता तक चलने वाली सियालदह एक्सप्रेस का 5 साल बाद कांठ में रुकने पर सुबह लोगों ने स्वागत किया और खुशी मनाई। बतादे की कोरोना के दौरान सन 2020 से सियालदाह का स्टॉपेज कांठ सहित काफी जगह पर खत्म कर दिया गया था जिसे शुरू कराने के लिए अलग-अलग क्षेत्र के लोगों ने अलग-अलग पार्टियों के माध्यम से रेल मंत्रालय को पत्र भेज कर कांठ में स्टॉपेज कराए जाने की मांग उठाई थी। व्यापारियों का कहना था कि कांठ में गाज बैंडेज का कारोबार होने के कारण यहां के व्यापारी जम्मू से कोलकाता तक अपना सफर तय करते हैं और कांठ में सियालदह का स्टॉपेज ना होने के कारण उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन अचानक आए आदेश के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल पैदा हो गया आज सुबह 8:35 पर सियालदह कांठ पहुंची तो लोगों ने ट्रेन का स्टॉपेज बहाल करने वाले नेताओं एवं जन प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर अपनी खुशी जताई। इस मौके पर अब्बास फरीदी खुर्शीद सलीम सिद्दीकी शहजाद गुल मोहम्मद अमजद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

# नगर पंचायत पाकबड़ा से सफर ए उमराह के लिए जत्था हुआ रवाना



**मुरादाबाद।** जरीफ अहमद टेंट हाउस वाले और उनकी अहलिया को सफर ए उमराह के लिए रवाना होने पर नगर पंचायत पाकबड़ा के चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने मुबारकबाद दी। यह पवित्र यात्रा उनके लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुभव होगी, जिसमें वे अपने आध्यात्मिक और धार्मिक भावनाओं को और भी गहरा कर पाएंगे। चेयरमैन मोहम्मद याकूब की मुबा. रकबाद उनके प्रति एक शुभकामना और समर्थन का प्रतीक है। यह पवित्र यात्रा मक्का और मदीना की ओर जाती है, जो मुसलमानों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं। उमराह की यात्रा करने वाले जायरीनों को विदा करने के लिए अक्सर उनके परिवार और मित्रगण मौजूद रहते हैं और उन्हें फूलमाला पहनाकर हौसला अफजाई करते हैं। इस अवसर पर चेयरमैन मोहम्मद याकूब की उपस्थिति और मुबारकबाद देना जरीफ अहमद के लिए एक महत्वपूर्ण समर्थन और शुभकामनाओं का प्रतीक है।

# बिहारी स्कूल की छात्राओं का राज्य स्तरीय वालीबॉल टीम के लिए चयन



**कांठ।** बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज कांठ की छात्राओं को मंडल स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में जीत हासिल करने पर अब राज्य स्तरीय वालीबॉल टीम में खेलने का मौका मिल गया है। स्कूल से जारी विज्ञप्ति के अनुसार बताया गया की 8 सितंबर को जनपद बिजनौर में आयोजित सीनियर बालिका वर्ग में मंडल स्तरीय बालीवाल प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें मुरादाबाद की ओर से बिहारी कॉलेज की छात्रा गोसिया हातिफ समीरा खानम अर्शी एवं फरिया नाज का चयन राज्य स्तरीय बालीवाल टीम के लिए हो गया। छात्राओ की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य डॉक्टर अंजना शर्मा ने टीम कोच शिखा प्रजापति को बधाई दी तथा सभी छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, उन्होंने कहा कि सभी छात्राएं इसी प्रकार अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहने का प्रयास करें। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# जोधपुर में आयोजित होगा आईएफडब्ल्यूजे का 131वां तीन दिवसीय अधिवेशन

■ 11 से 13 सितम्बर तक होगा आयोजित, रखेंगे पत्रकारों की समस्यायें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** इंडियन फैडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट की राष्ट्रीय परिषद का 131 वां तीन दिवसीय अधिवेशन 11 सितम्बर से जोधपुर में शुरू होने जा रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए इंडियन फैडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के (आईएफडब्ल्यूजे) के राष्ट्रीय कर्विनर मौहम्मद जान तुर्की ने बताया कि 11 सितम्बर से 13 सितम्बर तक चलने वाले राष्ट्रीय परिषद का अधिवेशन राजस्थान की सूर्यनगरी जोधपुर में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि आईएफडब्ल्यूजे भारत की सबसे पुरानी संस्था है जिसका पंजीकरण ट्रेड यूनियन के अन्तर्गत अक्टूबर 1950 में हुआ था जो पत्रकारों के हित में तभी से लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि आईएफडब्ल्यूजे का एक 131वां अधिवेशन है जिसमें भारत के तमाम राज्यों से राष्ट्रीय परिषद के रूप में नामित सदस्य राष्ट्रीय पार्षद भाग लेंगे। उत्तर प्रदेश के प्रति. निधियों का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी करेंगे।

# टीएमयू वॉलीबाल चैंपियनशिप का सेमीफाइनल आज

■ मुकाबलों में भिड़ेंगे जिनेसिस, जेपी ग्रेट मिशन व पायनियर के खिलाड़ी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से हो रही इण्टर स्कूल वॉलीबाल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मुक. ाबलों में जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल- मुरादाबाद, जेपी पब्लिक स्कूल- चांदपुर, ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल- रामनगर, पायनियर अकादमी- जसपुर ने प्रतिद्वंदी टीमों को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। चौंपियनशिप के दूसरे दिन 11 मुकाबले हुए। चैंपियनशिप के फाइनल मुक. ाबला 10 सितंबर को होगा, जबकि इससे पूर्व सेमीफाइनल मुकाबले होंगे। तीसरे स्थान के लिए सेमीफाइनल में हारी टीमों के बीच टक्कर होगी। चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल, मुरादाबाद बनाम ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल, रामनगर और जेपी पब्लिक स्कूल, चांदपुर बनाम पायनियर अकादमी, जयपुर की टीमें भिड़ेंगी। चौंपियनशिप का फाइनल मुकाबला भी कल- आज होगा। क्वार्टर फाइनल मैचों में जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल, मुरादाबाद और आरएसडी अकादमी, मुरादाबाद के बीच हुई। टक्कर में जेने. सिस की टीम ने 2-0 सेट से मैच अपने नाम कर लिया। इसी तर्ज पर जेपी पब्लिक स्कूल, चांदपुर ने ग्रीन मिडोज स्कूल, मुरादाबाद को 2-0 सेट से एकतरफा मात दी। रामनगर के ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल ने अमरोहा के शान्ति देवी मेमोरियल स्कूल को 2-0 सेट से हराकर जीत अपने नाम कर ली। जसपुर की पायनियर अकादमी ने रामनगर के शाइ. निंग स्टार्स स्कूल को 2-0 सेट से मात दी। फिजिकल एजुकेशन के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा के संग-संग फैकल्टीज मुकेश कुमार, तौहीद अख्तर, पवन बिष्ट, कुशाग्र दीक्षित, अगम प्रताप आदि की भी मौजूदगी रही। टूर्नामेंट कराने में सीनियर स्टुडेंट्स-अभिषेक कुमार, आयुष ओझा, विनीत मिश्रा, अमृत उपाध्याय, निर्दोष यादव और लक्ष्य सिंह ने बतौर रेफरी की भूमिका निभाई।

# रोटरी क्लब एलीट ने किया निःशुल्क मेडिकल चैकअप कैम्प का आयोजन




**मुरादाबाद।** रोटरी क्लव एलीट एवं विजडम एजूकेशन कॉलेज, फतेहपुर विश्नोई के साथ कोठीवाल डेन्टल कॉलेज के सौजन्य से एक निःशुल्क मेडीकल चौकअप कैम्प कॉलेज के प्रागण में लगाया गया। जिसमें कोठीवाल डेन्टल कॉलेज के 10 अनुभवी डाक्टरों द्वारा फतेहपुर विश्नोई के आस-पास के गाँव के रहने वाले ग्रामीणों का हेल्थ परीक्षण एवं दन्त परीक्षण किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लव एलीट के अध्यक्ष रो० मुकेश त्यागी, सचिव ज्ञान प्रकाश, पी०डी०जी० रो० डा० राकेश सिंघल, पी०पी० रो० प्रवीन कुमार(सी०ए०), रो० नलिन अग्रवाल, रो० राजीव अग्रवाल (गवर्नर), रो० संजीव सक्सैना (चेयर सर्विस प्रोजेक्ट), रो० पराग पोरवाल, रो० विवेक अग्रवाल, रो० मयूर गुप्ता, रो० आर्दश अग्रवाल, रो० निशि विजय गुप्ता, रो० नीरल अग्रवाल, रो० राजेश चौधरी,रो० अनुराग थापन, रो० आर०एन० सिंह, बडी संख्या में ऐनीज, शिखा सिंघल, सीमा अग्रवाल, दीप्ती अग्रवाल, दीपमाला त्यागी, गीता सिंघल, कॉलेज के प्राचार्य एवंम् प्रोफेसरों ने बढचढ कर भाग लिया।

# टीएमयू में अब ऑटोमेटिक एडवांस मशीन से हाथों-हाथ बनेंगे दांत

टीएमयू के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की अत्याधुनिक कैड/कैम लैब का /एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर ने दांत लगवाने वाले ख्वाहिशमंद पेशेंट्स के लिए नायाब तोहफा दिया है। डेंटल कॉलेज में अब ऑटोमेटिक एडवांस मशीन- मिलिंग मशीन लग गई है। इस मशीन के जरिए अब हाथों-हाथ दांत बन जाएंगे। टीएमयू का डेंटल हॉस्पिटल इस मशीन को लगाने वाले वेस्ट यूपी के चुनिंदा हॉस्पिटल में शुमार हो गया है। मरीजों को आर्टिफिशियल दांत के लिए कई-कई दिन तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इस मशीन का एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया। यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और जीवीसी श्री मनीष जैन कहते हैं, टीएमयू हमेशा अपने पेशेंट्स के उम्दा ट्रीटमेंट को संकल्पित है। हम वैश्विक स्तर के ट्रीटमेंट के मद्देनजर समय-समय पर अपने हॉस्पिटल्स में एडवांस मशीनें लगाते रहते हैं। इस मौके पर डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. प्रदीप तांगड़े और वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन के संग-संग प्रोस्थोडोंटिक्स क्राउन एंड ब्रिज के एचओडी प्रो. शलभ कुमार आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। अब दांत का माप लेने के लिए पेस्ट के झंझट से मुक्ति मिलेगी। मैनुअल सिस्टम में दांत का माप लेने में कुछ न कुछ चूक हो जाती थी। कभी दांत बड़ा या कभी छोटा बन जाता था। फिक्स दांत के लिए हफ्तों तक इंतजार करना पड़ जाता था। इस झंझावट के चलते डॉक्टर्स और पेशेंट्स को दांत को फिक्स करने में काफी दुश्वा. रियों का सामना करना पड़ता था। इस मशीन के स्थापित होने के बाद इन सभी दुश्वारियों से निजात मिल जाएगी। इस एडवांस मशीन की विशेषताएं यह है, इसके जरिए दांत का सटीक डिजिटल इम्प्रेशन लेकर दांत तैयार किए जा सकेंगे। यह मशीन कुछ ही घंटों में दांत तैयार कर देगी। इससे समय और श्रम दोनों की बचत होगी। साथ ही शेड मैचिंग करने भी सुविधा होगी। इस आधुनिक मशीन में रूस, जापान, जर्मनी सरीखे देशों की एडवांस टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया गया है।

उल्लेखनीय है, हाल ही में टीएमयू हॉस्पिटल में घुटना प्रत्यारोपण के लिए रोबोटिक तकनीक का शुभारम्भ भी हो गया है। इस मौके पर पेरियोडोंटोलॉजी के एचओडी प्रो. शलभ मेहरोत्रा, प्रो. विश्व दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

# गन्ना समिति कांठ की वार्षिक साधारण सभा की बैठक डीएसएम इंटर कॉलेज में संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ की वार्षिक साधारण सभा की बैठक का आयोजन डीएसएम इंटर कॉलेज के हाल में किया गया। बैठक के दौरान गन्ना क्रय केंद्रों के सुरक्षण के प्रस्ताव चीनी मिल तथा किसान प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। जिस पर गन्ना समिति के बोर्ड द्वारा विचार किए जाने की बात कही गई। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अगवानपुर सिराज मालिक द्वारा विभागीय योजनाओ एवं डीबीटी द्वारा अनुदान के बारे में जानकारी दी गई। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह चुन्नू ने कहा कि किसानों की समस्या का समाधान प्रमुखता के साथ किया जाना चाहिए। अध्यक्षता कुवर सुरेंद्र सिंह और संचालन सचिव खेत सिंह द्वारा किया गया। विशेष अतिथि चौधरी हुकम सिंह रहे। इनके अलावा संजय कुमार गौरव कुमार राहुल कुमार उधम सिंह एवं चीनी मिलों के प्रबंधक और किसान मौजूद रहे। हालांकि साधारण सभा की बैठक में मीडिया को ना बुलाना आज चर्चा का विषय बना रहा कुछ डेलीगेटों ने भी उन्हें बैठक की सूचना न दिए जाने का आरोप लगाया।

# महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में सेपक टाकरा प्रतियोगिता का आयोजन

**मुरादाबाद।** महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज संयोजक (बालक वर्ग) तथा राजकला पीडीए कन्या इंटर कॉलेज संयोजिका (बालिका वर्ग) के संयोजन में सेपक टाकरा प्रतियोगिता का आयोजन महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में किया गया।इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में केवल महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज और बालिका वर्ग में केवल राजकला पी डी ए की टीमों ने प्रतिभाग किया इसके अलावा किसी भी अन्य विद्यालय की टीमों ने प्रतिभाग नहीं किया जिस कारण बालक वर्ग में महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज तथा बालिका वर्ग में राजकला पीडीए कन्या इंटर कॉलेज को विजय घोषित किया गया। इस अवसर पर महारा. जा अग्रसेन के प्रधानाध्यापक मेजर राजीव ढल, अनूप अग्रवाल शारीरिक शिक्षक सुमित कुमार शर्मा तथा पूनम भटनागर प्रधानाचार्या राजकला पीडीए कन्या इंटर कॉलेज एवं डॉ. अर्चना सिंह उपस्थित रही।

# शिक्षा की मजबूत नींव ही भविष्य की गारंटी

विकासखंड बनियाखेड़ा में एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** किसी भी भवन की मजबूती उसकी नींव पर निर्भर करती है। अगर नींव कमजोर हो तो भवन ज्यादा दिन टिक नहीं पाता। यही बात शिक्षा पर भी लागू होती है। बच्चे की प्रारंभिक शिक्षा जितनी मजबूत होगी, उसका व्यक्तित्व और भविष्य उतना ही उज्ज्वल बनेगा। इसी सोच को लेकर मंगलवार को ब्लॉक बनियाखेड़ा के सभागार में एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वय प्रबंधक विपुल राठौर ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले नौनिहाल ही असली भारत का भविष्य हैं। इन बच्चों को योग्य और संस्कारी बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों पर है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त शिक्षक कठिन परीक्षा और प्रशिक्षण के बाद नियुक्त होते हैं। यदि वही पूरी निष्ठा और मेहनत से शिक्षा देंगे तो निश्चित ही बच्चों का भविष्य बदल जाएगा। राठौर ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए क-ख-ग-घ मिशन की अवधारणा रखी। इसके अनुसार क का अर्थ है कहानी व कल्पना शक्ति, ख का अर्थ खेल, ग का अर्थ गति और घ का अर्थ घनिष्ठता। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे इन चार बातों पर ध्यान देंगे तो उनका मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास स्वतः ही होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अब छात्र-छात्राएं शिक्षिकाओं को 'दीदी' कहकर संबोधित करेंगे ताकि निकटता और आत्मीयता बनी रहे। खंड शिक्षा अधिकारी पोपसिंह ने कहा कि आज के बच्चों को सिर्फ पढ़ाई ही नहीं बल्कि संस्कारों की भी जरूरत है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को श्रीमद्भागवत गीता, भगवान श्रीराम, लव-कुश, महाराणा प्रताप, सुभाषचंद्र बोस, भगतसिंह और चंद्रशेखर आजाद जैसी विभूतियों की कहानियां सुनाएं। इन कहानियों से बच्चों में त्याग, साहस और देशभक्ति की भावना जागृत होगी और वे जीवन में आदर्श मार्ग पर चल सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान यह संदेश दिया गया कि शिक्षक केवल पढ़ाने वाले नहीं बल्कि समाज निर्माता होते हैं। गुरु अपने शिष्यों को न केवल ज्ञान देता है बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक भी बनाता है।

यही कारण है कि समाज में गुरु का स्थान सर्वोपरि माना गया है। कार्यक्रम में जिला समन्वय प्रबंधक विपुल, खंड शिक्षा अधिकारी पोपसिंह, एसआरजी शालिनी सक्सैना, सचिव शिवनंदन शर्मा समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# गणेश मेला में हुई मेहंदी प्रतियोगिता



**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ के 65वें महोत्सव के दौरान स्व० उमा गुप्ता धर्मपत्नी डॉ० गिरिराज किशोर गुप्ता की पुण्य स्मृति में मेहँदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों से 203 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। 18 वर्ष से कम उम्र की सभी प्रतिभागियों ने सुन्दर-सुन्दर मेहँदी अपने हाथों पर लगाकर अपनी अदभुत कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री मंजू दिलेर एवं रेलवे ट्रेनिंग कॉलेज प्राचार्या अंजू सिंह ने फीता काटकर किया जिन्होंने सभी छात्राओं का कला क्षेत्र में सराहनीय प्रदर्शन को लेकर उत्साहवर्धन किया। निर्णायक मंडल में डॉ दुर्गा टंडन और अलीशा चौधरी रही। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एस.एम. डिग्री कॉलेज से कीर्ति, द्वितीय स्थान पर एस.एम. डिग्री कॉलेज से निधि, तृतीय स्थान पर लीजा सिंह बीएमजी डिग्री कॉलेज, चतुर्थ स्थान पर एस.एम. डिग्री कॉलेज से पिंकी एवं पंचम स्थान पर रामप्यारी कन्या इंटर कॉलेज से सोनी विजयी रहीं। सभी प्रतिभागियों को मेला परिषद की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविन्द्र कुमार रूपी, मनोज गुप्ता मीनू, डॉ० राजीव गुप्ता, मेजर शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र मामा, एड० लोकेन्द्र शर्मा, प्रजीत कुमार लालू, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, शुभम अग्रवाल, प्रफुल्ल कुमार, अंजू गुप्ता, संध्या गुप्ता, सीमा गुप्ता, विनीता गुप्ता, नीतू गुप्ता, गुंजन गुप्ता, भावना गुप्ता, युक्ति गुप्ता, रूसा सोलंकी, विधि गुप्ता, पूनम अरोरा, नूतन चौधरी, विनेश वार्ष्णेय, दुर्गा वार्ष्णेय, डॉ वन्दना सक्सेना, कल्पना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री यशवीर सिंह द्वारा संस्था क्रिकेट एसोसिएशन मुरादाबाद, मौहल्ला बाजार पश्चिमी देव धाम कॉलोनी बिलारी मुरादाबाद का सचिव दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. मोहित अध्यक्ष, 2 शिंटू कुमार उपाध्यक्ष, 3. यशवीर सिंह- सचिव, 4. कुलदीप यादव- उप सचिव 5. सुमित शर्मा कोषाध्यक्ष, 6. सुदर्शन सिंह, 7. पुनीत कुमार सदस्य दर्शाये गये है। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी । विदित हो कि उक्त नोटिस सो0रजि0एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है। आज्ञा से (आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक

**खोया-पाया सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल का प्रमाण पत्र जिसका क्रमांक 2129025 व अनुक्रमांक 0776819 उत्तीर्ण वर्ष 2010 है तथा बी०एड का अंक पत्र जिसका क्रमांक 1297366 व अनुक्रमांक 210446660029 एवं नामांकन संख्या 12116090 उत्तीर्ण वर्ष 2023 है जो दिनांक 25/08/2025 को वास्ता में रास्ते में कहीं गुम हो गये हैं। जिस किसी सज्जन को मिले निम्न पते पर सूचित करें। **मौ० शबीह आलम पुत्र रियासत हुसैन निवासी ग्राम व पोस्ट व थाना मैनाठेर तह. बिलारी जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र रूहे जमाल को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में रूहे जमाल के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **मोहम्मद जमाल पुत्र मोहम्मद अखलाक निवासी नई बस्ती कपड़ा नीम, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय, मुरादाबाद।**

**मूलवाद सं० :** 283/2025

**तारीख पेशी:** 19.09.2025

राजवीर सिंह सैनी आयु लगभग 39 वर्ष पुत्र स्व. श्री छोटे लाल सैनी उर्फ रमेश निवासी ग्राम रामनगर मंझरा तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

**जनता आम, मुरादाबाद।**

चूंकि उपर्रिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 09 के दिवस 19 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 09 के दिवस 09 को निकाली गयी है।

**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), मुरादाबाद।**

# 95 लाख रुपये की साइबर ठगी करने वाली आरोपी महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** फर्जी कस्टम अधिकारी बनकर महिला के साथ 95 लाख रुपए की साइबर धोखाधड़ी करने वाली एक आरोपी महिला को साइबर थाना पुलिस ने की गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़ी गई आरोपी महिला मूल रूप से मणिपुर चंदेल की रहने वाली है और दिल्ली में अपने गैंग के साथ मिलकर लोगों के साथ साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देती रही है। मंगलवार को एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने रिजर्व पुलिस लाइंस में प्रेस वार्ता कर पीड़ित महिला के साथ हुई साइबर ठगी की घटना का खुलासा किया है।



एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना मुरादाबाद में 31 अगस्त को एक धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें एक महिला ने बताया था कि shaadi-com में उसमें एक आईडी बनाई थी, उसकी आईडी पर एक आरव सिंह नाम के व्यक्ति ने फोन किया और अपनी शादी के बारे में उससे बात की, उसने अपने आप को एनआरआई बताते हुए वह वहां से नौकरी कर रहा है शादी की बात को आगे बढ़ाया और फिर उसने बताया कि एक पार्सल हम आपको भेज रहे हैं उसमें कीमती सामान है, शादी का गिफ्ट समझकर आप उसे रख लेना। जब वह पार्सल यहां आता है तो यहां से एक फोन जाता है कि पार्सल में कीमती सामान है, पैसे देकर छुडा लीजिए इसके बाद वह महिला पहले पैसे देती है।उसके बाद मनी लांड्रिंग के केस में फसाने के लिए फर्जी कस्टमर अधिकारी बनकर एक महिला उससे बात करती है। इस तरह से 95 लाख रुपए की साइबर धोखाधड़ी पीड़ित महिला के साथ हो जाती है। 31 अगस्त को मुकदमा पंजीकृत किया गया था, तभी से पुलिस काम कर रही थी और आज इस मामले में एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। दिल्ली से एक महिला कोनसम सुनीता है, जो मणिपुर चंदेल की रहने वाली है,उसको गिरफ्तार किया गया है।वह इस घटना में शामिल है। उसके पास से एक लैपटॉप,8 मोबाइल,9 एटीएम कार्ड,दो चेक बुक, एक पासबुक,6 सिम कार्ड और 20 हजार 570 रुपये की नगदी बरामद की गई है।

## रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुरादनगर।** एसोसिएशन फोर ह्युमैनिटेरियन डोक्टरस विदाउट बोर्डरस एवं निफा गाजियाबाद ने संयुक्त रूप से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मुहल्ला कोट चोपाल में आयोजित किया गया, जहाँ अनुभवी ब्लड बैंक टीम द्वारा रक्तदान एकत्र करने में सहायता की गई। रक्तदान शिविर में 20 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया और 14 लोग रक्तदान कर महादानी बने। रक्तदान शिविर का उद्देश्य चिकित्सा उपचार और आपात स्थितियों में रक्त की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करना था। यह जीवन बचाने में रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य किया। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय संगठन ए एच डी डब्ल्यू बी के प्राइम. री हेल्थ केयर डायरेक्टर डॉ फहीम सैफी ने कहा कि दोनों संगठन मानव. हत कार्यों हेतु प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी बराबर इस तरह के आयोजन सफलतापूर्वक कराने के लिए प्रयत्नशील रहेंगे।

## एक नजर

### किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा



**बिलारी।** भारतीय किसान संघ द्वारा सरकारी नीति व प्रशासनिक अफसरों की लापरवाही के कारण उत्पन्न किसानों की समस्याओं के सन्दर्भ में सौंपा ज्ञापन। भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पूरे प्रदेश में ब्लॉक स्तर पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर भारतीय किसान संघ के विभाग संगठन मंत्री रमेश चंद्र, प्रांत प्रचार प्रमुख तेज भान सिंह राघव, जिला उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, जिला प्रचार प्रमुख पवन कोहली, ब्लॉक मंत्री अमन सक्सैना, राजपाल सिंह यादव, लाखन सिंह, अशोक सिंह, वेदपाल सिंह, हरपाल सिंह, महिपाल सिंह, झमन सिंह, रामकुमार, रोहतास यादव, सूरजपाल शर्मा, हर ज्ञान सिंह प्रधान, लोकेश यादव, अरविंद यादव, दानवीर सिंह ठाकुर, सुनील चौहान, रविंद्र सिंह राघव, सर्वेश राघव, राजेश राघव, आकाश शर्मा, कृपाल सिंह, राम अवतार सिंह, हर ज्ञान सिंह, सूरजमल, श्रीपाल यादव, रामसेवक, होरीलाल, राजपाल सिंह, लोकेश कुमार, विजय यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मातृत्व दिवस शिवर में भारी संख्या में पहुंची गर्भवती महिलाएं



**बिलारी।** नगर के राजकीय महिला अस्पताल में सोमवार को लगे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस शिविर में नगर व क्षेत्र से बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं पहुंची। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ रेशमा वजाहत और डॉ सेहर फात्मा ने गर्भवती महिलाओं की पहले जांचें कराई बाद में उनके स्वास्थ्य की जानकारी कर जरूरत के हिसाब से उन्हें दवाई दी। शिविर में हीमोग्लोबिन, हेपेटाइटिस सी, शुगर, बीपी,वजन और लंबाई आदि की जांच की गई। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रेशमा वजाहत ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर 111 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया जिनमें से 71 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड भी कराया गया है। शिविर में जांचों के दौरान 13 ऐसी गर्भवती महिलाएं मिली जिनमें खून की कमी के अलावा कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्या थी जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सुरक्षित मातृत्व दिवस का चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश सिंह ने भी शिविर की व्यवस्थाओं का भ्रमण कर जायजा लिया।

### पंजाब की बाढ़ को लेकर भारतीय किसान यूनियन की किसान भवन छजलैट में हुई बैठक

**कांठ।** पंजाब में बाढ़ से हुई बर्बादी को लेकर आज भारतीय किसान यूनियन की पंचायत का आयोजन राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर नो सिंह की अध्यक्षता में किसान भवन छजलैट में किया गया जहां पर पंजाब में हुई जनहानि व किसानों के नुकसान को लेकर दुख व्यक्त किया गया बताया गया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेश के अनुसार राहत सामग्री और सहायता राशि इकट्ठा कर वहां भेजी जानी है। इसकी रूपरेखा तैयार की गई पंचायत के दौरान संगठन के पदाधिकारी पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कुंदरकी एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुरादाबाद अमित काजला को जिला अध्यक्ष घनेन्द्र शर्मा ने जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी। इस मौके पर डॉक्टर नो सिंह शुभम राठी पंकज चौधरी गौरव तोमर चौधरी ऋषिपाल सिंह देवेंद्र सिंह सतवीर सिंह मान आदि मौजूद रहे। संचालन चौधरी यशपाल सिंह ने किया।

### मतदेय स्थलों को गली, मोहल्लों के नाम से प्रदर्शित करने पर हुई बैठक

**ठाकुरद्वारा।** चुनाव प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने तहसील सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ संवाद कर मतदेय स्थलों को गलीदृमोहल्लों के चर्चित नामों पर प्रदर्शित करने का सुझाव दिया। नगर में एसडीएम कार्यालय पर राजनी. तिक पार्टीयो के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजन की गई जिसमें में एसडीएम प्रीति सिंह ने कहा कि यदि मतदान केंद्रों के नाम आम बोलचाल में प्रचलित गलीदृमोहल्लों के नाम पर होंगे, तो मतदाताओं को पहचानने और वहां तक पहुंचने में आसानी होगी। उन्होंने राजनीतिक दलों से इसमें सहयोग देने की अपील की बैठक में संजीव सिंघल, रजनीश प्रताप, नवीन यादव, डॉ. आर.पी. गौतम, दीपक वाल्मीकि,और ईश्वर सागर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विहान आवासीय बालिका विद्यालय में कंप्यूटर और स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा वर्ष 2015 से वित्त पोषित एवं समाजशास्त्र विभाग लखनऊ , विश्व. विद्यालय लखनऊ द्वारा संचालित विहान बालिका आवासीय विद्यालय निर्माण श्रमिक आशियाना कॉलोनी मुरादाबाद में संचालित है विहान बालि. का आवासीय विद्यालय में रोटरी क्लब संस्कृति के तत्वाधान में स्मार्ट क्लासेस और कंप्यूटर कक्षा का उद्घाटन का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत रोटरी क्लब संस्कृति के द्वारा प्रदान किए गए स्मार्ट क्लासेस का 'चीफ गेस्ट श्री काव्य सौरभ रस्तोगी जी के द्वारा क्लब के सभी सदस्यों की उपस्थिति में आज स्मार्ट क्लास के लिए डिजिटल बोर्ड और 3 कंप्यूटर सेट का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर सेट टेबिल सहित विद्यालय को उपलब्ध कराया। स्मार्ट क्लास ओपनिंग के दौरान विद्यालय की छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जिसमें पानी बचाओ के प्रति एक नाटक छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया बच्चों के कार्यक्रम को देख रोटरी क्लब के उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा खूब सराहना की। और रोटरी क्लब के द्वारा समस्त छात्राओं को आइस क्रीम, नाश्ता पैकेट,स्टेशनरी का वितरण किया गया। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष निधि बंसल, अंजलि अग्रवाल, राघव अग्रवाल, डॉ पल्लव अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, रीना मित्तल, रोहित धमीजा,दीपा खन्ना, आदि उपस्थित रहे।





कार्यक्रम में प्रभारी वार्डन मधुरिमा, शोभा तिवारी, मोहसिन अहमद खान लेखाकार, प्राची वर्मा, दीपक खोसला, रिंकी चौधरी, नईम फातिमा, निर्मला, फूलवती, विद्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मुरादाबाद स्मार्ट सिटी एसपीवी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक सम्पन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मुरादाबाद स्मार्ट सिटी, एसपीवी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडिशनल सीईओ द्वारा निद. ेशक मण्डल के समक्ष एजेंडा प्रस्तुत किया गया, जिसके पश्चात निर्णय लिए गये।



बैठक में निदेशक मण्डल/मण्डलायुक्त द्वारा मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के निदेशक के रुप में श्री अशोक कुमार चौरसिया, मुख्य अभियन्ता पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को निद. ेशक/अंशधारी नियुक्त किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। मण्डलायुक्त द्वारा मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के निदेशक के रुप में श्री परमेश कुमार सहयुक्त नियोजक टाउन एण्ड कन्ट्ररी प्लानिंग मुरादाबाद को निदेशक नियुक्त किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड परियोजना के अन्तर्गत निर्मित पीएनजी आधारित शवदाह गृह के संचालन हेतु नगर निगम मुरादाबाद को हस्तगत किए जाने का अनुमोदन भी प्रदान किया गया।

स्मार्ट सिटी परियोजना सोलर बेस्ड वाटर एटीएम के ऑपरेशन और मेंटनेंस अवधि की समाप्ति से पूर्व परियोजना संचालन तथा संचालन से प्राप्त आय की शेयरिंग किए जाने हेतु निविदा आदि की कार्यवाही करते हुए एजेंसी का चयन किए जाने के प्रस्ताव का मण्डलायुक्त द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके साथ ही स्मार्ट सिटी लिमिटेड की समस्त पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को सेल्फ सस्टेनेबल बनाये जाने एवं इन कार्यों से रेवन्यू प्राप्त किए जाने हेतु आवश्यक प्लानिंग शीघ्र बनाये जाने के मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण श्री अनुभव सिंह, एडिशनल सीईओ मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड श्री अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय, मुख्य अभियंता पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड श्री अशोक कुमार चौरसिया सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

## बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस ने चलाया संघन चेकिंग अभियान

**ठाकुरद्वारा।** नगर में कोतवाली पुलिस ने अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत नगर के सभी बैंकों, एटीएम व बैंकों के आसपास खड़े वाहन की संघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर सुरक्षा व्यवस्था परख कर साथ ही ग्रामीणों व बैंक कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया। कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह के निर्देश पर उपनिरीक्षक ललित कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस कर्मियों के साथ मंगलवार को नगर के बैंक व एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया इस दौरान नगर के बैंको के आस पास विभिन्न जगहों पर वाहनों को भी चेक किया गया व आस पास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई है साथ ही सीसीटीवी कैमरे को देखा गया साथ ही रजिस्टर चेककर बैंक सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए साथ ही ड्यूटी पर लगें सुरक्षाकर्मियों को बैंक में आ रहै व्यक्तियों पर नजर रखने की बात कही है।चेकिंग अभियान में पीसी ऋषिपाल कॉस्टेबल योगेश कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर शिविर का किया गया आयोजन

**मुरादाबाद।** भारतीय स्टेट बैंक ष्रेलवे स्टेशन शाखा मुरादाबाद द्वारा रेलवे स्टेशन पर एक ष्नवीन रेलवे सैलरी पैकेज एमओयू के संदर्भ में जागरूकता और जन संपर्क अभियान शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में आरएसपी खाता सुविधा के लिये रेलवे कर्मचारियों को जागरूक किया गया।कैंम्प मे स्टेशन शाखा से सम्बंधित 55 कर्मचारियों के आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 33 कर्मचारियों के खाते को तत्काल प्रभाव से आरएसपी खाता में शाखा द्वारा परिवर्तित किया गया तथा अन्य एसबीआई शाखाओं में संचालित सैलरी खातों को आरएसपी में परिवर्तन हेतु 108 रेल कर्मियों ने आवेदन फॉर्म प्राप्त किये।इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार, सीआईटी विजयन्त कुमार शर्मा, वेलफेयर इंस्पेक्टर राकेश बलोदी, स्टेशन शाखा प्रबंधक हिमांशु चौहान, चीफ मैनेजर वरुण यादव और एसोसिएट मुदित कुमार आदि उपस्थित रहें।

# स्वयं सहायता समूहों और स्वयं सेवी संगठनों के साथ विकास भवन में आयोजित हुई कार्यशाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** समर्थ उत्तर प्रदेश- विकसित उत्तर प्रदेश 2047 हेतु विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए जनपद मुरादाबाद में शासन द्वारा नामित प्रबुद्ध जनों में शामिल सेवानिवृत आईएएस दिलीप गुप्ता, सेवानिवृत्ति विभागाध्यक्ष कृषि प्रसार कॉलेज डॉ. ओंकार तिवारी, सह निदेशक सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व. विद्यालय मेरठ डॉ रविंद्र कुमार और सेवानिवृत प्रोफेसर आईसीएआर श्री रणवीर सिंह ने विकास भवन स्थित बापू सभागार में जनपद के स्वयंसेवी संगठन और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के साथ बैठक करके सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए जरूरी प्रयास एवं सुझावों पर विस्तृत चर्चा की।





उपायुक्त एनआरएलएम ने जनपद में स्वयं सहायता समूहों के गठन और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सक्रियता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए स्वयं सहायता समूह से जोड़कर समाज की मुख्य धारा में शामिल करके आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विद्युत सखी, बैंक सखी, ड्रोन दीदी सहित विभिन्न प्रकार के कार्यों से जुड़कर विभागों के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया जा रहा हैं साथ ही विभाग द्वारा दी जाने वाली प्रोत्साहन धनरा. शि से उनका आर्थिक उन्नयन भी हो रहा है। प्रबुद्धजनों में शामिल सेवानिवृत आईएएस श्री दिलीप गुप्ता ने बैंक सखी के रूप में कार्य कर रही सारिका से उनके कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। सारिका ने बताया कि वह अपने गांव से 30 किलोमीटर के दायरे में स्थित गांवों में विद्युत बिल जमा करने का कार्य कर रही हैं जिससे उन्हें अच्छी आय मिल रही है। उन्होंने बताया कि बैंक सखी के रूप में कार्य करने से उनके परिवार का आर्थिक विकास हो रहा है साथ ही उन्हें सामाजिक रूप से भी नई पहचान मिल रही है और वह स्वयं को मजबूत महसूस कर रही हैं। उन्होंने विद्युत बिलों की वसूली के दौरान आने वाली समस्याओं और उनके समाधान के लिए भी टीम को जानकारी दी। उपायुक्त एनआर एलएम ने बताया कि विभाग द्वारा स्वास्थ्य सखियों के चयन को लेकर भी प्रयास किया जा रहे हैं। ये स्वास्थ्य सखियां ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को पोषण प्रबंधन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने में मदद करेंगी।

बैठक में हरित प्रोत्साहन, नेत्रदान, शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे स्वयंसेवी संगठनों ने भी अपने सुझाव दिए। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने बताया कि सभी के सुझावों को संग्रहित करके प्रबुद्ध जनों की टीम द्वारा शासन को भेजी जाएगी। उन्होंने प्रबुद्ध जनों की टीम को स्वास्थ्य, कृषि, विद्युत सहित विभिन्न रोजगारपरक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और स्थानीय स्तर पर किए जा रहे विशेष प्रयासों को लेकर भी विस्तृत जानकारी दी।

# श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होने से पूर्व ढोल नगाड़ों के साथ निकली कलश यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव ख्वाजपुर धनतला में श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होने से पूर्व ढोल नगाड़ों के साथ गांव के मुख्य मार्गो से कलश यात्रा निकाली गई। जगह-जगह पुष्प बर्षा कर स्वागत किया गया। कथावाचक साध्वी लवली ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करने के बाद कलश यात्रा का शुभारंभ किया । इस दौरान महिलाएं सर पर कलश रख नंगे पग भगवती माता का गुणगान करती चल रही थी वहीं अन्य श्रद्धालु भक्ति में लीन हो भक्ति भरे भजनों रखते चल रहे थे । भजनों की गूंज से क्षेत्र का माहौल धार्मिक मय हो गया । कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गो से निकालने के बाद मंदिर परिसर में पहुंची । कहां पर विधि विधान के साथ कलश स्थापित किए गए । बाद में साध्वी लवली ने श्रीमद् भागवत कथा के संबंध में विस्तार से बताया कि कथा का स्मरण व सुनने मात्र से मनुष्य को मुक्ति का मार्ग मिल जाता है । उन्होंने श्रद्धालु गणो से अनुरोध किया कि इस तरह की धार्मिक कथाओं में आयोजनों में सह परिवार सम्मिलित होना चाहिए खासतौर से छोटे बच्चों को अवश्य लाएं ताकि उनके मन में धार्मिकता व ईश्वर के प्रति जिज्ञासा बढ़ सके । कार्यक्रम महन्त महेंद्र सिंह ,ब्रह्मपाल यादव, सुखबीर सिंह सैनी, उमर पाल सिंह , योगेश बिश्नोई ,सैनी, सोमपाल यादव , दिवाकर ,यशपाल सिंह ,सतीश कुमार विपिन कुमार ,पूर्व प्रधान अमर सिंह यादव ,उषा देवी ,मिथलेश देवी, रामवती, सरोज देवी ,लक्ष्मी देवी ,पूजा देवी आदि मौजूद रही।

## यूट्यूबर द्वारा ब्लैकमेलिंग और दबाव बनाने के मामलो से लोग परेशान

**ठाकुरद्वारा।** नगर में पत्रकारिता के नाम पर सक्रिय यूट्यूबरों की हरकतों से लोग त्राहि-त्राहि मची हैं। बिना किसी मान्यता और लाइसेंस के यह तथाकथित पत्रकार दुकानदारों, व्यापारियों और जिम्मेदार नागरिकों को डराने-धमकाने से बाज नहीं आ रहे। आए दिन इनकी ब्लैकमेलिंग और दबाव बनाने की घटनाएँ सामने आ रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि ये यूट्यूबर कैमरा और मोबाइल लेकर दुकानों पर पहुंच जाते हैं और मनमाने सवाल पूछकर वीडियो बनाते हैं। जब जवाब मन मुताबिक नहीं मिलता तो धमकी दी जाती है कि सोशल मीडिया पर बदनाम कर दिया जाएगा। मजबूरी में व्यापारी चुप्पी साध लेते हैं। नगरवासियों का आरोप है कि इनकी वजह से सच्ची पत्रकारिता करने वाले भी बदनाम हो रहे हैं। जिम्मेदार पत्रकारों ने वर्षों की मेहनत से समाज में भरोसा और विश्वसनीयता बनाई है, लेकिन कुछ यूट्यूबरों की मनमानी से पूरी पत्रकारिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसी बीच एक्टिव प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष सतीश चौधरी ने भी नारा. जगी जताई है। उन्होंने कहा कि फर्जी पत्रकारिता करने वाले यूट्यूबरों के खिलाफ जांच कराकर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि पत्रकारिता की गरिमा और विश्वसनीयता बनी रह सके।

## कार्यालय ग्राम पंचायत दूल्हापुर पट्टी जाट
### विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद

पत्रांक 01/ग्रा.पं.दूल्हापुर पट्टी जाट/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025-26 दिनांक: 09.09.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दूल्हापुर पट्टी जाट वि०ख० ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025-26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025-26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यो की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र **GPDP 2025-26** के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 10.09.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 17.09.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 17.09.2025 | सां. 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।

1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आँशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत दूल्हापुर पट्टी जाट**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालय एवं कारखाना:** द्वारिकेश नगर - 246 762, जिला बिजनौर, (उ.प्र.)
**फोन:** 01343 - 267057-64; **फैक्स:** 01343 - 267065
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 511, मेकर चैम्बर्स वी, 221, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021.
**फोन:** 2283 2486, 2204 2945; **फैक्स:** 2204 7288
**ई-मेल:** investors@dwarikesh.com; **वेबसाईट:** www.dwarikesh.com
**सीआईएन:** L15421UP1993PLC018642

**योग्य शेयरधारकों के लिए ट्रांस्फर डीड दोबारा जमा करने के लिए विशेष विंडो खोले जाने की सूचना**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 01 अप्रैल, 2019 की प्रभावी तिथि से भौतिक रूप में उपलब्ध प्रतिभूतियों का हस्तांतरण बंद कर दिया था। तदुपरांत यह स्पष्ट किया गया कि 1 अप्रैल, 2019 की समय-सीमा से पहले जमा किए गए और डॉक्युमेंट में कमी की वजह से अस्वीकृत/वापस किए गए ट्रांस्फर डीड आवश्यक डॉक्युमेंट के साथ 31 मार्च, 2021 तक दोबारा जमा किए जा सकते हैं।

सेबी ने 2 जुलाई, 2025 दिनांकित सर्कुलर संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 के माध्यम से यह सुविधा बढ़ाने और मूल रूप से 1 अप्रैल, 2019 से पहले जमा किए गए और डॉक्युमेंट या प्रक्रिया में कमी या अन्यथा किसी कारण से अस्वीकृत, वापस कर दिए गए या विचार नहीं किए गए भौतिक शेयरों के हस्तांतरण के अनुरोध दोबारा दर्ज करने के लिए एक विशेष अवधि देने/विंडो खोलने का निर्णय लिया है। **यह 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक छह महीने की अवधि होगी।**

योग्य शेयरधारकों से यह ध्यान रखने का अनुरोध किया जाता है कि इस अवधि में हस्तांतरण के लिए दोबारा जमा की गई प्रतिभूतियां/शेयर (आज की तिथि तक कंपनी/आरटीए के पास लंबित अनुरोध सहित) सिर्फ डीमैट रूप में जारी किए जाएंगे और इसकी प्रक्रियाएं विधिवत पूरी की जाएंगी। 01 अप्रैल, 2019 से पहले जिन शेयरधारकों ने भौतिक रूप में उपलब्ध शेयरों के हस्तांतरण का अनुरोध किया, परंतु उल्लिखित कारणों से यह अस्वीकार कर दिया गया या वापस कर दिया गया इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं और ऐसे शेयरों को हरतांतरण के लिए दोबारा जमा कर सकते हैं।

किसी प्रश्न के उत्तर या सहायता के लिए कम्पनी के आरटीए से संपर्क कीजिए:

**आरटीए का नाम:** मेसर्स एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड)
**ईमेल:** rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com
**फ़ोन:** +91 22 49186000-79
**पता:** सी 101, 247 पार्क, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई- 400 083

**यह सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.dwarikesh.com पर भी अपडेट कर दी गई है।**

**कृते द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
हस्ता./-
**बी. जे. माहेश्वरी**
**प्रबंध निदेशक एवं सीएस-सह-सीसीओ**
**डीआईएन : 00002075**

**स्थान :** द्वारिकेश नगर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश
**दिनांक:** 9 सितम्बर, 2025

# कोहली-रोहित के बिना पहला टूर्नामेंट



एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल

**दुबई, वार्ता।** जब भारत कल दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के अपने पहले मैच में मैदान पर उतरेगा, तो यह महज एक अभियान की शुरुआत से कहीं बढ़कर होगा। यह भारतीय क्रिकेट में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी। विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के 2024 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद संन्यास लेने के उपरांत पहला बड़ा टूर्नामेंट। एक दशक से भी ज्यादा समय तक, इस तिकड़ी ने भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में दबदबे को आकार दिया। कोहली की उपलब्धियों की तलाश, रोहित के सहज छक्के और जडेजा की ऑलराउंड प्रतिभा ने भारतीय टी20 क्रिकेट

## एशिया कप में गिल निभाएंगे विराट का रोल

की रीढ़ बनाई। विश्व कप जीत के बाद उनका एक साथ बाहर होना प्रतीकात्मक और भूचाल लाने वाला था। अब, युवा क्रिकेटरों की एक नई पीढ़ी भारत को शीर्ष पर बनाए रखने की ज़िम्मेदारी उठा रही है। सूर्यकुमार यादव, जो अब कप्तान हैं, भारत के नए दर्शन निडर बल्लेबाज़ के प्रतीक हैं। वह एक ऐसी टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें विस्फोटक प्रतिभा और उभरती हुई निरंतरता का मिश्रण होगा। उप-कप्तान शुभमन गिल एक साल से भी ज्यादा समय बाद टी20 में वापसी कर रहे हैं और शीर्ष पर अपनी जगह फिर से हासिल करने के लिए बेताब हैं। दूसरी तरफ अभिषेक शर्मा होंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 54 गेंदों में 135 रनों की तूफानी पारी खेलकर न सिर्फ़ रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि खुद को भारत का अगला बिग-हिटिंग सनसनी भी घोषित कर दिया। तिलक वर्मा, जिनका पिछले नौ मैचों में औसत 82 का है, एक आक्रामक क्रम में एक शांत संतुलन का प्रतिनिधित्व करते हैं। संजू सैमसन के मध्यक्रम में ढलने और हार्दिक पांड्या के बल्ले और गेंद दोनों से खेलने के साथ, भारत की कोर टीम तरोताजा और महत्वाकांक्षी दिखती है। शिवम दुबे एक पावर-हिटिंग ऑलराउंडर के रूप में गहराई जोड़ते हैं। बल्लेबाजी में जहां युवापन झलकता है, वहीं गेंदबाजी अभी भी जसप्रीत बुमराह के अनुभव पर निर्भर है। अर्शदीप सिंह के साथ, वह एक ऐसे आक्रामक आक्रमण की अगुवाई करते हैं जो आगे से धारदार है। स्पिन की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती, जिन्होंने अपने पिछले 10 मैचों में 26 विकेट लिए हैं, और कुलदीप यादव, जिनकी कलाई की स्पिन दुनिया भर के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को परेशान करती रही है, के बीच साझा किए जाने की उम्मीद है। एसीसी पुरुष प्रीमियर कप 2024 जीतकर अपनी जगह बनाने वाली यूएई टीम इस मुकाबले में एक कमजोर टीम के रूप में उतर रही है, लेकिन उसका आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। कप्तान मुहम्मद वसीम, जो अपनी निडर बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं, अपनी टीम को तेज शुरुआत देने की कोशिश करेंगे। अलीशान शराफू और आसिफ खान, जो एक जाने-माने फिनिशर हैं, मध्यक्रम में जान फूंकेंगे। उनकी गेंदबाजी की उम्मीदें हैदर अली के विकेट लेने वाले फॉर्म और जुनैद सिद्दीकी के अनुभव पर टिकी हैं। हालांकि, इतिहास और मौजूदा फॉर्म उनके खिलाफ भारी पड़ते हैं। दोनों टीमों के बीच 2016 में खेले गए एकमात्र टी20 मैच में भारत ने यूएई को 81/9 पर रोक दिया था और फिर 10 ओवर से कुछ ज्यादा समय में जीत हासिल कर ली थी। दुबई की पिच संतुलित मानी जाती है, लेकिन लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के लिए थोड़ी अनुकूल है। इस मैदान पर खेले गए 110 टी20 मैचों में से 58 में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने जीत हासिल की है।

# जैस्मीन क्वार्टरफाइनल में पहुंची

**जैस्मीन ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए 5-0 का स्कोर बनाया**



**लिवरपूल, वार्ता।** विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना की स्वर्ण पदक विजेता जैस्मीन लैम्बोरिया ने लिवरपूल में चल रही विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में दो बार की ओलंपियन ब्राजील की जुसीलेन सेर्केरा रोमेउ को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। जैस्मीन और रोमेउ इससे पहले अस्ताना में स्वर्ण पदक के लिए आमने-सामने हुई थीं और भारतीय मुक्केबाज ने कड़े मुक.ाबले के बाद जीत हासिल की थी। लेकिन लिवरपूल में, जैस्मीन ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए 5-0 का स्कोर बनाया और अब वह विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से बस एक जीत दूर हैं। भारत ने हाल ही में गठित मुक्केबाजी की अंतर्राष्ट्रीय नियामक संस्था, विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित हो रही इस पहली विश्व चैंपियनशिप में 20 सदस्यीय दल उतारा है और पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा है। विश्व मुक्केबाजी कप के रजत पदक विजेता अभिनाश जामवाल ने भी पुरुषों के 65 किग्रा भार वर्ग के दूसरे दौर में मेक्सिको के ह्यूगो बैरन को 5-0 से हराकर अपना अभियान जारी रखा। हालांकि, महिलाओं के 54 किग्रा भार वर्ग में साक्षी का सफर यहीं खत्म हो गया, क्योंकि उन्हें राउंड ऑफ 16 में तुर्की की हैटिस अक्बा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। लिवरपूल में सनामाचा चानू का अभियान भी कजाकिस्तान की नताल्या बोगदानोवा से 0-5 से हार के साथ समाप्त हो गया। सचिन (पुरुष 60 किग्रा) कजाकिस्तान के बिबार्स जेक्सेन से 1-4 से हारे जबकि नीरज फोगाट को महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग में इंग्लैंड की स्थानीय उम्मीद साचा हिकी से 2-3 से हार का सामना करना पघ।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अमेरिका नई मार्की क्रिकेट ली की मेजबानी करेगा

**अमेरिका, वार्ता।** अमेरिका एक नए रोमांचक क्रिकेट तमाशे की मेजबानी के लिए तैयार है, क्योंकि मेयर्स न्यू वर्ल्ड टी-20 क्रिकेट लीग नवम्बर 2025 में शुरू हो रही है। यह 12-दिवसीय टूर्नामेंट अंतर्राष्ट्रीय दिग्गजों और अमे.रिका की स्थानीय प्रतिभाओं के रोमांचक मिश्रण के साथ क्रिकेट मनोरंजन को नई परिभाषा देने का वादा करता है। मेयर्स न्यू वर्ल्ड टी20 क्रिकेट लीग में चार फ्रेंचाइजी टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें 60 गतिशील खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय सितारे, अमेरिका के क्रिकेटर और स्थानीय प्रतिभाएं शामिल हैं।

### पुनेरी पल्टन से भिड़ेगी यूपी योद्धाज

**विशाखापट्टनम।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में यूपी योद्धाज 10 सितम्बर को रात 9:00 बजे विशाखापटनम के विश्वनाथ स्पोर्ट्स क्लब में पुनेरी पल्टन से भिड़ेंगे और इस मैच को जीतकर वे जीत की पटरी पर वापसी चाहेंगे। अभी तक तीन मैचों से चार अंक जुटाकर योद्धाज अंकतालिका में पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने दो मुकाबले जीते हैं। दूसरी ओर, छह अंकों के साथ

पुनेरी पल्टन दूसरे स्थान पर है। उन्होंने पांच मैच खेले हैं और पिछला मुकाबला पटना पाइरेट्स से 11 अंकों के अंतर से गंवाया है। नए सीजन की शुरुआत यूपी की टीम ने शानदार ढंग से की है। पहले तेलुगु टाइटंस और फिर पटना पाइरेट्स को हराने के बाद हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में अपने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया था। उनकी डिफेंस की मजबूती ने पूरे लीग के प्रतिद्वंद्वी कोचों का ध्यान खींचा है।

# सुआरेज पर तीन मैचों का अतिरिक्त प्रतिबंध

- **इस प्रतिबंध के साथ सुआरेज की सजा कुल नौ मैचों तक बढ़ा दी गई है**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इंटर मियामी के स्ट्राइकर लुइस सुआरेज पर मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने तीन मैचों का अतिरिक्त प्रतिबंध लगा दिया है। लीग ने सोमवार को बताया कि लीग कप के फाइनल में सिएटल साउंडर्स के एक कर्मचारी पर थूकने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

लीग ने यह जानकारी दी। इस प्रतिबंध के साथ 38 वर्षीय खिलाड़ी की सजा कुल नौ मैचों तक बढ़ गई है। टूर्नामेंट आयोज.कों ने सुआरेज पर पहले ही छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया था, जिससे वह अगले साल होने वाले लीग कप में नहीं खेल पाएंगे। यह नया प्रतिबंध एमएलएस मैचों पर लागू होता है, जिसका अर्थ है कि वह 13 सितम्बर को चार्लोट एफसी, 16 सितम्बर को सिएटल और 20 सितम्बर को डीसी यूनाइटेड के खिलाफ होने वाले लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

यह विवाद पिछले महीने हुए फाइनल में मियामी की सिएटल से 3-0 की हार के बाद हुआ था। सुआरेज ने ओबेद वर्गास का गला पकड़ लिया था, जिसके बाद सर्जियो बुस्केट्स ने मिडफील्डर की ठोड़ी पर वार किया था।

उरुग्वे के इस फारवर्ड को टीम के साथियों ने तब रोका जब वह साउंडर्स के सुरक्षा निदेशक जीन रामिरेज पर थूक रहे थे।

# जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप 28 नवम्बर से

- **मदुरै और चेन्नई में जर्मनी दक्षिण अफ्रीका और भारत-चिली मैचों के साथ शुरुआत होगी**




**चेन्नई, वार्ता।** जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप चेन्नई और मदुरै में 28 नवम्बर से 10 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें 28 नवम्बर को मदुरै में खिताब विजेता जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच होगा। भारत उसी दिन चिली के खिलाफ मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा और उसके अगले दिन पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच होगा। भारत अपना आखिरी लीग मैच 2 दिसंबर को मदुरै में स्विट्जरलैंड के खिलाफ खेलेगा। टूर्नामेंट का कार्यक्रम तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कल रात यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जारी किया, जिसमें एफआईएच अध्यक्ष तैय्यब इकराम, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह भी मौजूद थे। पहली बार हो रहे इस विश्व कप में दुनिया भर की 24 टीमें हिस्सा लेंगी और यह तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। छह टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित किया गया था और भारत को ग्रुप-बी में पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया था। तैय्यब इकराम ने कहा कि एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 के मैच कार्यक्रम का शुभारंभ इस प्रतिष्ठित आयोजन की हमारी यात्रा में एक और रोमांचक मील का पत्थर है। एफआईएच के इतिहास में पहली बार, जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी, जो एफआईएच सशक्तिकरण और सहभागिता रणनीति के तहत हासिल की गई एक बड़ी उपलब्धि है। यह न केवल हॉकी के वैश्विक विकास और समावेशिता को रेखांकित करता है, बल्कि उभरते हॉकी देशों को शीर्ष स्थापित टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर की प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाएं वैश्विक मंच पर अपने जुनून, दृढ़ संकल्प और कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

# फीफा महिला चैंपियंस कप का पहला संस्करण अक्टूबर में चीन में शुरू होगा

- **इस टूर्नामेंट में छह महाद्वीपीय क्लब फुटबॉल में पहली विश्व चैंपियन बनने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**जेनेवा, वार्ता।** फीफा ने अपने पहले महिला चैंपियंस कप का अनावरण कर दिया है। चीन में होने वाले इस टूर्नामेंट में छह महाद्वीपीय क्लब चैंपियन महिला क्लब फुटबॉल में पहली विश्व चैंपियन बनने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

यह टूर्नामेंट 8 अक्टूबर को वुहान स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में शुरू होगा, जहां एएफसी महिला चैंपियंस लीग की विज.ेता स्थानीय टीम वुहान जियांगडा डब्ल्यूएफसी का सामना इस साल की ओएफसी महिला चैंपियंस लीग की चैंपियन ऑकलैंड यूनाइटेड एफसी से होगा। फीफा महासचिव मैटियास ग्राफस्ट्रॉम ने सोमवार को एक बयान में कहा कि जैसे-जैसे पहला राउंड नजदीक आ रहा है, दुनिया भर के क्लब प्रशंसक, मीडिया और फुटबॉल प्रेमी इतिहास बनते देखने के लिए तैयार हैं, क्योंकि पहला फीफा महिला चैंपियंस कप वुहान में शुरू हो रहा है। यह टूर्नामेंट पहली बार फीफा के बैनर तले हर महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ महिला क्लबों को एक साथ लाएगा, जिससे उत्कृष्टता प्रदर्शित करने, महिला क्लब खेल को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए एक वैश्विक मंच मिलेगा।

# पाकिस्तान के तेज गेंदबाज उस्मान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**कराची, वार्ता।** उस्मान शिनवारी ने छह साल की अवधि में पाकिस्तान के लिए 34 मैच खेलने के बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को अलविदा कहने का फैसला किया है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 2013 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में पदार्पण किया था और बाद में उन्होंने अपना वनडे और टेस्ट डेब्यू भी श्रीलंका के खिलाफ ही किया। उन्होंने 17 वनडे और 16 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में हिस्सा लिया और क्रमश: 34 और 13 विकेट लिए। टेस्ट क्रिकेट में उनका एकमात्र प्रदर्शन दिसंबर 2019 में श्रीलंका के खिलाफ हुआ था, जो पाकिस्तान के लिए उनका आखिरी मैच भी साबित हुआ। उस्मान ने अपने दूसरे वनडे में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जब उन्होंने शारजाह में श्रीलंका के खिलाफ एक पारी में पांच विकेट लिए। उन्होंने 2019 में अपने आखिरी से पहले वाले वनडे मैच में एक बार फिर श्रीलंका के खिलाफ अपना दूसरा पांच विकेट हॉल दर्ज किया। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, वह 2018 एशिया कप में पाकिस्तानी टीम का भी हिस्सा थे।

### पाक नवम्बर में एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को घोषणा की कि पाकिस्तान नवम्बर में तीन मैचों की एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (वनडे) श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला 11 से 15 नवम्बर तक राजधानी इस्लामाबाद के पड़ोसी शहर रावलपिंडी में खेली जाएगी। पीसीबी ने बताया कि श्रीलंका ने आखिरी बार 2019 में पाकिस्तान में एकदिवसीय श्रृंखला खेली थी, जिसमें मेजबान टीम ने 2-0 से जीत हासिल की थी। बोर्ड ने रविवार को यह भी पुष्टि की कि पाकिस्तान 17 से 29 नवम्बर तक श्रीलंका और अफगानिस्तान के साथ अपनी पहली टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला का आयोजन करेगा, जिसके मैच लाहौर और रावलपिंडी में होंगे।

# पिच की स्थिति चयन का मार्गदर्शन करेगी: मोर्कल

- **टीम पूरी तरह तैयार है लेकिन अंतिम चयन इस बात पर निर्भर करेगा कि मैच के दिन दुबई पिच कैसी रहती है**



**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के पहले मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश पर अभी तक कोई फैसला नहीं किया है, और गेंदबाजी संयोजन और पिच की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। गेंदबाजी कोच मोर्न मोर्कल ने संकेत दिया है कि टीम पूरी तरह तैयार है, लेकिन अंतिम चयन इस बात पर निर्भर करेगा कि मैच के दिन दुबई की पिच कैसी रहती है, जिसमें तेज और स्पिन दोनों विकल्पों पर विचार किया जा रहा है।

मोर्कल ने इस बात पर जोर दिया कि इस साल की परिस्थितियां आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारत के पिछले दौरे से अलग हैं, जहां चार-तरफा स्पिन आक्रमण का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया गया था। मोर्कल ने कहा कि हमें देखना होगा कि विकेट कैसा खेलता है। पहले, इस सतह पर काफी क्रिकेट खेला गया था और यह थका हुआ लग रहा था, लेकिन इस बार मैदान पर काफी घास है। आज रात, हम पिच का पहला मुआयना करेंगे और उसके अनुसार योजना बनाएंगे। मोर्कल ने जोर देकर कहा कि टीम सभी रणनीतिक विकल्प खुले रखे हुए है और टीम सतह का मूल्यांकन करने के बाद अंतिम निर्णय लेगी। अगर भारत एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को शामिल करता है, तो बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह नई गेंद के साथ जसप्रीत बुमराह का साथ दे सकते हैं, जबकि हर्षित राणा और अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अन्य संभावित विकल्प हैं। स्पिन के मोर्चे पर, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव दावेदारी में हैं। मोर्कल ने कुलद.ीप के रवैये और पेशेवर रवैये की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला में सीमित खेल समय के बावजूद, बाएं हाथ का यह स्पिनर कड़ी मेहनत कर रहा है और सफेद गेंद वाले क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

एशिया कप के पहले मैच के लिए भारतीय टीम में कप्तान सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलद.ीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा और रिंकू सिंह शामिल हैं।

मोर्कल ने दोहराया कि कोचिंग स्टाफ उद्देश्यपूर्ण लक्ष्यों और सामरिक लचीलेपन के साथ प्रशिक्षण सत्रों पर ध्यान कें.द्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम केवल उसी पर नियंत्रण रख सकते हैं जिस पर हमारा नियंत्रण है। हमारी तैयारी और हम परिस्थितियों के अनुसार कैसे ढलते हैं।

# लद्दाख मैराथन -2025 में नया वैश्विक रिकॉर्ड बनाएगा

**लेह, वार्ता।** लद्दाख के ऊंचाई वाले रेगिस्तानों में ठंडी पहाड़ी हवाएं घुलने के साथ ही, लद्दाख मैराथन के 12वें संस्करण के लिए उत्सुकता बढ़ रही है। इस वर्ष, यह आयोजन 11 से 14 सितम्बर तक इतिहास रचने के लिए तैयार है: भारत और 30 अन्य देशों के 6,600 से अधिक धावकों के ऊबड़-खाबड़ सड़कों और बर्फीले दर्रों पर दौड़ने की उम्मीद है, जो मैराथन के इतिहास में सबसे बड़ी भागीदारी होगी।

2012 में अपनी शुरुआत के बाद से, लद्दाख मैराथन एक क्षेत्रीय दौड़ से एक वैश्विक तमाशे में विकसित हो गई है, जो हिमालय की पतली हवा और नाटकीय परिदृश्यों के खिलाफ खुद को चुनौती देने के लिए उत्सुक धीरज एथलीटों और साहसिक उत्साही लोगों को आकर्षित करती है। हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और मैराथन के संस्थापक चेवांग मोटुप गोबा ने कहा कि लद्दाख द्वारा दुनिया को दिए गए उपहार के रूप में शुरू हुई यह दौड़ भारत की प्रमुख दौड़ों में से एक बन गई है। यह रिकॉर्ड भागीदारी इस आयोजन के वैश्विक आकर्षण और हमारे लोगों व हमारी धरती की पहचान बन चुकी दृढ़ता की भावना को दर्शाती है। 2025 का संस्करण छह दौड़ों में रोमांच का वादा करता है। 11 सितम्बर को सिल्क रूट अल्ट्रा (122 किमी), 12 सितम्बर को खारद.ुंग ला चैलेंज (72 किमी), 13 सितम्बर को 'रन लद्दाख फॉर फन' 5 किमी, और 14 सितम्बर को 11.2 किमी दौड़, हाफ मैराथन (21 किमी), और फुल मैराथन (42.195 किमी)। हर दौड़ में न केवल गति बल्कि सहनशक्ति की भी परीक्षा होती है, क्योंकि धावक ऊंचे दर्रों, घुमावदार पहाड़ी रास्तों और लुभावने दृश्यों से गुजरते हैं। कॉर्पोरेट और सामुदायिक समर्थन इस मैराथन के आकर्षण को और बढ़ा देता है। स्निकर्स हंगर पार्टनर के रूप में एथलीटों को ऊर्जा प्रदान करता है, प्यूमा उन्हें अपैरल पार्टनर के रूप में तैयार करता है, और बिसलेरी हाइड्रेशन सुनिश्चित करता है। एनर्जल प्रतिभागियों को ऊर्जा प्रदान करता है, होटल ग्रैंड ड्रैगन आतिथ्य प्रदान करता है, एकॉर्ड अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं का ध्यान रखता है और बजाज आलियांज बीमा कवर प्रदान करता है।

# पंत भारत लौटे, मुंबई में विशेषज्ञ से मिले

**मुंबई, वार्ता।** ऋषभ पंत भारत वापस आ गए हैं और जल्द ही पुनर्वास के लिए बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) जाएंगे। 23 जुलाई को मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान अपने दाहिने पैर में फैक्चर के बाद इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पिछले कुछ दिनों से विशेषज्ञों से सलाह ली है।

हालांकि आकलन के विवरण का अभी भी इंतजार है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि सभी प्रारूपों के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक, पंत (27), अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की अगली घरेलू श्रृंखला में वापसी का लक्ष्य बना रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता है, तो अक्टूबर-नवम्बर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला एक वास्तविक संभावना लगती है। पता चला है कि पंत पिछले कुछ दिन मुंबई में चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श के लिए बिता रहे थे। इंग्लैंड से सीधे यहां आने के बाद, उन्होंने अपने चोटिल पैर की स्थिति की जांचके लिए जांच कराई, माना जा रहा है कि उस पर अभी भी पटियां बंधी हुई हैं। समझा जाता है कि शहर के डॉक्टरों ने उन्हें पुनर्वास के लिए सीओई में लौटने के लिए समय-सीमा दी है।



- **ऋषभ पंत ने अपने चोटिल पैर की स्थिति की जांच के लिए जांच कराई, माना जा रहा है कि उस पर अभी भी पट्टियां बंधी हुई है**

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के मैनचेस्टर (चौथे) टेस्ट के पहले दिन क्रिस वोक्स की गेंद पंत के पैर में लग गई, जिससे उन्हें दर्द के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। चोट लगने के समय वह 37 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। अगले दिन, सभी को आश्चर्यचकित करते हुए, वह अपने पैर पर पूरी पटियां बांधकर वापस लौटे और टीम के लिए कुछ बहुमूल्य रन जोड़े। इस दौरान, टीम के उप-कप्तान पंत ने अपना अर्धशतक (54) भी पूरा किया। हालांकि, चोट के कारण, उन्हें ओवल में पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच छोड़ना पड़ा, जिसे भारत ने जीतकर श्रृंखला बराबर कर दी। पंत सीरीज खत्म होने के बाद इंग्लैंड में ही रुके रहे और माना जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही भारत लौटे हैं।

चोट लगने के बाद से ही, पंत अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी रिकवरी के बारे में अपडेट पोस्ट करते रहे हैं। उनकी एक हालिया पोस्ट में लिखा था कि मैं आपको बस एक बात बताना चाहता हूं जो मैं समझता हूं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने पहले कितना दर्द सहा है, अगर आपको दोबारा चोट लगती है तो दर्द उतना ही होता है, बस सीमा बढ़ जाती है और आपको खुद को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया पता चल जाती है। इसलिए सकारात्मक रहना बहुत जरूरी है, खुद को प्रेरित करना बहुत कारगर होता है। खुद पर भरोसा रखें और उस दिशा में काम करते रहें जिस दिशा में आप जाना चाहते हैं, क्योंकि जो आपको मारता नहीं है, वह आपको अंतत: मजबूत बनाता है।

### भारत की राइफल और पिस्टल मिश्रित टीमें निंग्बो में पदक से दूर रहीं

**नई दिल्ली, वार्ता।** चीन के निंग्बो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग सत्र के चौथे और अंतिम आईएसएसएफ वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल चरण के पहले दिन भारत की राइफल और पिस्टल मिश्रित टीमों को पदक नहीं मिल सका।

कोई भी जोड़ी पदक मुक.ाबले तक नहीं पहुंच पाई। पिस्टल मिश्रित टीम में भारतीय जोड़ियां क्वालि फिकेशन में क्रमश: 11वें और 13वें स्थान पर रहीं, जबकि राइफल मिश्रित टीम में भारतीय जोड़ियां 14वें और 34वें स्थान पर रहीं। एयर पिस्टल मिश्रित टीम इवेंट में, भारत की पहली जोड़ी सुर्भी राव (284) और अमित शर्मा (290) ने 574-20ग का संयुक्त स्कोर बनाकर 11वां स्थान हासिल किया।

# गौतम बुद्ध पार्क पहुंचे नगर विधायक बोले: समस्या का समाधान न होने तक नहीं होगा कोई निर्माण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर के मझोला थाना क्षेत्र के काशीराम नगर स्थित गौतम बुद्ध पार्क में नगर निगम द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य और मूल स्वरूप में परिवर्तन के विरोध में सामाजिक संगठनों के साथ साथ मंगलवार को भाजपा के नगर विधायक रितेश गुप्ता भी धरने पर बैठ गए. धरने पर बैठे सामाजिक संगठनों के लोगों से बात करने के बाद मौके पर पहुचे प्रशासनिक अधिकारीयों से नगर विधायक ने बात की। विधायक रितेश गुप्ता ने आश्वासन दिया हैं की जब तक इस समस्या का हल नहीं निकल जाता तब तक पार्क में किसी भी तरह का निर्माण नहीं किया जाएगा। नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि गौतम बुद्ध पार्क में नगर निगम के द्वारा कुछ निर्माण कार्य कराया जा रहा था, यहां क्षेत्र की जनता और कुछ सामाजिक संस्थाओं के द्वारा यहां पर निर्माण कार्य का विरोध किया जा रहा है। उनका यह कहना है कि यह पार्क हमारी आस्था का विषय है, आस्था केवल जो विरोध कर रहे हैं उनकी ही नहीं है पूरे क्षेत्र की जनता की आस्था इस पार्क से जुड़ी हुई है।यह पार्क सिर्फ मुरादाबाद में नहीं पूरे मुरादाबाद कमिश्नरी में भगवान गौतम



बुद्ध पार्क के नाम से जाना जाता है। बहुत बड़े-बड़े आयोजन इस पार्क में होते रहे हैं, पूरे भारतवर्ष से लोग इस पार्क में जब आयोजन होता है यहां पर आते हैं। मेरे संज्ञान में जब यह विषय आया है तो मैं आप सब लोगों के बीच में यहां पर आया हूं। लोगों से मेरी वार्ता हुई है मेरी वार्ता कमिश्नर और नगर आयुक्त साहब से भी हुई है। मैंने यह कहा है कि जो भी यहां पर समस्या आ रही है जब तक उन समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है, तब तक कोई निर्माण कार्य नहीं कराया जाए. इस बात को कमिश्नर साहब और नगर आयुक्त साहब ने मान लिया है,जो भी आप लोगों की मांग है इसको बैठकर सारे अधिकारियों के साथ वार्ता की जाएगी, जो भी निर्णय होगा वह आपसी सहमति के आधार पर होगा।जो सीनियर सिटीजन यहां पर बैठे हुए हैं अपने इस प्रोटेस्ट को वापस लेना चाहे तो वापस ले लें। मैं आप लोगों के साथ हूं आप लोगों ने मुझे चुना है आप लोगों ने मुझे जनप्रति. निधि बनाया है, तो आपकी आवाज मुझे अगर लखनऊ तक पहुचानी पड़ी तो पहुँचाऊँगा।

## स्वास्थ्य विभाग ने इंफ्लूएंजा से निपटने की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**कांठ।** इंफ्लूएंजा के बढ़ते मामलों को देखते हुए शासन की ओर से जारी निर्देशों के बाद जिले के अस्पतालों में मॉकड्रिल शुरू हो गई है। इस दौरान इलाज की उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की परख की जा रही है। चिकित्साधिकारियों द्वारा अस्पतालों के पूरे विवरण को इंटीग्रेटेड हेल्थ इंफार्मेशन प्लेटफार्म (आईएचआईपी) पोर्टल पर अपलोड किया जाए। इसके लिए सीएचसी और पीएचसी अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों की ओपीडी में सर्दी, जुकाम और बुखार के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। इनमें से कई मामले इंफ्लूएंजा संक्रमण से जुड़े हैं। इसी वजह से शासन ने आदेश दिया कि अस्पतालों में की गई तैयारियों को मॉकड्रिल के जरिए परखा जाए। बताया गया कि सभी सीएमएस, चिकित्सा अधीक्षक और पीएचसी प्रभारी अस्पतालों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसमें यह देखा जा रहा है कि दवाओं का पर्याप्त भंडार है या नहीं, आइसोलेशन वार्ड की स्थिति कैसी है, जांच की सुविधा उपलब्ध है या नहीं और आपातकालीन उपचार के संसाधन पर्याप्त हैं या नहीं। बताया कि नौ सितंबर तक अस्पतालों की तैयारियों का ब्योरा आईएचआईपी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य था। इंफ्लूएंजा संक्रामक वायरस है। इसके संक्रमण से तेज बुखार, शरीर में दर्द, गले में खराश और नाक बहने जैसी समस्याएं होती हैं। कई बार मरीज को चकत्ते और उल्टियां भी होने लगती हैं।

## किसानों से जुड़ी समस्याओं पर की चर्चा

**बिलारी।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कैंप कार्यालय बिलारी पर संगठन की एक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें किसानों से जुड़ी समस्याएं एवं पंजाब में आई बाढ़ को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए उनकी मदद के लिए योजना बनाई दूसरा बिजनौर में भी बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है वहां भी गंगा बैराज बांध भी टूटने के कगार पर है। बैठक की अध्यक्षता आनंदपाल सिंह गौतम विजयपुर ने की और संच. ालन विक्की चौधरी तहसील अध्यक्ष ने किया। बैठक में सतीश चौधरी जिलाध्यक्ष, अंकुर चौधरी युवा जिलाध्यक्ष, मनवीर सिंह यादव ब्लॉक अध्यक्ष, राजवीर सिंह यादव जिला सचिव, उदयपाल सिंह प्रदेश सचिव, राजपाल सिंह दरोगा जी, गंभीर सिंह प्रधान, मोहित चौधरी जिला उपाध्यक्ष, रमाकांत सैनी, अमन सैनी, सूरज सिंह यादव, पंकज सिंह यादव, श्रीओम सिंह, उदित चौधरी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भारतीय मानव कल्याण समिति ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**चन्दौसी।** भारतीय मानव कल्याण समिति द्वारा आयोजित बैठक में प्रबंधक डा. टी.एस. पाल ने आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि विभिन्न आयोजनों के माध्यम से समिति शैक्षिक, सामाजिक, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। समिति की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पंकज कुमार को अध्यक्ष, सुशील कुमार भोलेनाथ को उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश गुप्ता को सचिव, आकाश कुमार शर्मा को मीडिया प्रभारी तथा प्यारेलाल पाली, मुकेश कुमार वार्ष्णेय, दिनेशचंद्र गुप्ता, डॉ जयशंकर दुबे को संरक्षक मनोनीत किया।

## छोटे भाई को बचाने पहुंचे बैंक कैशियर पर हमला

**चन्दौसी।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के हैड कैशियर पर दबंगों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीडिघ्त ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। मोहल्ला नोनवाला निवासी रामा सक्सेना ने तहरीर में बताया कि सोमवार शाम 5 बजे बैंक से लौटते वक्त उन्हें सूचना मिली कि उनके छोटे भाई कृष्णा सक्सेना से घटिया गेट पर कुछ युवक मारपीट कर रहे हैं। वह परिजनों संग मौके पर पहुंचे तो आठ-दस युवक भाई को पीट रहे थे। बचाने का प्रयास करने पर दबंगों ने उन पर और उनकी मां पर भी हमला कर दिया। घटना में रामा सक्सेना, उनका भाई व मां गंभीर रूप से घायल हो गए।

# बच्चों के मामूली विवाद में युवक की छुरा घोंपकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/बनियाठेर।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव अकरौली में रविवार की रात बच्चों के बीच हुए छोटे से विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। मामला इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने दूसरे के घर में घुसकर हमला कर दिया।

बीच-बचाव के दौरान हमलावरों ने 22 वर्षीय युवक रुप कुमार के पेट में छुरा घोंप दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। रविवार शाम करीब सात बजे गांव के आंबेडकर पार्क के पास पतली गली में बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान भूरे के पुत्र विशाल और चरनसिंह के पुत्र शिवा के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। मामला बढ़ता देख चरनसिंह ने दोनों बच्चों को डांटकर भगा दिया। हालांकि यह मामूली सा विवाद देर रात खूनी संघर्ष का कारण बन गया। रात करीब नौ बजे भूरे, उसकी पत्नी ओमवती और पुत्र विशाल हाथों में डंडे लेकर चरनसिंह के घर पहुंचे। भूरे के पास छुरा भी था। परिजनों के अनुसार, तीनों ने घर में घुसते ही चरनसिंह पर हमला शुरू कर दिया। शोर सुनकर चरनसिंह के भाई लल्लू सिंह, बेटा रुप कुमार और छविराम बचाने पहुंचे। तभी रुप कुमार ने हमले का कारण पूछा तो भूरे ने उसके पेट में छुरा घोंप दिया। इससे रुप कुमार गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा और उसकी आंतें बाहर निकल आईं। बीच-बचाव में पिता लल्लू सिंह भी घायल हो गए।

परिजन तुरंत 112 नंबर पुलिस को सूचना देकर रुप कुमार को सीएचसी चन्दौसी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। मगर रास्ते में ही देर रात रुप कुमार ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर एएसपी/सीओ चन्दौसी अनुज चौधरी, थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा तथा फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के पिता लल्लू सिंह की तहरीर पर भूरे, उसकी पत्नी ओमवती और पुत्र विशाल के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीनों को हिरासत में ले लिया गया है। मृतक रुप कुमार चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। वह गाजियाबाद में ईंट भट्टे पर बुलडोजर चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बेटे की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त छुरा व डंडे बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के ग्राम अकरौली में युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त छुरा व दो डंडे भी बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष बनियाठेर मनोज कुमार वर्मा की टीम ने आरोपी भूरे पुत्र सियाराम व उसकी पत्नी ओमवती निवासी ग्राम अकरौली को टी-पॉइंट ग्रीन, मैन रोड चन्दौसी से गिरफ्तार किया। बता दें कि 07 सितम्बर की रात ग्राम अकरौली में बच्चों के खेल को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी भूरे ने पत्नी ओमवती के साथ मिलकर रुपकुमार के पेट में छुरा घोंप दिया। रुपकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के लिए मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। रुपकुमार के पिता लल्लू सिंह की तहरीर पर थाना बनियाठेर




में मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी भूरे ने स्वीकार किया कि बच्चे के झगड़े की शिकायत लेकर जब वह चरन सिंह के घर गया तो कहासुनी हो गई। हाथापाई के दौरान उसने बचाव में छुरा चला दिया, जिससे रुपकुमार घायल होकर गिर पड़ा। घटना के बाद वह और उसकी पत्नी डर के कारण भाग गए थे। पुलिस ने धारा 103(1)/332(इ)/115(2)/118(1)/3(5) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, उ0नि0 अनीस अहमद, कांस्टेबल राहुल कुमार, मोहित चौधरी और महिला कांस्टेबल डॉली रानी शामिल रहे।

# आईएफटीएम में 2/9 यूपी गर्ल्स बटालियन के लिए आयोजित 'एनसीसी भर्ती परीक्षा' सफलतापूर्वक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मंगलवार को 2/9 यूपी गर्ल्स एनसीसी बटालियन हेतु आयोजित ''एनसीसी भर्ती परीक्षा'' सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने एनसीसी भर्ती परीक्षा में प्रतिभाग कर रही छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि एनसीसी का उद्देश्य व्यक्तित्व, सौहार्द, साहस की भावना, एक धर्मनिरपेक्ष मान. सिकता का विकास करना और युवाओं को निस्वार्थता व उचित अनुशासन सिखाना है। उन्होंने यह भी कहा कि एनसीसी नेतृत्व की गुणवत्ता, संगठन और देश के प्रति प्रेम को भी बढ़ाता है। इस मौके पर एनसीसी की (ऑनरेरी मेजर) डॉ. राजकुमारी सिंह ने भी प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एनसीसी का मुख्य उद्देश्य युवा नागरिकों में चरित्र, अनुशासन, भाईचारा, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, निस्वार्थ



सेवाओं के आदर्श और साहसिक भावना विकसित करना है। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि विश्वविद्यालय परिसर स्थित 'चन्द्र शेखर आजाद खेल मैदान-2' में आयोजित एनसीसी भर्ती परीक्षा के दौरान शारीरिक दक्षता और लिखित परीक्षा कराई गई।

लिखित परीक्षा में समसामयिक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जबकि शारीरिक दक्षता में छात्राओं को रेस, हाइट, वेट, पुश-अप आदि कठिन शारी. रिक मानकों से गुजरना पड़ा। इस परीक्षा में कुल 23 सीटों के सापेक्ष विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों की 49 बालिकाएं सम्मिलित हुईं। परीक्षा के सफल आयोजन में 9 यूपी गर्ल्स एनसीसी बटालियन के सूबेदार विकास कुमार, हवलदार अजय कुमार के अलावा विश्वविद्यालय में 2/9 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी की केयर टेकर सुश्री रश्मि पांडेय, 2/24 यूपी ब्वॉयज बटालियन एनसीसी के केयर टेकर श्री सनी कुमार मिश्रा एवं पीटीआई श्री जे.पी. सिंह की विशेष भूमिका रही।

## भाकिसं ने बीडीओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन




**भोजपुर।** भारतीय किसान संघ संगठन के प्रांतीय आह्वान पर भगतपुर टांडा ब्लॉक अध्यक्ष सुरजीत सिंह के नेतृत्व में किसानों ने प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश में सरकारी नीति व प्रशासनिक अफसरों की लापरवाही के कारण उत्पन्न किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी अतर सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री मंत्री को भेजा है। मंगलवार को खंड विकास अधिकारी को दिये चार सूत्रीय ज्ञापन में किसानों ने नकली कीटनाशक, बीज व खाद की वितरण व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्था को दूर करने एवं जरूरत के समय फसलों के लिए खाद की व्यवस्था कराने,भारी वर्षा एवं बाढ़ से हुई फसलों की बर्बादी का मुल्याकंन कराकर शीघ्र मुआवजा दिलाने, बाढ़ से हुई पशुओं एवं मकानों की हानि का सर्क्षवेक्षण कराकर उचित मुआवजा प्रदान करने।आगामी गन्ना पेराई सत्र को समय से आरम्भ कर गन्ने का भाव 5 सौ रुपये प्रति क्विंटल करने एवं पर्ची पर मूल्य अंकित करने।निराश्रित पशुओं की समस्या का उचित व स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर संघ ने किसानों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रदेश व्यापी आन्दोलन करने की चेतावनी दी है। प्रदर्शन करने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष सुरजीत सिंह, ब्लॉक प्रभारी नेपाल, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, जिला मंत्री नितिन चौधरी, राजीव चौधरी आदि पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

# आईएफटीएम में 'अंतर्राष्ट्रीय सुडोकू दिवस' के अवसर पर हुआ 'पहेली सुलझाने की प्रतियोगिता' का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के गणित विभाग द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय सुडोकू दिवस' के अवसर पर ''पहेली सुलझाने की प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन सुडोकू नामक तर्क-आधारित संख्या-स्थापन पहेली का जश्न मनाने का दिन है। कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह एवं कार्यक्रम की संयोजिका व गणित विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रिद्धि गर्ग ने मां शारदा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिनमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी. एससी- पीसीएम, तृतीय वर्ष की छात्रा हनी चौधरी ने प्रथम, बीए-एलएलबी, तृतीय वर्ष के मोहम्मद नदीम द्वितीय स्थान पर रहे। इस मौके पर डॉ. सिंह ने बताया कि सुडोकू पहेली एक अस्थायी




राहत प्रदान करने के अलावा, सभी उम्र के लोगों के लिए मजेदार खेल है और यह आपके दिमाग को स्वस्थ रखने में भी मदद कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि सुडोकू छोटे-छोटे बॉक्सों (जिन्हें सेल कहते हैं) का एक ग्रिड होता है, जो नौ ऊँचे और नौ चौड़े होते हैं, कुल मिलाकर 81 सेल होते हैं। खिलाड़ी प्रत्येक पंक्ति, स्तंभ और वर्ग को 1 से 9 तक की संख्याओं से भरते हैं। इसी क्रम में गणित विभाग के शिक्षक डॉ. तरुण गुप्ता ने भी विभिन्न प्रकार के सुडोकू पजल के बारे में बताया और सुडोकू दिवस के इतिहास के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव व गणित विभाग की शिक्षिका डॉ. निधि तिवारी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गणित विभाग के शिक्षक डॉ. अंशुल दुबे समेत अन्य शिक्षकों डॉ. राजन सिंह, श्री दीपक शर्मा, श्री विपिन, डॉ. ज्योति अग्रवाल एवं डॉ. निधि प्रभाकर का योगदान रहा। इस मौके पर गणित विभाग के शिक्षकों के अलावा स्कूल के अन्य विभागों के शिक्षक डॉ. अतानु नाग, डॉ. रोहित कुमार, डॉ. सारिका अरोरा तथा कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजि. का डॉ. गर्ग ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एक नजर

### गौतम बुद्ध पार्क मे न हो नया निर्माण: जयवीर यादव

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल कांशीराम नगर स्थित गौतम बुद्ध पार्क जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव की अगुआई मे पहुंचा वहाँ उन्होंने गौतम बुद्ध पार्क मे सीनियर केयर सेंटर निर्माण कार्य की निंदा की और कहा भाजपा बहुत ही निम्न स्तरीय राजनीति पर उतर आई है अब उन्हें पिछड़े,दलित, अल्पसंख्यक वर्गो के महापुरषों से नफरत की राजनीती करने लगी है। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कांशीराम नगर स्थित गौतम बुद्ध पार्क मे किसी भी तरह का कोई नया निर्माण न कराएँ वह गौतम बुद्ध पार्क के लिए जाना जाता उसकों उसी की पहचान मे रहने दें। उससे कोई छेड़छाड़ न की जाये। प्रतिनिधि मंडल ने अखिल भारतीय अम्बेडकरयुवक संघ की मांगो का समर्थन किया और एवं सम्बोधित किया। प्रतिनिधि मंडल मे जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव,पूर्व प्रत्याशी लाखन सिंह सैनी,ब्रज लाल जाटव वेदप्रकाश सैनी, सुरेंद्र शर्मा, प्रदीप यादव, महेंद्र पाल सिंह, आदित्य चौधरी, विवेक चौहान, केदार सिंह,सौरभ रत्नाकर, दीवाँशु सागर, नन्हें सिंह जाटव, रमाकांत कश्यप,प्रवीन सैनी, सरदार सिंह पाल आदि प्रमुख थे।

### गणेश मेले में उमड़ रही भारी भीड़

**चन्दौसी।** नगर में चल रहे गणेश मेले में इन दिनों भारी भीड़ उमड़ रही है। शाम छह बजे से ही मेले में लोगों का आना शुरू हो जाता है जो देर रात तक जारी रहता है। दर्शक जहां खानपान की वस्तुओं का आनंद ले रहे हैं, वहीं कपड़े व खिलौनों की दुकानों पर भी जमकर खरीदारी हो रही है। झूले मेले का खास आकर्षण बने हुए हैं।

कई लोग मनोरंजन के लिए झूले झूलने पहुंचते हैं, हालांकि कुछ लोग पुलिसकर्मियों से परिचय का हवाला देकर मुफ्त में झूलों का आनंद लेने की कोशिश भी करते नजर आते हैं। मेला इंचार्ज सत्येंद्र पंवार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चेक करने के साथ-साथ लगातार भ्रमण कर दुकानदारों व दर्शकों को दिशा-निर्देश देते देखे जा सकते हैं। फिलहाल मेले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में भीड़ जुट रही है, जिससे पूरे नगर में रौनक छा गई है।

### मुड़िया खेड़ा में हरे पेड़ काटने की शिकायत

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव मुडिघ्या खेड़ा में हरे पेड़ों की अवैध कटान का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने क्षेत्रीय वनाधिकारी चन्दौसी को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गाटा संख्या 516 पर सड़क किनारे हड़वाड़ की जमीन में हरे पेड़ लगे थे। लेकिन खुर्शीद और केसर नामक व्यक्तियों ने मिलकर उन पेड़ों को काट डाला। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, दर्जनों पेड़ों में से अब केवल 16 ही पेड़ शेष बचे हैं। ग्राम प्रधान राजीव कुमार, नितिन मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार, मुनेन्द्र सिंह समेत कई ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### गणेश मेले में किन्नरों और दुकानदारों में विवाद

**चन्दौसी।** गणेश मेले में किन्नरों द्वारा इनाम लेने के लिए मेला ग्राउंड में दुकानदारों से विवाद हो गया। बताया गया कि दो किन्नर गणेश मेला में ईनाम लेने के लिए पहुंचे जिन्हें कुछ दुकानदारों ने तो पैसे दे दिये परंतु कुछ दुक. ानदारों से बहस हो गई और मारपीट में मामला परिवर्तित हो गया। मामला पुलिस तक पहुंचा जहां इंस्पेक्टर ने बताया कि मेले में रुपये मांगना गलत है परंतु किन्नर दुकानदारों पर कार्यवाही करने की मांग करने लगे। इधर मेला इंचार्ज का कहना था कि तहरीर देने पर ही कार्यवाही होगी। समय की नजाकत को देखते हुए दोनों किन्नर मेले से चले गये।

### फील गुड कर मैंथा गाड़ी छोड़ी, पुलिस पर सवाल

**चन्दौसी।** नगर में मैंथा का बड़ा कारोबार है पर उससे बड़ा धंधा टैक्स चोरी का है। मैंथा क्रिस्टल का पॉलिथीन में पैककर बाहर भेजा जाता है पर चौकियों पर पहले से पुलिसकर्मियों को जानकारी होने के कारण उन्हें जाने दिया जाता है। कई बार डिप्टी कमिश्नर ने स्वयं आकर चौकिंग कर जुर्माना किया है। एक दिन पूर्व सीतारोड पर रात्रि करीब 08 बजे कार संख्या यूपी 25 डीबी 5495 पास हुई जिसमें मैंथा क्रिस्टल पैकिटों में भरा हुआ।

पुलिस ने कार को रोका तो पता चला कि उसमें मैंथा है, कुछ लोगों ने डिप्टी कमिश्नर मुरादाबाद को फोन किया परंतु कमिश्नर के आने से पहले पथरा यातायात चौकी पर ले जाकर सीतारोड चौकी पुलिसकर्मियों ने फील गुड करके छोड़ दिया। इधर डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि पहले भी सीतारोड पर टैक्स चोरी करके ले जाया रहा मैंथा दाना पकड़ा गया था। सोमवार की शाम भी फोन पर मैंथा गाड़ी पकड़े जाने की सूचना मिली थी पर बाद में पता चला कि कार को पुलिसकर्मियों ने छोड़ दिया।

### टीईटी अनिवार्य, जिले के 1200 शिक्षकों के सामने चुनौती

**चन्दौसी।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बेसिक शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि बेसिक स्कूलों में पढ़ाने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य होगी। इस आदेश से जिले के करीब 1200 शिक्षक संकट में आ गए हैं, जो बिना टीईटी पास किए अब तक सेवाएं दे रहे थे। जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के लगभग 3400 शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं। इनमें से 1200 ने टीईटी उत्तीर्ण नहीं की है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, ऐसे शिक्षकों के सामने अब नौकरी पर संकट खड़ा हो गया है। शिक्षकों का कहना है कि प्राइमरी स्तर की टीईटी में बीपीएड अभ्यर्थियों को आवेदन का अवसर नहीं मिलता।

ऐसे में वे परीक्षा कैसे देंगे, यह बड़ी चुनौती है। उनका कहना है कि यदि नियमों में संशोधन नहीं हुआ तो बड़ी संख्या में शिक्षक नौकरी से हाथ धो बैठेंगे। डीसी एमआईएस आकाश कुमार ने बताया कि जिले में लगभग 1200 शिक्षक ऐसे हैं जिन्होंने अब तक टीईटी पास नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट के आद. ेश के अनुपालन में विभाग आगे की कार्यवाही करेगा।

### निर्वाचन सूची पुनरीक्षण व पंचायत चुनाव को लेकर बैठक

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01-01-2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम से पूर्व की गतिविधियों के अन्तर्गत सम्प्रति चल रहे कार्यों एवं आसन्न त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत इस विषय के साथ, सभी राजनैतिक दलों द्वारा बूथ लेविल एजेंट्स (बीएलए) की विधानसभा, क्षेत्रवार, एवं बूथवार नियुक्ति, बरेली मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों की तैयारी तथा आसन्न त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025-26 के कार्यों के संबंध में सक्रिय समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर अपना बीएलए नियुक्त कर लें। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक चुनाव में 06 मतदेय स्थल बनेंगे जिनमें असमोली, सम्भल, चंदौसी, बहजोई, रजपुरा, गुन्नौर शामिल है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उपजिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, उपजिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, डिप्टी कलक्टर नीतू रानी, डिप्टी कलक्टर सौरभ कुमार पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी असगर अली अंसारी, जिलाध्यक्ष कांग्रेस मौ. आरिफ, नगर अध्यक्ष भाजपा ललित मोहन, जिला सचिव बहुजन समाज पार्टी राम बहादुर एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सोशल मीडिया पर तमंचा और चाकू के साथ युवकों की फोटो वायरल

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** सोशल मीडिया पर एक फोटो तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें दो युवक खड़े दिखाई दे रहे हैं। फोटो में एक युवक के हाथ में तमंचा जबकि दूसरे के हाथ में चाकू नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि यह तस्वीर कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के किसी गांव की है। फोटो वायरल होने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि फोटो कब और कहां खींची गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और युवकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।



# सम्पादकीय

बुधवार, 10 सितम्बर 2025

## सुलग रहा नेपाल

जेन जी युवाओं का सोमवार को नेपाल में उठा हिंसक भवंडर मंगलवार को भी जारी रहा। आक्रोशित हजारों की संख्या में युवाओं ने नेपाल में बड़ी हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया। नेपाल का संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री का आवास सहित दर्जनों महत्वपूर्ण ठिकानों को आग के हवाले कर दिया। इस बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्हें सेना के एक हेलीकॉप्टर से अज्ञात सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। खबर तो यह भी आई थी कि नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पोडे ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन बाद में यह खबर सही साबित नहीं हुई। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया है। नेपाल की सेना ने भी ऐसे अवसर पर देश की आजादी, एकता और लोगों के जानमाल की रक्षा करने की बात कही है। नेपाली सेना का कहना है कि चाहे हालात कितने भी मुश्किल हों, हम उसका सामना करेंगे। सेना जेन जी के आंदोलन की घटनाओं पर बराबर नजर रखे हुए है। सेना ने यह भी कहा कि आंदोलन में लोगों और संपत्ति पर हुए भारी नुकसान पर सेना को बहुत दुख है।

प्रदर्शनकारी बेहद गुस्से में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने पूर्व पीएम झलनाथ खनाल के घर में भी आग लगा दी है। खबर आ रही है कि घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी मौजूद थी, उस आग. जनी में वह गंभीर रूप से जल गई, जिसके चलते उनकी मौत हो गई। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में हुई झड़पें और आगजनी में 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। मंगलवार को पूर्व पीएम शेर बहादुर दोअबा, उनकी पत्नी विदेश मंत्री आरजू राणा को उनके घर में घुसकर पीटा गया। वित्त मंत्री को भी नहीं बख्शा गया। हालात इतने बिगड़ गए कि काठमांडू की जेल को भी अराजकता का शिकार होना पड़ा। नक्खू जेल से सभी 1500 कैदी फरार हो गए। सुप्रीम कोर्ट के भवन को भी आग के हवाले करने की खबर आ रही है। मतलब साफ है कि युवाओं की भीड़ ने किसी को भी नहीं बख्शा, जो सत्ता के सिरमोर केंद्र होते हैं सभी पर धावा बोला। हालांकि मंगलवार की शाम जेन जी युवाओं ने एक लेटर भी जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि सरकार को घुटनों पर ला दिया गया है और वे प्रदर्शनकारियों से शांत रहने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की अपील कर रहे हैं। लेटर में यह भी कहा गया है कि यह देश अब उनकी लीडरशिप में आ गया है। पीएम ओली ने इस्तीफा दे दिया है हम अपना सुरक्षित भविष्य वाला नेपाल बना सकते हैं। जहां तक बात भारत की है, भारत ने भी नेपाल के घटनाक्रम पर सतर्कताभरी टिप्पणी की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने जहां मरने वालों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है, वहीं घायलों के जल्द ही ठीक होने की कामना की है। भारत ने एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें भारतीयों से नेपाल न जाने के लिए कहा गया है। अभी यह सबकुछ धुंधला है। किसी की समझ में कुछ नहीं आ रहा है, लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए कि नेपाल के हालात नियंत्रण में आएंगे जैसाकि राष्ट्रपति ने युवाओं को वार्ता के लिए बुलाकर अच्छी पहल की है।

## देश को धनखड़ के बोलने का इंतजार



केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार द्वारा किसानों की घोर उपेक्षा और सत्ता में बैठे लोगों के अहंकार से पैदा खतरों आदि पर अपनी चिंता व्यक्त करने के बाद धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, पूर्व उपराष्ट्रपति ने बीते 50 दिनों से असामान्य चुप्पी साधी हुई है और देश उनके बोलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, आज जब उनके उत्तराधिकारी के लिए चुनाव प्रक्रिया चल रही है, तो देश उनके अभूतपूर्व और अप्रत्याशित इस्तीफे के बाद उनके बयान का इंतजार कर रहा है।

**–जयराम रमेश**
**कांग्रेस महासचिव**

## श्रीलंका व बांग्लादेश के बाद अब नेपाल



यशोदा श्रीवास्तव



सोशल मीडिया पर बैन के बहाने नेपाल के न्यू जेनरेशन के आंदोलन की आग से ओली सरकार का बच पाना मुश्किल जान पड़ता है। उनके नेतृत्व की मौजूदा सरकार पर संकट है ही, साल भर के भीतर होने वाले आम चुनाव में भी उनकी स्थिति कमजोर हो गई। लोकतांत्रिक देशों में जब भी कोई बड़ा आन्दोलन होता है तो उसके पीछे मूल कारण की समीक्षा करने के बजाय उसे विदेशी ताकत का लबादा ओढ़ाकर उड़ा दिया जाता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत मे तो यह तो. हमत आम हो गया है। नेपाल जो भारत का नन्हा पड़ोसी राष्ट्र है वहां भी युवाओं के इस आंदोलन के पीछे विदेशी ताकतों का शह बताया गया।

आखिर वो कौन सी विदेशी ताकतें हैं जो नेपाल को अस्थिर करने के लिए ऐसे षड्यंत्र रच रहे हैं और उन्हें इसका फायदा क्या मिल सकता है? नेपाल में मुख्यत: दो देश है जो विकास और इमदाद के नाम पर नेपाल में अपना वर्चस्व जमाए रखने की कोशिश में रहते हैं। पहले नंबर पर भारत और दूसरे नंबर पर चीन है। भारत और चीन के लिए नेपाल का महत्व सामरिक दृष्टि से काफी मायने रखता है। नेपाल में जो भी सरकार होती है, वे अपने तरीके से भारत और चीन को साध ही लेती हैं। भारत और चीन भी अपने अपने तरीके से नेपाल को अपने पाले में खींचते रहते हैं, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि भारत और चीन नेपाल को अस्थिर करने का प्रयास केवल इसलिए कर रहे हों कि नेपाल उनकी जी हुजूरी करने को मजबूर हो। एमसीसी परियोजना के नाम पर अमेरिका ने नेपाल में पांव पसारना शुरू किया है। इस परियोजना का विरोध ओली की पार्टी एमाले कर रही थी वह भी इसलिए कि उसके बिजली संयंत्र की लाइन भारत से होकर नेपाल पंहुच रही थी। इस तरह ओली का यह विरोध नेपाल से कम भारत से ज्यादा हुआ। अमेरिका के इस परियोजना को लेकर ओली सरकार अब खामोश है।

गौर करने की बात यह है नेपाली युवाओं और छात्रों के इस आंदोलन में आंदोलनकारियों के हाथ में ओली को अमेरिकी दलाल लिखी हुई तख्तियां भी थी। लिहाजा नेपाल के कुछ राजनीतिज्ञों का यह आरोप कि इस आंदोलन के पीछे अमेरिका है,वह सही नहीं है। आंदोलनकारियों ने प्रदर्शन के दौरान एक भी बार भारत और चीन का नाम नहीं लिया लिहाजा यह शंका भी निर्मूल है कि इसके पीछे भारत अथवा चीन है। मुमकिन है कि राजनीतिक दलों में बंटी नेपाल की जनता अमेरिका, भारत और चीन की नेपाल में दखल को पसंद न करती हो लेकिन इस आंदोलन में फिलहाल किसी दूसरे अथवा तीसरे देश का नाम दूर दूर तक नहीं है।तो फिर सवाल उठता है कि आखिर एकाएक लाखों की संख्या में युवा और छात्र ओली सरकार के खिलाफ उग्र कैसे हो उठे? नेपाल जब राजशाही के हवाले था तब की बातें छोड़ दें, इधर जबसे गणराज्य समर्थकों का शासन आया तब से नेपाल में क्या परिवर्तन हुआ,यह गौर करने की बात है। इस दौरान नेपाली जनता को लो. कतांत्रिक प्रणाली से वोट देने की अनुभूति के अलावा उसे कुछ भी हासिल नहीं हुआ।

नेपाल में हामी नेपाल नामक सामाजिक संगठन बहुत ही गोपनीय ढंग से सोशल मीडिया पर सक्रिय था जो युवाओं में काफी लोकप्रिय भी था। इसके कर्ताधर्ता सुदन गुरूंग सरकार के भ्रष्टाचार की ओर युवाओं का ध्यान आकर्षित कराते थे। सबसे बड़ी बात यह थी कि वे युवाओं के नेतृत्व की बात करते थे और सदियों से सत्ता पर काबिज बुजुर्ग नेताओं को निष्प्रयोज्य बताते थे। सोशल मीडिया पर हामी नेपाल की लोकप्रियता इतनी थी कि यह करोड़ों युवाओं और छात्रों का पसंदीदा प्लेटफॉर्म बन गया। ओली सरकार इससे घबराई हुई थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बैन की यह भी एक वजह हो सकती है। सोशल मीडिया पर बैन से करोड़ों युवाओं के गुस्से को भांपते हुए सुदन गुरूंग ने डिस्कार्ड और वीपीएन डिजिटल टूल्स के माध्यम से युवाओं से विरोध प्रदर्शन की अपील की। यह दुनिया का ऐसा आंदोलन साबित हुआ है जो बिना किसी नेतृत्व के किसी सरकार को हिला कर रख दिया। युवाओं के आंदोलन की धार को देखते हुए राजनीतिक विश्लेषक इसे लंका और बंग्लादेश के बाद नेपाल में भी तख्तापलट की संभावना की दृष्टि से देखते हैं।इस पूरे आंदोलन में 22 साल से 30 साल के युवा ही सक्रिय थे जिनके चेहरों पर बुजुर्ग ओली सरकार से निराशा का भाव साफ झलक रहा था। काफी संभावना है कि युवाओं के इस आंदोलन के समर्थन में विभिन्न पार्टियों के युवा सांसद भी आगे आएं। नेपाल में मंहगाई चरम पर है, शिक्षा गरीब लोगों से दूर होती जा रही है और बेरोजगार युवा दर दर भटकने को मजबूर हैं। वे दूसरे देशों में पलायन को मजबूर हैं जहां उन्हें हिकारत की .ष्टि से देखा जाता है। पढ़ें लिखे नेपाली युवकों को भी लेबर के काम में लगा दिया जाता है। नेपाल में रोजगार है नहीं। युवाओं में केवल ओली की सरकार के प्रति नहीं, इसके पहले की सरकारों के प्रति भारी गुस्सा है क्योंकि वे भी केवल वादा और लोकलुभावन घोषणाएं कर सत्ता हासिल करती रही हैं। कहना न होगा कि नेपाल के युवाओं और छात्रों का लोकतंत्र से विश्वास उठता चला गया। लोकतांत्रिक प्रणाली के राजनीतिक दलों में भ्रष्टाचार की एक से बढ़कर एक कहानियां है। कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं है जिसके हाथ भ्रष्टाचार से न सने हों। नेपाली कांग्रेस के गठबंधन में ओली सरकार के तमाम मंत्रियों पर बड़े-बड़े भ्रष्टाचार के आरोप हैं। नकली भूटानी शरणार्थियों को अमेरिका सिफ्ट कराने में नेपाली कांग्रेस और एमाले के नेताओं ने करोड़ों की कमाई की। दोनों दलों के कई बड़े नेता, मंत्री या जेल में हैं या जमानत पर हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के यूजर युवा ही हैं। नेपाल में इनकी संख्या एक करोड़ के आसपास है। रजिस्ट्रेशन के नाम पर ओली सरकार ने संक्षिप्त नोटिस के बाद कुछ दिन पहले करीब 28 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बैन कर दिया। इस बैन पर सरकार के अपने फायदे हो सकते हैं लेकिन उन करोड़ों युवाओं को क्या फायदा है जिनकी दिनचर्या सोशल मीडिया पर ही गुजरती हो। ओली सरकार यह समझने में चूक गई लिहा. जा उसे ऐसे विरोध का सामना करना पड़ा जो शायद नेपाल के इतिहास में पहले कभी न देखा गया हो। राजशाही के खिलाफ जन युद्ध को छोड़कर। काठमांडू से शुरू युवाओं का यह आंदोलन कुछ ही घंटे में नेपाल के मैदानी इलाकों तक पहुंच गया। ओली सरकार के पास इस पर नियंत्रण के लिए पुलिस और सेना के इस्तेमाल के अलावा कोई और चारा नहीं था। काठमांडू में संसद परिसर में उग्र आंदोलनकारियों का प्रवेश कर जाना बड़ी घटना है। इसे रोकने के लिए पुलिस और सेना के जवानों को गोली चलाने को मजबूर होना पड़ा। यहां के गोली बारी की घटना ने आग में घी का काम किया जो पूरे नेपाल में फैल गया। पुलिस और सेना की गोली बारी में सरकारी आंकड़ों में 19 लोगों की मौत और तीन सौ आंदोलनकारियों का घायल होना बताया गया है लेकिन हकीकत में यह संख्या कुछ और है। इसके पहले किसी आंदोलन में इतनी बड़ी संख्या में न तो लोग मारे गए थे और न ही घायल हुए थे। दमनकारी रवैया अपना कर ओली सरकार भले ही इस आंदोलन को कुचलने में कामयाब हो जाय लेकिन आज नहीं तो कल युवाओं के इस आंदोलन की आग में उसे जलकर झुलसना तय है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## वैज्ञानिकों ने की हकलाने के जीन की तलाश

**इस जीन का सम्बंध शुरुआती तंत्रिका विकास से देखा गया है और इसके परिवर्तित रूप शिजोफ्रे. निया, मिर्गी, और मल्टीपल स्क्लेरोसिस से जुड़े पाए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका सम्बंध संगीत की ताल के साथ ताली देने में दिक्कत से देखा गया है। यह शोध का विषय रहा है कि ताल के साथ कदमताल न कर पाने का सम्बंध हकलाने से हो सकता है और यह अध्ययन इसे बल देता है। अध्ययन में चिंहित 20 जीन्स एक और सुराग देते हैं। इनका सम्बंध पहले भी ऑटिज्म, एकाग्रता के अभाव व अति-सक्रियता वगैरह से देखा गया है। यानी संभव है कि इन सबमें एक से विकास पथ शामिल हैं।**

आम तौर पर हकलाने को एक व्यवहारगत दिक्कत माना जाता है और डांट-फटकारकर उसे दुरुस्त करने के प्रयास किए जाते हैं या उस व्यक्ति को शांत रहकर अपनी वाणि पर नियंत्रण करने की सलाह दी जाती है। हकलाने की समस्या दुनिया भर में लगभग 1 प्रतिशत लोगों को परेशान करती है। ए 7 करोड़ लोग विभिन्न भाषाएं बोलते हैं और विभिन्न पूर्वज समुदायों के वंशज हैं। यह समस्या आम तौर पर शुरुआती बचपन में शुरू होती है और अधिकांश लोग जल्दी ही इससे उबर जाते हैं लेकिन कुछ लोग बड़प्पन में प्रभावित रहते हैं। दशकों के अनुसंधान से पता चला है कि हकलाना एक अनैच्छिक दिक्कत है और यह विरासत में भी मिल सकती है। इसके कारणों पर से कुछ धुंध छंटी है। इसमें एक कंपनी 23andMe के पास उपलब्ध सूचना से मदद मिली है। यह कंपनी डीएनए सम्बंधी निजी मदद करती है। लगभग 11 लाख लोगों के डीएनए के 57 खंडों को पहचाना गया है जिनके बारे में अंदाज था कि उनका सम्बंध हकलाने से है। नेचर जेनेटिक्स में प्रकाशित इस अध्ययन में बताया गया है कि इसमें जो जीन्स शामिल हैं उनका सम्बंध दिमाग के कामकाज और लय-ताल के एहसास से है। अध्ययन से यह भी लगता है कि शायद हकलाने का सम्बंध ऑटिज्म और अवसाद जैसे स्थितियों से भी है। माना जा रहा है कि इस खोज से हमें हकलाने के जैविक कारकों और उसके उपचार के लिए दिशा मिलेगी।



2000 के दशक की शुरुआत में शोधकर्ताओं के पास न तो इतना बड़ा जेनेटिक डैटाबेस था और न ही उसके विश्लेषण के लिए सशक्त कंप्यूटर थे कि वे आम आबादी में हकलाने का सम्बंध जीन्स से खोज सकें। लिहाजा वे पाकिस्तान और अफ्रीका के एकरूप समुदायों में जेनेटिक पैटर्न पर ध्यान देते थे। उन्होंने कुछ संभावित डीएनए खंड और कुछ उत्परिवर्तन खोजे भी थे। लेकिन उन छोटे-छोटे अध्ययनों को सामान्य आबादी पर लागू करना संभव नहीं था।

ताजा अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 23andMe की मदद ली। उन्होंने दो समूहों के लोगों के जेनेटिक पैटर्न की तुलना की - 99,076 ऐसे लोग जिन्होंने कहा था कि वे हकलाते हैं और 9,81,944 ऐसे लोग थे जिन्होंने 'ना' कहा। इस तुलना के परिणामस्वरूप 57 ऐसे जेनेटिक खंड निकले जो थोड़ी हद तक हकलाने की संभावना बढ़ा सकते हैं। यानी हकलाना एक जटिल, बहुजीन आधारित समस्या है, अनिद्रा और टाइप-2 मधुमेह के समान। इस अध्ययन में कुछ जीन्स ऐसे भी पहचाने गए हैं जो शायद यह समझने में मदद करें कि हकलाने की समस्या की उत्पत्ति कहां से होती है। ऐसा सबसे सशक्त संकेत VRK2 जीन में मिला। इस जीन का सम्बंध शुरुआती तंत्रिका विकास से देखा गया है और इसके परिवर्तित रूप शिजोफ्रेनिया, मिर्गी, और मल्टीपल स्क्लेरोसिस से जुड़े पाए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका सम्बंध संगीत की ताल के साथ ताली देने में दिक्कत से देखा गया है। यह शोघ का विषय रहा है कि ताल के साथ कदमताल न कर पाने का सम्बंध हकलाने से हो सकता है और यह अध्ययन इसे बल देता है। अध्ययन में चिंहित 20 जीन्स एक और सुराग देते हैं। इनका सम्बंध पहले भी ऑटिज्म, एकाग्रता के अभाव व अति-सक्रियता वगैरह से देखा गया है। यानी संभव है कि इन सबमें एक से विकास पथ शामिल हैं। अध्ययन से एक बात तो साफ है। हकलाना कोई व्यवहारगत या भावनात्मक समस्या नहीं है और इसकी बुनियाद में तंत्रिका का कामकाज है। वैसे इस अध्ययन की कई सीमाएं हैं। इसमें पुरुषों की भागीदारी ज्यादा थी और एशियाई तथा अफीकी लोगों का प्रतिनिधित्व भी कम था। शोधकर्ताओं का कहना है कि वे फिलहाल कोई 'ऑन-ऑफ' स्विच नहीं दे सकते। बहरहाल, यह अध्ययन हकलाने के साथ जुड़े सामाजिक पूर्वाग्रहों और धारणाओं को दूर करने में जरूर मदद कर सकता है।

**-स्रोत फीचर्स**

## मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करने का समय



योगेश कुमार गोयल

विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से प्रतिवर्ष 10 सितम्बर को दुनियाभर में तेजी से बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन द्वारा 2003 में की गई थी। इन दिन एक पीले रंग के रिबन को प्रतीक के रूप में पहना जाता है, जो इस बात को फैलाने में मदद करने के लिए पहना जाता है कि आत्महत्या की रोकथाम के बारे में बोलने से लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के व्यवहार पर शोध करना, जागरुकता फैलाना और डेटा एकत्रित करना है।

दरअसल डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में हर 40 सैकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिए अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। प्रतिवर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की एक थीम निर्धारित की जाती है। आत्महत्या रोकथाम दिवस की 2025 की थीम है आत्महत्या पर कहानी बदलना। इस थीम का उद्देश्य आत्महत्याओं को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते



ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। लोगों में जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है।

हालांकि बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो एनसीआरबी ने वर्ष 2022 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर जारी अपनी रिपोर्ट में बताया था कि वर्ष 2022 में भारत में कुल 170924 लोगों ने आत्महत्याएं की जबकि 2021 में भारत में 164033 लोगों ने आत्महत्या की थी।

एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आज छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को कैरियर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं। जब कोई व्यक्ति ज्यादा बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है तो एकाएक अवसाद में चला जाता है और इसी अवसाद के कारण ऐसे कुछ लोग आत्महत्या कर लेते हैं, जिसका उनके परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बहुत नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषज्ञों के मुता. बिक अवसाद और तनाव के कारण ही लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है और जब व्यक्ति को परेशानियों से बाहर निकलने का कोई मार्ग नजर आता, ऐसे में वह आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठता है। हालांकि जिन लोगों का मनोबल मजबूत होता है, वे प्राय: विकट परिस्थितियों से उबर भी जाते हैं लेकिन अवसाद के शिकार कुछ लोग विषम परिस्थितियों से लड़ने के बजाय हालात के समक्ष घुटने टेक स्वयं को मौत के हवाले कर देते हैं।


मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या करना काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या करने के पीछे अधिकांशत: अवसाद को ही जिम्मेदार ठराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण भी है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुता. बिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल से बाहर नहीं निकल पाता। मनुष्य जीवन को संसार में सबसे अनमोल माना गया है क्योंकि हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। बहरहाल, यदि कभी जरूरत से ज्यादा तनाव अथवा किसी मानसिक बीमारी का अहसास हो तो तुरंत किसी मनोचिकित्सक से मिलकर अपनी परेशानियों के बारे में खुलकर बात करें।

केन्द्र सरकार द्वारा अगस्त 2020 में एक मेंटल हैल्थ रिहैबिलिटेशन हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया था, जिस पर कॉल करके ऐसी स्थिति में मदद या काउंसलिंग की मांग की जा सकती है। इसके अलावा भी कई सुसाइड हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग आत्महत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किया जा सकता है। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाकर भी आत्महत्या जैसे मामलों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति के मन में आत्महत्या का विचार आए ही नहीं, ऐसा वातावरण तैयार करना परिवार के साथ-साथ समाज की भी बड़ी जिम्मेदारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बड़ा बदलाव: भारत पर चीन ने US टैरिफ को बताया सरासर गलत

## ब्रिक्स से जिनपिंग बोले: व्यापार युद्ध को मिलकर दें जवाब



■ राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत में यह मुद्दा उठाया
■ टैरिफ को बताया अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का उल्लंघन

**बीजिंग।** भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ को लेकर चीन ने कड़ा विरोध जताया है। भारत में चीन के राजदूत शू फेहोंग ने सोमवार को अमेरिका की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वाशिंगटन व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका लंबे समय से मुक्त व्यापार का लाभ लेता आया है, लेकिन अब अनुचित टैरिफ लगाकर वैश्विक व्यापार व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। इसके साथ ही चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने भी ब्रिक्स से अमेरिका की कड़ी आलोचना की। द्वितीय विश्व युद्ध में जापान पर चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक सेमिनार में राजदूत शू ने कहा कि भारत पर लगाया गया 50 प्रतिशत टैरिफ अनुचित और अकारण है। चीन इसका कड़ा विरोध करता है।

उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत में यह मुद्दा उठाया। उस दौरान मोदी ने कहा था कि भारत-चीन सहयोग 21वीं सदी को एशियाई सदी बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। चीन का मानना है कि अमेरिका की टैरिफ नीति न केवल भारत बल्कि समूचे वैश्विक दक्षिण की अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है। अमेरिका और चीन के बीच

टैरिफ युद्ध गहराने के बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सोमवार को ब्रिक्स देशों से एकजुट होकर इन चुनौतियों का सामना करने की अपील की। ब्रिक्स नेताओं की बैठक को वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए जिनपिंग ने कहा कि वाशिंगटन की ओर से थोपे गए टैरिफ न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को बाधित कर रहे हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का भी उल्लंघन करते हैं। उन्होंने सीधे तौर पर अमेरिका या राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नाम लिए बिना कहा कि आज दुनिया जिस तेज़ी से बदलाव देख रही है, वह सदी में एक बार होता है। ऐसे समय में आधिपत्यवाद और संरक्षणवाद लगातार बढ़ रहे हैं।

### ट्रेड पॉलिसी निष्पक्ष और सबके फायदे वाली हो: जयशंकर

■ ब्रिक्स समिट में ट्रम्प का नाम लिए बिना विदेश मंत्री कहा: दिक्कतें खड़ी करने से फायदा नहीं

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार को ब्रिक्स समिट की इमरजेंसी वर्चुअल समिट में शामिल हुए। इस दौरान जयशंकर ने कहा: ट्रेड पालिसी निष्पक्ष, पारदर्शी और सभी के फायदे वाली होनी चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नाम लिए बिना जयशंकर ने कहा कि दिक्कतें खड़ी करने और लेन-देन को मुश्किल बनाने से कोई फायदा नहीं मिलेगा। व्यापार को हमेशा सुगम बनाना चाहिए। वर्चुअल समिट में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा भी शामिल हुए। पहले बैठक में पीएम मोदी शामिल होने की खबर भी थी। इस समिट का मकसद अमेरिका की टैरिफ नीतियों से पैदा हुई व्यापारिक चुनौतियों पर चर्चा करना था।

### कई देशों और संरा ने नेपाल में हुई हिंसा व मौतों पर किया दुख व्यक्त

**काठमांडू।** ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अमेरिका ने नेपाल में जेन जेड़ के विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा और जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया है। एक संयुक्त बयान में इन देशों ने कहा कि हम काठमांडू और नेपाल के अन्य हिस्सों में हुई हिंसा, जिसमें प्रदर्शनों के दौरान हुई जान-माल की दुखद हानि और घायलों की संख्या भी शामिल है, से बेहद दुखी हैं। हम पीड़ितों के परिवारों और सभी प्रभावित लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं।




नई दिल्ली। स्थित संसद परिसर में उपराष्ट्रपति चुनाव में अपना वोट डालती कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी

## रूस ने पूर्वी यूक्रेन पर ग्लाइड बम से किया भीषण हमला

**कीव/मास्को।** अलास्का में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई वार्ता के बाद रूस की ओर से यूक्रेन पर एक के बाद एक भीषण हमले किए जा रहे है।

मंगलवार को रूस द्वारा पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर ग्लाइड बम से किए गए हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मंगलवार को पेंशन वितरण के दौरान पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर रूसी ग्लाइड बम गिरा, जिसमें 20 से ज्यादा नागरिक मारे गए। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि बम डोनेट्स्क क्षेत्र के



■ हमले में कम से कम 21 की मौत

यारोवा गांव में गिरा। उन्होंने हमले को बहुत ही क्रूर बताया है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंधों के जरिए उसके आक्रमण की आर्थिक कीमत चुकाएं। ज़ेलेंस्की ने लिखा, दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। दुनिया को निष्क्रिय नहीं रहना चाहिए। अमेरिका को प्रतिक्रिया की जरूरत है। यूरोप को प्रतिक्रिया की जरूरत है। जी-20 को प्रतिक्रिया की जरूरत है। रूस को मौत का तांडव मचाना बंद करने के लिए कड़ी कार्रवाई की ज़रूरत है। हाल के महीनों में अमेरिका के शांति प्रयासों में कोई प्रगति नहीं होने के कारण रूस ने यूक्रेन पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। रविवार को रूस ने राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। जो 24 फरवरी, 2022 को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला था।

## संक्षिप्त समाचार

### नाइजीरियाई सैनिकों ने किए 23 संदिग्ध आतंकी ढेर

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तरी राज्य कात्सिना में सैनिकों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम 23 संदिग्ध आतंकवादी मारे गए। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को सेना मुख्यालय के एक सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी। नाइजीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार सैनिकों ने शनिवार को कात्सिना के कंकारा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के पाउवा गांव में संदिग्ध आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान महिलाओं और बच्चों सहित 26 अपहृत पीड़ितों को भी बचाया।

### अफगान में विस्फोट एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत

**काबुल।** पश्चिमी अफगानिस्तान के फराह प्रांत में एक विस्फोट में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई है। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता अब्दुल मलिक ओसामा ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि बाला बुलुक जिले में सोमवार दोपहर एक घर में विस्फोट होने से एक दंपत्ति और उनके छह बच्चों की मौत हो गई है। उन्होंने हालांकि कोई और जानकारी नहीं दी लेकिन बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### कांगो में खूनी हमला: विद्रोही हमले में कम से कम 60 की मौत

**गोमा।** कांगो के पूर्वी हिस्से में इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोही गुट ने सोमवार रात भीषण हमला किया, जिसमें कम से कम 60 लोगों की जान चली गई। यह हमला नार्थ किवू प्रांत के नटोयो गांव में तब हुआ जब ग्रामीण एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए इकट्ठा हुए थे। हमले के बारे में स्थानीय प्रशासक कर्नल एलेन किवेवा ने जानकारी दी।

### नेपाल सरकार और प्रदर्शनकारी शांतिपूर्ण तरीके से करें चर्चा: संरा

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने नेपाल में सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी संघर्ष के बीच दोनों पक्षों से शांतिपूर्ण तरीके से वार्ता के जरिये हल निकालने की अपील की है। गुटेरेस की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र नेपाल की स्थिति को लेकर चिंतित है और उस पर नजर बनाए हुए है।

## यूपीआई ने वैश्विक पोस्टल यूनियन से मिलाया हाथ

■ वैश्विक डाक-सेवा संघ यूपीयू के समन्वय से चलाई जाने वाली परियोजना का उद्घाटन

**दुबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने दुबई में आयोजित 28वें यूनिवर्सल पोस्टल कांग्रेस में भारत की मोबाइल ऐप आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई और वैश्विक डाक-सेवा संघ यूपीयू के समन्वय से चलाई जाने वाली परियोजना का ऐतिहासिक शुभारंभ किया।

उन्होंने वैश्विक स्तर पर डाक सेवा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए तकनीकी नवाचार के लिए भारत की ओर से एक करोड़ डालर के योगदान की घोषणा की। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह ऐतिहासिक पहल विश्वभर के करोड़ों लोगों के लिए सीमा-पार धन प्रेषण की प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह तकनीक भारत के डाक विभाग, एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड और यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन के सहयोग से विकसित की गई है। इस परियोजना में भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस को यूपीयू इंटरकनेक्शन प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है, जिससे डाक नेटवर्क की पहुंच और यूपीआई की गति और किफ़ायत का अद्वितीय संयोजन स्थापित हुआ है। सिंधिया ने कहा कि यह केवल एक प्रौद्योगिकी आधारित सेवा की शुरुआत नहीं है, बल्कि एक सामाजिक संकल्प है।

# मानहानि केस में ट्रम्प को राहत नहीं

## देने होंगे 733 करोड़, सुप्रीम कोर्ट आव्रजन पर सख्ती से सहमत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक मानहानि के मामले में कोर्ट ने राहत देने से इन्कार कर दिया। जीन कैरोल के मानहानि मामले में संघीय अदालत ने जूरी का फैसला बरकरार रखा। अदालत ने राष्ट्रपति पद की प्रतिरक्षा संबंधी दलील खारिज करते हुए साफ किया कि उन्हें पीड़िता को 733 करोड़ रुपये देने ही होंगे।



दरअसल, 2019 में कैरोल (81) ने ट्रम्प पर 1996 में बर्गडार्फ गुडमैन डिपार्टमेंट स्टोर के ड्रेसिंग रूम में हमला करने का आरोप लगाते हुए मानहानि का मुकदमा किया था। 79 वर्षीय ट्रम्प ने पहली बार जून 2019 में उनके दावे का खंडन किया था। उन्होंने कहा था कि कैरोल मेरे टाइप की नहीं हैं। उसने अपनी किताब- हमें पुरुषों की क्या जरूरत है? को बेचने के लिए यह कहानी गढ़ी थी। अब न्यूयॉर्क की एक संघीय अपील अदालत ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ 733 करोड़ रुपये मानहानि के जूरी के फैसले को खारिज करने से इन्कार कर दिया। मैनहट्टन स्थित द्वितीय अमेरिकी सर्किट अपील न्यायालय ने ट्रम्प के इस तर्क को खारिज कर दिया कि जनवरी 2024 के फैसले को पलटना चाहिए, क्योंकि वे राष्ट्रपति पद के लिए प्रतिरक्षा के हकदार हैं। तीन न्यायाधीशों की सर्वसम्मत समिति ने अहस्ताक्षरित निर्णय में कहा कि मामले का रिकार्ड जिला न्यायालय के इस निर्णय का समर्थन करता है। कोर्ट ने कहा कि ट्रम्प के आचरण की निंदनीयता का स्तर उल्लेखनीय रूप से उच्च और संभवत: अभूतपूर्व था। मई 2023 में एक अलग जूरी ने ट्रम्प को कैरोल के प्रति यौन शोषण और मानहानि का दोषी पाया था, लेकिन दुष्कर्म का नहीं और उन्हें 50 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया था। अपील अदालत ने जून में उस फैसले को बरकरार रखा था। एक अन्य अहम मामले में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सख्त आव्रजन ख्रष्टिकोण का समर्थन किया है। इसके तहत आप्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। अमेरिकी शीर्ष अदालत ने सुरक्षा एजेंसियों को दक्षिणी कैलिफोर्निया में लोगों को नस्ल या भाषा के आधार पर निर्वासित करने के लिए छापे मारने की अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने यह फैसला 6.3 की बहुमत से सुनाया। तीन उदारवादी जजों ने सार्वजनिक रूप से निर्णय पर असहमति जताई।

### इजरायल ने गाजा में लोगों को शहर खाली करने का दिया आदेश

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने मंगलवार को गाजा शहर में एक बड़े हमले से पहले शहर खाली करने का आदेश दिया और यह चेतावनी भी दी कि जो लोग बचे हैं उन्हें गंभीर खतरा है। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने एक्स पर लिखा कि सेना इस क्षेत्र में पूरी ताकत से कार्रवाई करेगी। लगभग 10 लाख निवासियों से दक्षिण में अल-मवासी की ओर जाने का आग्रह किया गया है जिसे इजरायल ने मानवीय क्षेत्र घोषित किया है। अद्राई ने कहा कि शहर में रहना बेहद खतरनाक है। इजरायल ने यह आदेश हमास द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से पेश किए गए नए गाजा युद्धविराम प्रस्ताव के बाद बातचीत शुरू करने के लिए तैयार होने की घोषणा के एक दिन बाद दिया है।

# राजशाही के अंत के बाद बदले सियासी हालात

## पिछले सत्रह सालों से राजनीतिक अस्थिरता और अनिश्चितता से ही जूझता रहा है नेपाल

■ नेपाल में बाहरी ताकतों की दखलंदाजी के कारण भी अस्थिरता का माहौल बनता रहा है

**नई दिल्ली।** भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिमालई देश नेपाल में राजशाही समाप्त होने के बाद से पिछले सत्रह वर्षों में राजनीतिक अस्थिरता और अशांति का दौर रहा है और इस अल्पावधि में देश में दस से भी अधिक बार सरकारें बदली हैं।

दो बड़े देशों चीन और भारत से घिरे नेपाल की राजनीति और विदेश नीति इन दोनों देशों के साथ उसके संबंधों से प्रभावित रही है और अलग-अलग सरकारों को दोनों देशों के बीच संतुलन साधने की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। नेपाल में बाहरी ताकतों की दखलंदाजी के कारण भी अस्थिरता का माहौल बनता रहा है। करीब तीन करोड़ की आबादी वाले नेपाल में एक दशक तक चले गृह युद्ध के बाद 239 वर्ष पुरानी राजशाही का अंत होने के साथ वर्ष 2008 में गणतंत्र की स्थापना हुई थी। पिछले सत्रह वर्षों में देश ने कई विरोध प्रदर्शनों के कारण बार-बार अस्थिरता और अनिश्चितता का सामना किया और औसतन हर एक-दो साल में सरकार बदलती रही। इस दौरान देश में 13 बार प्रधानमंत्री के स्तर पर सत्ता परिवर्तन हुआ। निवर्तमान प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली चार बार, पुष्प कमल दहल प्रचंड तीन बार और शेर बहादुर देउबा दो बार प्रधानमंत्री रहे। देश में राजनीतिक अस्थिरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि किसी भी प्रधानमंत्री ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया। मौजूदा घटनाक्रम इसी कड़ी का हिस्सा है। देश में लंबे समय से व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सरकार के खिलाफ लोगों का गुस्सा पहले से ही सुलग रहा था और सरकार के सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के आदेश के बाद विशेष रूप से युवाओं जिन्हें 'जेनरेशन जेड' कहा जा रहा है का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। युवा आबादी के सड़कों पर उग्र विरोध प्रदर्शन ने विद्रोह का रूप ले लिया। दो दिन के उग्र प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा। इससे पहले उनके कुछ मंत्रियों ने भी इस्तीफा दे दिया था। उग्र भीड़ ने संसद भवन तथा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के निजी आवासों पर तोड़फोड़ तथा आगजनी की। प्रदर्शन के दौरान सोमवार को पुलिस की कार्रवाई में 20 लोगों की मौत हो गई और करीब साढे तीन सौ लोग घायल हो गए। सरकार ने सोमवार को ही सोशल मीडिया पर पाबंदी हटा ली थी लेकिन इसके बावजूद प्रदर्शनकारी शांत नहीं हुए और आज फिर सड़कों पर उतर आये और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग की।

### ऑस्ट्रेलिया में महिला ने तीन लोगों को जहरीले मशरूम खिलाकर की हत्या

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया की एक महिला एरिन पैटरसन ने जहरीले मशरूम खिलाकर तीन लोगों की हत्या कर दी और चौथे को मारने की कोशिश की। कोर्ट ने उसे उम्रकैद की सजा दी है। इसमें 33 साल तक पैरोल की कोई संभावना नहीं। सुप्रीम कोर्ट में जज क्रिस्टोफर बेल ने सोमवार को यह सजा सुनाई। पैटरसन ने जुलाई 2023 में अपने पूर्व पति साइमन के माता-पिता डान और गेल पैटरसन के साथ साइमन की मौसी हीदर विल्किंसन और उनके पति इयान विल्किंसन को अपने घर पर लंच पर बुलाया। उसने जानबूझकर खाने में जहरीले मशरूम (डेथ कैप मशरूम) मिलाकर परोसा।

## अफगान में भीषण भूकंप से 49 गांवों में 5230 घर तबाह

■ 362 गांवों तक नहीं पहुंच सकी यूएन की मदद

**न्यूयार्क।** अफगानिस्तान के पहाड़ी इलाकों में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 49 गांवों में 5230 घर पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं और 672 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं।

लेकिन 441 प्रभावित गांवों में से 362 गांवों तक अभी तक राहत और बचाव टीमें पहुंच ही नहीं पाई हैं। बता दें कि, यह भूकंप 31 अगस्त को आया था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 मापी गई। अब तक कम से कम 2,200 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे-जैसे मलबे से शव निकाले जाएंगे, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि इस आपदा से लगभग पांच लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें आधे से अधिक बच्चे हैं।

इनमें कई ऐसे शरणार्थी भी शामिल हैं जिन्हें हाल ही में पाकिस्तान और ईरान से जबरन वापस भेजा गया था। यूएन की अफगानिस्तान स्थित मानवीय सहायता प्रमुख शैनन ओश्हारा ने बताया कि पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण राहत टीमों के लिए प्रभावित गांवों तक पहुंचना बेहद कठिन हो गया है।

### इजरायल ने सीरिया के शहरों पर किए कई हवाई हमले

**दमिश्क।** इजरायल के लड़ाकू विमानों ने सोमवार देर रात सीरिया के कई स्थानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि निशाने वाले क्षेत्रों में मध्य सीरिया में होम्स के बाहरी इलाके, तटीय शहर लताकिया और रेगिस्तानी शहर पल्मायरा शामिल हैं। कल देर रात शहरों में तेज धमाके सुनाई दिये, हालांकि हताहतों या क्षति के बारे में तत्काल कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। सीरिया के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन बताते हुए इस हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि यह हमला सीरिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया कि वह बार-बार होने वाले इजरायली हमलों को रोकने के लिए ठोस कदम उठायें।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्र्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108